CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

नई दिल्ली, रविवार 28 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 267 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 7 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



'धुरंधर' सबसे अधिक कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बनी — बॉलीवुड



इंग्लैंड की बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऐतिहासिक जीत ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया — खेल टाइम्स

# हवा गंभीर श्रेणी की दहलीज पर पहुंची

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में हवा की गति सुस्त और दिशा बदलने के कारण शनिवार को हवा गंभीर श्रेणी की दहलीज पर पहुंच गई। ऐसे में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 385 दर्ज किया गया। यह हवा की बेहद खराब श्रेणी है। इसमें शुक्रवार की तुलना में 53 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई।

दूसरी ओर, एनसीआर में नोएडा की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 409 दर्ज किया गया, यह हवा की गंभीर श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 404, ग्रेटर नोएडा में 395 और गुरुग्राम में 299 एक्यूआई दर्ज किया गया। इसके अलावा, फरीदाबाद की हवा सबसे साफ रही। यहां सूचकांक 249 दर्ज किया गया। यह हवा की खराब श्रेणी है।



■ नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद ने दिल्ली को प्रदूषण में छोड़ा पीछे, फरीदाबाद सबसे साफ

## यूपी के 68 जिलों में घना कोहरा

**नई दिल्ली।** हिमालय में लगातार हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। यूपी के 68 जिलों में घना कोहरा छाया है। इसके चलते 10 मीटर तक देखना भी मुश्किल हो रहा है। वहीं, मध्य प्रदेश के 31 शहरों में पारा 5 डिग्री से 8 डिग्री के बीच रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने शनिवार को यूपी के 68 जिलों में शीतलहर अलर्ट जारी किया है। इस दौरान कोहरा इतना घना होगा कि विजिबिलिटी शून्य तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक श्रीनगर में शुक्रवार रात को न्यूनतम तापमान माइनस 2.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज और सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 5.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, बिहार के कई शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया।




## संक्षिप्त समाचार

### सहारनपुर में पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, चार लोगों की मौके पर मौत

**सहारनपुर-ब्यूरो।** बेहट में शाकंभरी रोड पर धर्म सिंह जगदीश सिंह महाविद्यालय के सामने मोड़ पर पेड़ से कार टकरा गई। इसमें दो सगे भाइयों समेत चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें से तीन की पहचान की जा चुकी है, जबकि एक की पहचान करने में पुलिस लगी है। शनिवार को चिलकाना के गांव तिडफवा निवासी विजय अपने भाई डा. मनीष व दो अन्य साथियों के साथ बेहट की तरफ जा रहे थे। शाकंभरी रोड पर धर्म जगदीश सिंह महाविद्यालय के सामने घूम पर पहले कार अनियंत्रित होकर लोहे के एंगल से टकराई। उसके बाद सड़क किनारे पेड़ में जा लगी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में विजय, डा. मनीष निवासी तिडफवा थाना चिलकाना, जितेंद्र निवासी महमूदपुर तिवाई थाना गागलहेड़ी की मौत हो गई। चौथे मृत व्यक्ति की जेब से रामू हलवाई लिखी पर्ची मिली है। पुलिस उसकी पहचान करने में जुटी हुई है। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई थी। जिसने भी यह हादसा देखा, वह सिहर उठा।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने 45 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने देशभर में उपभोक्ताओं की शिकायतों के प्रभावी, समयबद्ध और मुकदमेबाजी से पहले निवारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए आठ महीनों में 31 क्षेत्रों में 45 करोड़ रुपये की राशि उपभोक्ताओं को वापस दिलवाई है। ई-कॉमर्स क्षेत्र में सबसे अधिक 32 करोड़ रुपये और यात्रा तथा पर्यटन क्षेत्र में साढ़े तीन करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई गई है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि हेल्पलाइन ने इस वर्ष 25 अप्रैल से 26 दिसम्बर तक आठ महीने की अवधि के दौरान 31 क्षेत्रों में राशि वापस दिलवाने के दावों से संबंधित 67,265 उपभोक्ता शिकायतों का समाधान करते हुए 45 करोड़ रुपये की राशि के वापस दिलवाई है। ई -कॉमर्स क्षेत्र में शिकायतों और वापस दिलवाई गई राशि सबसे अधिक दर्ज की गई जिसमें 39,965 शिकायतों के परिणामस्वरूप 32 करोड़ रुपये की राशि वापस दिलवाई गई।

# देशव्यापी मनरेगा बचाओ अभियान चलाएगी कांग्रेस

## खड़गे व राहुल गांधी ने सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद किया ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) को खत्म करने के खिलाफ देशभर में अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पांच जनवरी से पूरे देश में मनरेगा बचाओ अभियान शुरू करेगी। वहीं, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी खड़गे की तरह ही अपील की है।

कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद खड़गे ने बताया कि इस बैठक में कांग्रेस नेताओं ने मनरेगा को बचाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे पर जनता के बीच जाएगी और सरकार के फैसले का विरोध करेगी। खड़गे ने कहा कि मनरेगा केवल एक योजना नहीं है, बल्कि यह संविधान की ओर से दिया गया काम करने का अधिकार है। इसे कमजोर या खत्म करना गरीबों और मजदूरों के अधिकारों पर सीधा हमला है। उन्होंने यह भी कहा कि मनरेगा को खत्म करने के फैसले से लोग नाराज हैं और सरकार को इसके नतीजे भुगतने पड़ेंगे। खड़गे के अनुसार, कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगी और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रखेगी। खड़गे ने कहा कि मनरेगा को खत्म किए जाने के खिलाफ देशव्यापी अभियान चलाने की जरूरत है।



### फैसला गरीबों और राज्यों के अधिकारों को कमजोर करता है: राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा को खत्म करना अधिकार पर आधारिक प्रणाली और देश के संघीय ढांचे पर सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि यह फैसला गरीबों और राज्यों के अधिकारों को कमजोर करता है। राहुल गांधी ने कहा कि मनरेगा केवल एक रोजगार योजना नहीं थी, बल्कि यह एक विकास का ढांचा था, जिसकी सराहना पूरी दुनिया में की गई थी। इस योजना ने ग्रामीण भारत को मजबूती दी और लोगों को सम्मान के साथ काम करने का अधिकार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने बिना अपने मंत्रिमंडल से सलाह लिए और बिना किसी अध्ययन के मनरेगा को एकतरफा तरीके से खत्म कर दिया।

## इंडिगो संकट: जांच पैनल ने 22 दिन में रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली।** इंडिगो में बड़े पैमाने पर फ्लाइट कैंसिलेशन की जांच करने वाले पैनल ने अपनी रिपोर्ट एविएशन रेगुलेटर डीजीसीए को सौंप दी है।

इस कमेटी को 22 दिन पहले 5 दिसम्बर को बनाया गया था। हालांकि रिपोर्ट्स में क्या लिखा है, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

■ सरकार ने गोपनीय रखी

एक रिपोर्ट के मुताबिक डीजीसीए के एक अलग सिस्टमैटिक रिव्यू यानी एक तरह की जांच में कहा गया है कि इंडिगो ने नवम्बर में अपने 307 एयरबस- विमानों के बेड़े को चलाने के लिए 4,575 पायलटों को नियुक्त किया था।

## दिल्ली में ऑपरेशन आघात 3.0 के तहत 285 लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की साउथ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट टीम ने 'ऑपरेशन आघात 3.0' के तहत शुक्रवार रात को 285 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी हेमंत तिवारी के मुताबिक इस अभियान में एक्साइज एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और जुआ अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई। इसके अलावा 504 लोगों को एहतियाती कार्रवाई के तहत पकड़ा गया और 116 बदमाश की धरपकड़ की गई है। अभियान में 10 प्रॉपर्टी ऑफेंडर और 5 ऑटो लिफ्टर भी गिरफ्तार किए गए। पुलिस ने 21 सीएमपी, 20 जिंदा कारतूस और 27 चाकू बरामद किए।

# सेना के फायरिंग अभ्यास में बम विस्फोट, चार जवान घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सडोली कदीम/बेहट (सहारनपुर)।** सेना के फायरिंग अभ्यास के दौरान बम विस्फोट हो गया। हादसे में सेना के 4 जवान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से बटालियन में हड़कंप मच गया।

सेना के आला अफसर घायलों को आनन-फानन में बेहट सीएचसी ले गए, जहां उनकी हालत को गंभीर मानते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

■ घटना से बटालियन में हड़कंप मचा

घटना थाना मिर्जापुर इलाके की शिवालिक वन प्रभाग की बड़कला रेंज की है। यहां सेना के जवानों की एक बटालियन अभ्यास के लिए आई हुई है। बताया जाता है कि शनिवार की देर शाम सैन्य अभ्यास के दौरान एक बम में विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आने से सेना के जवान दीपक, सुरेश, परवीन और पवित्र घायल हो गए।

# टाली शादी की तारीख, तो लगा दिया दुष्कर्म का आरोप, अब सजा हुई रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में बड़ा और अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने 10 साल की सजा काट रहे एक व्यक्ति की दोषसिद्धि और सजा दोनों को रद्द कर दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा कि यह मामला सहमति से बने रिश्ते का था, जिसे गलतफहमी के कारण आपराधिक रंग दे दिया गया। यह फैसला उस अपील पर आया, जिसमें आरोपी ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के अप्रैल 2024 के आदेश को चुनौती दी थी। ट्रायल कोर्ट ने आरोपी को दोषी मानते हुए 10 साल की सश्रम कारावास और 55 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने सजा निलंबन की अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद आरोपी सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जहां पूरे मामले की नए सिरे से समीक्षा हुई। पीठ ने कहा कि जब मामला सुप्रीम कोर्ट के सामने आया, तो तथ्यों को देखते हुए अदालत को यह छठी इंद्रिय से महसूस हुआ कि दोनों पक्षों को फिर से साथ लाया जा सकता है। अदालत ने आरोपी और महिला से उनके माता-पिता की मौजूदगी में बातचीत की। इसके बाद दोनों ने शादी का फैसला लिया और जुलाई 2025 में विवाह कर लिया।

■ सुप्रीम कोर्ट ने दुष्कर्म मामले में बड़ा और अहम फैसला सुनाया

## मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना

अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# दिग्विजय ने की मोदी व आडवाणी की तस्वीर की तारीफ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह शनिवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक शुरू होने से ठीक पहले अचानक चर्चा में आ गए।

कारण है उनका सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किया गया पोस्ट, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी की एक पुरानी तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में पीएम मोदी लालकृष्ण आडवाणी के पैरों के पास बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। तस्वीर साझा करते हुए कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने लिखा कि आरएसएस का एक जमीनी स्वयंसेवक और भाजपा का जमीनी कार्यकर्ता किस प्रकार नीचे बैठकर मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री बना। उन्होंने इस तस्वीर को प्रभावशाली बताते हुए इसे संगठन की ताकत बताया। हालांकि दूसरी ओर कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के बाद पार्टी सांसद दिग्विजय सिंह से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने संगठन को फिर से सक्रिय करने की बात की, तो उन्होंने इस पर अपनी सफाई दी। उन्होंने कहा कि दरअसल, मैंने पार्टी संगठन की तारीफ की थी। लोगों ने मेरी बात को गलत समझा। मैं भाजपा और आरएसएस का कट्टर विरोधी हूं। बता दें कि दिग्विजय सिंह के इस पोस्ट को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा शुरू हो गई है।

■ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने सफाई में कहा: मैं भाजपा और आरएसएस का घोर विरोधी
■ बोले- लोगों ने मेरी बातों को गलत समझा



## संक्षिप्त समाचार

### मोदी, राहुल, प्रियंका ने प्रकाश पर्व पर दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को प्रकाश पर्व पर सिखों के दसवें एवं अंतिम गुरु गोविद सिंह को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- श्री गुरु गोविद सिंह जी के पावन प्रकाश उत्सव के अवसर पर हम श्रद्धापूर्वक उन्हें नमन करते हैं। वे साहस, करुणा और बलिदान के प्रतीक हैं। दसवें सिख गुरु, श्री गुरु गोविद सिंह जी भारतीय इतिहास में उनके योगदान के लिए अत्यंत पूजनीय हैं। उनकी शिक्षाएं सत्य और न्याय के लिए खड़े होने तथा मानव गरिमा की रक्षा करने पर बल देती हैं। उन्होंने कहा कि श्री गुरु गोबिद सिंह जी ने हमेशा सेवा और निस्वार्थ कर्तव्य की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि हम उनके सामने श्रद्धा के साथ झुकते हैं। उनका जीवन हमें मानव सम्मान की रक्षा करने और धर्म के लिए खड़े होने की सीख देता है।

### आतंकवादियों के तीन मददगार पीएसए के तहत हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को प्रदेश के शोपियां जिले में आतंकवादियों के तीन मददगारों को जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। पीएसए के लिए हिरासत में लिए गए लोगों को इस अधिनियम के तहत बिना सुनवाई के दो साल तक हिरासत में रखा जा सकता है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों की पहचान ओवैस अहमद लोन, माशूक अहमद शाह और सबजार अहमद गनी के तौर पर की है, जो सभी शोपियां के रहने वाले हैं। पुलिस ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोग बार-बार राज्य की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाली गति. विधियों में शामिल पाए गए।

# बड़ी संख्या में वोटर कटने से भाजपा में मची कलह

## चुनाव में दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी बीजेपी: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को दावा किया कि उत्तर प्रदेश भाजपा में उभरा आपसी टकराव किसी कथित 'विद्रो. ही बैठक' का परिणाम नहीं, बल्कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में वोटरों के नाम कटने की सूचना से उपजा है।

यादव ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि एसआईआर में लगभग 2.89 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए जाने की सूचना पहले ही भाजपा विधायकों के बीच प्रसारित हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि इनमें से 85.90 प्रतिशत मतदाता मुख्यमंत्री के अपने समर्थक बताए जा रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा कि यदि 2.89 करोड़ का 85 प्रतिशत भी माना जाए तो यह संख्या करीब 2.45 करोड़ बैठती है, जिसका प्रभाव प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों पर औसतन लगभग 61 हजार मत प्रति सीट के रूप में पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस स्थिति में भाजपा हर सीट पर आनुपातिक रूप से भारी नुकसान में रहेगी और चुनाव में दहाई का आंकड़ा भी पार करना मुश्किल होगा। यही कारण है कि भाजपा के भीतर आरोप- प्रत्यारोप, खुले नोटिस और सार्वजनिक बयानबाजी जैसी स्थितियां सामने आ रही हैं। यादव ने कहा कि भाजपा विधायक अलग-अलग बैठकें कर यह संदेश दे रहे हैं कि सरकार, संगठन और सहयोगी दल उनकी बात नहीं सुन रहे, जिससे उनके क्षेत्रीय काम प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले होने वाले कामकाज आधारित मूल्यांकन सर्वे में ऐसे विधायक असफल साबित होंगे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा में कुछ गिने-चुने लोगों के कथित भ्रष्टाचार का खामियाजा असंतोष से विद्रोह के स्तर तक पहुंचे नेताओं को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर की प्रक्रिया ने भाजपा को उसी संकट में धकेल दिया है, जिसे उसने खुद पैदा किया है।

# यूपी में 1.75 करोड़ रुपये से जलेंगे अलाव

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ ठंड से बचाव के लिए सरकार का बड़ा प्लान, बनाए गए 1247 रैन बसेरे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पड़ रही भीषण शीतलहर और घने कोहरे को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आमजन को राहत पहुंचाने के लिए व्यापक और सुनियोजित व्यवस्थाएं की हैं। सभी जनपदों में रैन बसेरा, अलाव और कंबल वितरण की व्यवस्था को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है, ताकि ठंड से किसी भी नागरिक को असुविधा न हो।

प्रदेश सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शीतलहर के दौरान कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति ठंड से पीड़ित न रहे। जिला प्रशासन, नगर निकाय और संबंधित विभागों को पूरी संवेदनशीलता के साथ राहत कार्यों को संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि प्रदेशभर में अब तक 1247 रैन बसेरे स्थापित किए जा चुके हैं। इन रैन बसेरों में 9949 जरूरतमंद लोग अब तक आश्रय ले चुके हैं। जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि रैन बसेरों में साफ-सफाई, गर्म पानी, प्रकाश और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रदेश सरकार की ओर से कंबल वितरण को प्राथमिकता दी गई है। पिछले 03 वर्ष में औसतन 10,65,889 कंबलों की खरीद की गई है। इस पर लगभग 44.38 करोड़ रुपये की औसत धनराशि व्यय हुई है।

चालू व्यवस्था के अंतर्गत सभी जनपदों को 17.55 करोड़ रुपये की धनराशि जारी की जा चुकी है। 75 जनपदों द्वारा कंबल खरीद के लिए क्रयादेश जारी किए जा चुके हैं। इनमें से 75 जनपदों में 3,78,884 कंबलों की आपूर्ति पूर्ण हो चुकी है। अब तक सभी जनपदों द्वारा 1,40,364 कंबलों का वितरण जरूरतमंदों को किया जा चुका है, शेष कंबलों का वितरण किया जा रहा है। ठंड से बचाव के लिए सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने की भी व्यापक व्यवस्था की गई है। सभी जनपदों को अलाव जलाने के लिए 1.75 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। जनपदों में प्रतिदिन जलाए जा रहे अलावों की स्थिति की नियमित फीडिंग राहत पोर्टल पर की जा रही है, जिससे शासन स्तर पर सतत निगरानी बनी रहे। कोहरे के कारण होने वाली दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सरकार की ओर से तकनीक का भी व्यापक उपयोग किया जा रहा है। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा सचेत एप एवं वेब पोर्टल के माध्यम से अब तक 33.27 करोड़ अलर्ट एसएमएस जारी किए जा चुके हैं। ये संदेश प्रभावित जनपदों के अधिकारियों के साथ-साथ आम जनमानस को भी भेजे गए हैं। इसके अतिरिक्त संबंधित विभागों जैसे यूपीडा, एनएचएआई और पीडब्ल्यूडी द्वारा जिलाधिकारियों एवं जिला पुलिस को ई-मेल के माध्यम से कोहरे से संबंधित अलर्ट लगातार जारी किए जा रहे हैं।

## वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के सम्मेलन में बोले सीएम योगी

# कानून-व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस नीति अपनाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा भविष्य की चुनौतियों से निपटने की रणनीति तय करने के उद्देश्य से लखनऊ में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन शनिवार से शुरू हो गया। पहले दिन सम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिरकत की और प्रदेश की कानून-व्यवस्था की उच्चस्तरीय समीक्षा की।



■ सुशासन की बुनियाद मजबूत कानून-व्यवस्था पर टिकी, जनता की सुरक्षा अधिक मजबूत की जाए

मुख्यमंत्री ने बीते 7-8 वर्षों में उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा किए गए सुधारों, नवाचारों और सख्त कार्रवाई की समीक्षा की। बैठक में सुरक्षा, सुशासन और अपराध पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर व्यापक मंथन किया गया। सम्मेलन में प्रदेश में पुलिसिग को लेकर बदली हुई धारणा, कानून- व्यवस्था में आए ठोस सुधार और अपराध नियंत्रण के लिए अपनाई गई रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा हुई। वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष बीते वर्षों में लागू किए गए तकनीकी और प्रशासनिक नवाचारों की प्रस्तुति दी। बैठक का एक प्रमुख एजेंडा भविष्य की पुलिसिग के लिए स्पष्ट रोडमैप तैयार करना रहा। इसमें संगठित अपराध, साइबर क्राइम, महिला सुरक्षा, साम्प्रदायिक सौहार्द, त्वरित न्यायिक प्रक्रिया और आधुनिक तकनीक के उपयोग जैसे विषयों पर विशेष फोकस किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति को और सख्ती से लागू किया जाए तथा जनता में सुरक्षा की भावना और अधिक मजबूत की जाए। उन्होंने कहा कि सुशासन की बुनियाद मजबूत कानून-व्यवस्था पर टिकी होती है। सम्मेलन में यह भी चर्चा हुई कि वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश के सामने कानून-व्यवस्था को लेकर कौन-कौन सी चुनौतियां हैं और उनसे निपटने के लिए पुलिस को किस प्रकार खुद को और सक्षम बनाना होगा। सम्मेलन के अंत में प्रदेश में भविष्य की पुलिसिग को लेकर एक स्पष्ट और प्रभावी रोडमैप तैयार किए जाने पर सहमति बनी, जिससे उत्तर प्रदेश को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और अपराध मुक्त राज्य बनाने की दिशा में कदम और तेज किए जा सकें।

### गुरु गोबिन्द सिंह जी के प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खालसा पंथ के संस्थापक, महान संत एवं धर्मयोद्धा गुरु श्री गोबिन्द सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह जी साहस, त्याग और धर्मरक्षा की प्रतिमूर्ति थे। अन्याय और अधर्म के विरुद्ध उनका संघर्ष संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। योगी ने कहा कि गुरु गोबिन्द सिंह जी का जीवन और संदेश सत्य, निष्ठा एवं निर्भीकता के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणा देता है। उनका योगदान भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों की रक्षा में सदैव स्मरणीय रहेगा।

# पार्टी विधायकों की जातिगत बैठकों पर सख्त हुई भाजपा

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने संगठन के भीतर बढ़ती जातिगत गतिविधियों पर सख्ती दिखाते हुए अनुशासन मजबूत करने की पहल की है।

हाल के दिनों में पार्टी के भीतर अलग-अलग जातीय समूहों की बैठकों को लेकर नेतृत्व में असहजता देखी जा रही है। इसका ताजा कारण शीतकालीन सत्र के दौरान गोमतीनगर स्थित एक भाजपा विधायक के आवास पर पार्टी के 50 से अधिक ब्राह्मण विधायकों की बंद कमरे में हुई बैठक है, जिसे भोज के नाम पर आयोजित किया गया था। इस बैठक को लेकर नवनियुक्त प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कड़ा रुख अपनाया है। दरअसल अगस्त में मानसून सत्र के दौरान भाजपा के करीब 50 ठाकुर विधायकों की भी इसी तरह की बैठक हुई थी। लगातार हो रही ऐसी बैठकों को लेकर पार्टी नेतृत्व को आशंका है कि यदि इन्हें रोका नहीं गया, तो ये संगठित दबाव समूह का रूप ले सकती हैं और पार्टी की समावेशी राजनीति की छवि को नुकसान पहुंचा सकती हैं। पंकज चौधरी ने बिना किसी बैठक का नाम लिए स्पष्ट चेतावनी दी कि भविष्य में किसी भी प्रकार की जाति-आधारित बैठक को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा 'परिवार या जाति आधारित राजनी. ति' में विश्वास नहीं रखती। पंकज चौधरी ने कहा कि जो भी गतिविधि पार्टी की समावेशी विचारधारा को कमजोर करती है, उसे पार्टी संविधान के तहत अनुशासनहीनता माना जाएगा।



सेंसेक्स 85408.70
निफ्टी 26142.10



सोना रु. 138320
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 234000
प्रति किलो



# सुधारों से 2025 में आगे बढ़ी देश की अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली, वार्ता

समाप्ति की ओर अग्रसर वर्ष 2025 भारतीय अर्थव्यवस्था में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में अभूतपूर्व सुधारों का साक्षी बना और तमाम वैश्विक चुनौतियों तथा पश्चिमी सीमा पर पड़ोसी देश के साथ सैन्य टकराव के बीच लंबे समय बाद एक दुर्लभ स्थिति बनी है जहां अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण संकेतक पूरी तरह अनुकूल हैं।

इस समय दुनिया के सबसे बड़े बाजार अमेरिका में सर्वोच्च 50 प्रतिशत के आयात शुल्क का सामना कर रही भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर पिछली दो तिमा. हियों में औसतन आठ प्रतिशत के स्तर पर है। इसके साथ ही मुद्रास्फीति एक दशक के निचले स्तर पर है और रिजर्व बैंक की नीतिगत दरें भी इस साल लगातार नीचे आ रही हैं। डॉलर की तुलना में रुपये की विनिमय दर में गिरावट के बावजूद चालू खाते का घाटा सीमित है और विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के करीब मजबूत बना हुआ है। वैश्विक एजेंसियों और विश्लेषकों ने भारतीय



अर्थव्यवस्था की इस वर्तमान स्थिति का श्रेय देश में आर्थिक सुधारों में निरंतरता और राजक. ोषीय तथा मौद्रिक नीति में तालमेल को दिया है। यही कारण है कि चालू वित्त वर्ष में प्रमुख वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने विदेशी ऋणों के लिए भारत की साख में सुधार किए हैं। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के खरीद प्रबंधक सूचकांक 50 से ऊपर बने हुए हैं। दिसम्बर के पहले सप्ताह में जारी आंकड़ों के अनुसार नवम्बर में विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई 55.7 और सेवा क्षेत्र का 59.1 था। अगस्त में देश के सबसे बड़े निर्यात बाजार अमेरिका में भारतीय उत्पादों पर दो बार में कुल 50 प्रतिशत का दंडात्मक आयात शुल्क लगाने के बाद पूंजी और वित्त बाजार में गहरी चिता व्याप्त हो गई थी। इसके अलावा रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया के संकट के प्रभाव बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने जुलाई. सितम्बर तिमाही में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल की जो जनवरी-मार्च 2024 के बाद सबसे अच्छा प्रदर्शन रहा है। घरेलू अर्थव्यवस्था में गतिविधियां पिछली चार तिमाहियों से निरंतर बढ़ रही हैं। इस साल जनवरी-मार्च में जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत और अप्रैल-जून में 7.8 प्रतिशत रही थी। भारत पिछले कई वर्षों से दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना हुआ है। सरकार ने वैश्विक चुनौतियों के बीच घरेलू मांग को प्रोत्साहित करने वाले एक बड़े कदम के तहत 22 सितम्बर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में बड़ी कटौती का निर्णय लागू किया। जीएसटी परिषद ने तीन सितम्बर की बैठक में इस अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में बुनियादी सुधार करते हुए इसे चार स्लैब की जगह दो स्लैब में पुनर्गठित करने का ऐतिहासिक फैसला किया।

### रिलायंस को उम्मीद, नए साल में सुलझेगा 24.7 करोड़ डॉलर का विवाद

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने नए साल में केजी बेसिन पर सरकार के साथ 24.7 करोड़ डॉलर का विवाद सुलझने की उम्मीद जताई है। कंपनी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस विवाद अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता अंतिम चरण में है और साल 2026 में इस पर फैसला आ सकता है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के पास साल 2002 से केजी-डी6 ब्लॉक का परिचालन है। कंपनी ने तर्क दिया है कि उत्पादन साझेदारी अनुबंध के तहत गठित प्रबंधन समिति, जिसमें सरकार के दो प्रतिनिधि शामिल हैं, हर फैसले पर वीटो का अधिकार रखती है। कमेटी की पूर्व स्वीकृति के बिना न तो कोई खर्च किया जा सकता है और न ही कोई निर्णय लागू होता है। रिलायंस के नेतृत्व वाले कंसोर्टियम ने इन सभी प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन किया है और अब तक सरकार ने कंपनी पर किसी अनियमितता का आरोप भी नहीं लगाया है।

# चावल व चीनी नरम, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव घट गए जबकि गेहूं में कमोबेश टिकाव की स्थिति रही।

चीनी में भी नरमी देखी गई। वहीं दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 13 रुपये टूटकर 3,829 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,857 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहा। आटा आठ रुपये महंगा हुआ। दाल-दलहनों में चना दाल औसतन 55 रुपये और मसूर दाल 45 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल भी 35 रुपये टूट गई। मूंग दाल और उड़द दाल के दाम 10.10 रुपये



प्रति क्विंटल बढ़ गए। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल औसतन 98 रुपये और वनस्पति 76 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 28 रुपये और सोया तेल की दो रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंगफली तेल 114 रुपये और सूरजमुखी तेल दो रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 22 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। वहीं चीनी में पांच रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7766. 52 रुपये, मसूर काली 8127.93 रुपये, मूंग दाल 10106.60 रुपये, उड़द दाल 10369.04 रुपये, तुअर दाल 10540.84 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2857.44 रुपये और चावल 3828.79 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3311.30 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.70 रुपये और गुड़ 5030.04 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17769.40 रुपये, मूंगफली तेल 17734.93 रुपये, सूरजमुखी तेल 15864.06 रुपये, सोया तेल 13811.80 रुपये, पाम ऑयल 12524.07 रुपये और वनस्पति 14596.38 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

# घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नवम्बर में पहली बार डेढ़ करोड़ के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या इस साल नवम्बर में सालाना आधार पर 6.92 प्रतिशत बढ़कर एक करोड़ 52 लाख 38 हजार पर पहुंच गई। यह पहली बार है, जब किसी एक महीने में डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों ने हवाई यात्रा की है। इससे पहले अधिकतम आंकड़ा दिसम्बर 2024 में दर्ज किया गया था जब एक करोड़ 49 लाख 28 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की थी।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी से नवम्बर तक 11 महीने में कुल 15 करोड़ 26 लाख 35 हजार लोगों ने हवाई यात्रा की है। यह पिछले साल की समान अवधि से 4.26 प्रतिशत अधिक है। खास बात यह है कि नवम्बर में यह रिकॉर्ड तब बना है जब इस साल दीपावली और छठ के पर्व अक्टूबर में ही समाप्त हो चुके थे, जब अमूमन मांग काफी अधिक होती है। आंकड़ों के अनुसार भरी सीटों का अनुपात (पीएलएफ) के मामले अकासा एयर 93.8 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रही। इंडिगो 88.7 प्रतिशत के साथ दूसरे और स्पाइसजेट 87.7 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रही। एयर इंडिया समूह का पीएलएफ 87.5 प्रतिशत और इंडियावन एयर का 82. 7 प्रतिशत रहा। यात्री संख्या के मामले में नवम्बर में इंडिगो और अकासा की बाजार हिस्सेदारी घट गई, जबकि एयर इंडिया समूह (एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस) और स्पाइसजेट की बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि हुई। इंडिगो की बाजार हिस्सेदारी अक्टूबर के 65.6 प्रतिशत के कम होकर 63.6 प्रतिशत रह गई। एयर इंडिया समूह की हिस्सेदारी 26. 7 प्रतिशत, अकासा की 4.7 प्रतिशत और स्पाइसजेट की 3.7 प्रतिशत रही।

देश के छह मेट्रो शहरों दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में समय पर उड़ान भरने के मामले में अकासा एयर 72.2 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर रही। एयर इंडिया समूह की 69.1 प्रतिशत उड़ानें, इंडिगो की 69 प्रतिशत, अलायंस एयर की 59 प्रतिशत और स्पाइसजेट की 48.4 प्रतिशत समय पर रवाना हुईं। समय पर उड़ानों को रवाना करने के मामले में 86.4 प्रतिशत के साथ चेन्नई एयरपोर्ट पहले स्थान पर रहा। इसके बाद क्रमश: बेंगलुरु एयरपोर्ट से 78.6 प्रतिशत, हैदराबाद से 75.5 प्रतिशत, कोलकाता से 74.4 प्रतिशत, दिल्ली से 62.2 प्रतिशत और मुंबई से 50.1 प्रतिशत उड़ानें समय पर रवाना हुईं।

# एसडीएम का आदेश रद्द, 20 लाख का जुर्माना

## इलाहाबाद हाई कोर्ट बोला- जमीन के रिकॉर्ड में बदलाव अवैध

लखनऊ, वार्ता

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने जमीन के मालिक का नाम हटाने और निर्माण ढहाने के एक मामले में सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने मालिक को सुनवाई का अवसर दिए बिना अभिलेखों से उसका नाम हटाने और जमीन पर बने ढांचे को ध्वस्त करने पर कड़ी आपत्ति जताते हुए भूमि प्राधिकरण को फटकार लगाई है। कोर्ट ने एसडीएम द्वारा पारित आदेश रद्द कर दिया है, साथ ही जमीन का कब्जा याचिकाकर्ता को देने का आदेश दिया है। इसके अलावा कोर्ट ने सरकार पर 20 लाख रुपए का हर्जाना भी लगाया।

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि मुआवजे की यह राशि याचिकाकर्ता को दो महीने के अंदर दी जाए। यही नहीं कोर्ट ने राजस्व अधिकारियों की भूमिका



की जांच करने का भी आदेश दिया है।

कोर्ट ने कहा है कि यह जांच अपर मुख्य सचिव स्तर के अधिकारी द्वारा की जानी चाहिए। यह आदेश जस्टिस आलोक माथुर की सिंगल बेंच द्वारा सावित्री सोनकर की तरफ से दायर याचिका की सुनवाई करते हुए 19 दिसंबर को पारित किया गया। याचिकाकर्ता ने कहा था कि रायबरेली जिले के देवनंदनपुर गांव में खाता संख्या 431 बी की जमीन का स्वामित्व उसके नाम था और राजस्व रिकॉर्ड में भी उसके नाम दर्ज था। याचिकाकर्ता का कहना है कि इसके बावजूद संबंधित उपजिलाधिकारी (एसडीएम) ने बिना सुनवाई के राजस्व संहिता की धारा 38 के तहत 10 फरवरी को कार्रवाई की और रिकॉर्ड से उसका नाम हटा दिया गया। इसके साथ ही जमीन को ग्राम सभा की जमीन घोषित कर दिया गया। इस आदेश के आधार पर 24 मार्च को याचिकाकर्ता का निर्माण ढहा दिया गया और जमीन वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) विभाग को सौंप दी गइ। कोर्ट ने इस मामले पर सख्त रुख अपनाते हुए अपने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड में बदलाव अवैध और मनमाने तरीके से किया गया। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता को कोई नोटिस नहीं दिया गया और न ही उसका पक्ष सुना गया। जिसके बाद कोर्ट ने एसडीएम द्वारा पारित आदेश रद्द करते हुए इस मामले में राजस्व अधिकारियों की भूमिका की जांच करने का आदेश दिया है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन

■ लखनऊ में भाजपा कार्यकर्ता सड़क पर उतरे

**लखनऊ।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिदू समुदाय, पर कथित अत्याचार के विरोध में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने लखनऊ स्थित प्रदेश मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री यूनुस खान और कट्टरपंथी तत्वों का पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया। इस दौरान नारेबाजी करते हुए उन्होंने बांग्लादेश में हिदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे कथित उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल नेताओं और कार्यकर्ताओं का कहना था कि बांग्लादेश में हिदू समुदाय के खिलाफ लगातार हिसा और भेदभाव की खबरें सामने आ रही हैं, जो गंभीर चिता का विषय हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से इस मामले में कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप करने और बांग्लादेश सरकार पर उचित कार्रवाई का दबाव बनाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा सभी देशों की जिम्मेदारी है और भारत को पड़ोसी देश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा और पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में संपन्न हुआ। कार्यकर्ता इशरार बेग ने कहा कि यह प्रदर्शन बांग्लादेश में हिदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ है। वहां के प्रधानमंत्री यूनुस खान का पुतला फूंका जा रहा है। वहां की सरकार को जल्द ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए।

# दस किलो चांदी की चोरी के मामले में भगोड़ा गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अंतरराज्यीय बस चोर को गुरुग्राम से गिरफ्तार किया है।वह कर्नाटक में दस किलोग्राम चांदी और 3,00,000/- कैश की चोरी के मामले में वांछित था।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बताया कि 26 दिसंबर को हेड कांस्टेबल अशोक को विश्वसनीय सूचना मिली कि कर्नाटक राज्य में दर्ज बस चोरी के मामले में वांछित फरार आरोपी मोहम्मद फरमान (41) गुरुग्राम आएगा।उक्त सूचना पर एसीपी राजपाल डबास की देखरेख में इंस्पेक्टर अक्षय गहलोत के नेतृत्व मे टीम ने साथ-साथ कर्नाटक पुलिस के साथ एनएचईआई टोल, गुरुग्राम के पास अपना जाल बिछाकर वांछित मोहम्मद फरमान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरा.पी ने आंध्र प्रदेश और कर्नाटक राज्यों में बस चोरी और डकैती के कई मामलों में शामिल एक संगठित अंतर-राज्यीय आपराधिक नेटवर्क का मुख्य सदस्य होने की बात कबूल की। आरोपी पर गैंग के मुख्य रणनीतिकारों में से एक होने का आरोप है, जो ऑपरेशन की योजना बनाने, टारगेट की पहचान करने और अपराधों को अंजाम देने का निर्देश देने के लिए जिम्मेदार है।

गैंग के सदस्य नियमित रूप से आम यात्रियों या बस कर्मचारियों के रूप में पेश आते हैं, जिससे वे यात्रियों के साथ आसानी से घुल-मिल जाते हैं, जबकि कीमती सामान वाले संदिग्ध सामान की चुपके से निगरानी करते हैं। गैंग यात्रियों की आवाजाही, चढ़ने और उतरने के पैटर्न, बस कर्मचारियों के शिफ्ट के समय पर बारीकी से नजर रखता है, और दिखाई देने वाली सुरक्षा कमजोरियों की पहचान करता है। चोरी आमतौर पर सुबह 3:00 बजे से 5:00 बजे के बीच की जाती है, जब यात्री सो रहे होते हैं और निगरानी कम होती है, जिससे बिना पकड़े चोरी करना आसान हो जाता है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी मोहम्मद फरमान का लंबा और गंभीर आपराधिक इतिहास है। वह पहले उत्तर प्रदेश और कर्नाटक के पुलिस स्टेशनों में दर्ज दो आपराधिक मामलों में शामिल रहा है, जिसमें बलात्कार और डकैती की तैयारी जैसे अपराध शामिल हैं। 2022 में, आरोपी को उसके साथियों के साथ बैंगलोर सिटी पुलिस ने कर्नाटक में डकैती की तैयारी के आरोप में पकड़ा था। 2025 में, आरोपी ने 10 किलोग्राम चांदी और 3,00,000/- कैश चुराया, जिसका मामला कर्नाटक के कुंडापुरा पुलिस स्टेशन में दर्ज है।

## पार्किंग विवाद में हुई गोलीबारी एक युवक घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** करावल नगर इलाके में शुक्रवार रात पार्किंग विवाद में गोलियां चली और एक युवक प्रिंस (19) के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया । जांच में पता चला है कि दोनों पक्षों के बीच पार्किंग के अलावा पालतू कुत्ते की देखरेख को लेकर पहले से भी विवाद चल रहा था। उनके बीच पहले भी काफी झगड़ा हुआ था। उस वक्त भी मामला थाने में आया था जिसके बाद उसे सुलझा दिया गया था। लेकिन फिर शुक्रवार को गोलीबा.री के बाद एक पक्ष के आरोपी फरार हो गए। पुलिस फरार आरो.पियों की तलाश में सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही तकनीकी टीम की भी मदद ले रही है।

उत्तर पूर्वी जिला डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार रात करावल नगर पुलिस को गोलीबारी की पीसीआर कॉल मिली थी। सूचना के बाद पुलिस टीम गली संख्या छह, प्रेम विहार पहुंची। वहां पर ईस्ट नत्थू कॉलोनी निवासी प्रिंस घायल हालत में मिले। प्रिंस को तुरंत जीटीबी अस्पताल पहुंचाया गया जहां पर उनका इलाज चल रहा है। पूछताछ में पता चला कि घटनास्थल पर पार्किंग को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी। मामला बढ़ कर गोलीबारी में बदल गया। आगे की जांच की गई तो पता चला कि दोनों पक्षों में पहले भी पालतू कुत्तों को लेकर झगड़ा हुआ था। शुक्रवार को भी उसी झगड़े को लेकर पार्किंग का विवाद हुआ और दूसरे पक्ष ने गोली चला दी। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

# एटीएम को उखाड़ने के मामलों में शामिल पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कई राज्यों में एटीएम को उखाड़ने के मामलों में वांछित को मेवात से गिरफ्तार किया है।आरोपी पहले भी दस मामलों में शामिल रहा है और उसे पीओ भी घोषित किया गया था।

दिल्ली पुलिस उपायुक्त (अपराध) पंकज कुमार ने बताया कि 06.फरवरी को वजीराबाद में अपराधियों के एक समूह द्वारा एक्सिस बैंक के एटीएम को उखाड़ने के संबंध में एक शिकायत मिली थी। इस दौरान आरोपियों ने पहले एटीएम रूम के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरों पर पेंट छिड़का और उसके बाद एटीएम मशीन को उखाड़ दिया। घटना के समय एटीएम में कुल 29,12,800/- रूपये नकद थे।

इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर एसीपी उमेश बर्थवाल,की देखरेख में इंस्पेक्टर विवेक मलिक के नेतृत्व में अपराध शाखा की टीम को खुफिया जानकारी इकट्ठा करने का काम सौंपा गया।टीम ने अपराध स्थल का निरीक्षण करने के साथ साथ, मैनुअल खुफिया जानकारी इकट्ठा की और फील्ड सोर्स लगाए। शुरुआती इनपुट से टीम को पता चला कि अपराधी हरियाणा के मेवात इलाके के रहने वाले थे। इसके बाद लगातार तकनीकी निगरानी और मैनुअल खुफिया जानकारी के माध्यम से, टीम ने छह आरोपियों में से दो को मेवात के नूंह इलाके से गिरफ्तार किया है।

पुलिस पूछताछ के दौरान पता चला कि बाकी आरोपी सरगना मुबारक अली (37) के निर्देश पर काम कर रहे है। इन गिरफ्तारियों और बरामदगी के बावजूद, मास्टरमाइंड फरार था।आखिरकार 26. दिसंबर को, टीम ने आरोपी मुबारक अली / मुब्बा को मेवात इलाके से पकड़ लिया गया।

पुलिस ने बताया कि आरोपी मुबारक अली/मुब्बा अपने इलाके का एक कुख्यात अपराधी है, जो एटीएम उखाड़ने में अपनी विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है। वह पेशे से ट्रक ड्राइवर है और दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों में दर्ज दस आपराधिक मामलों में शामिल है। उसे उत्तर प्रदेश में भगोड़ा अपराधी भी घोषित किया गया था।

## भाजपा ने कांग्रेस व राहुल गांधी पर साधा निशाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के ट्वीट और कांग्रेस वर्किंग कमिटी में दिग्विजय सिंह के बयान पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्य सभा सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की बड़ी प्रसिद्ध तस्वीर है, जिसमें आडवाणी जी ऊपर कुर्सी पर बैठे हुए हैं और उस समय युवा कार्यकर्ता रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी नीचे बैठे हुए हैं। यह भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली का एक प्रतीक है कि धरातल से जुड़ा हुआ व्यक्ति किस प्रकार अपनी प्रतिभा, क्षमता और संगठन के सहयोग से शीर्ष स्तर तक पहुंचकर भारत के सबसे लोकप्रिय तथा विश्व के सबसे लोकप्रिय नेतृत्व के रूप में उभरने में सफल होता है।

## कुलजीत सिंह चहल ने की चिल्ड्रन पार्क में ट्यूलिप बल्बों के रोपण की शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली को और अधिक सुंदर, स्वच्छ और हरित बनाने के उद्देश्य से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने चिल्ड्रन पार्क,में ट्यूलिप का पहला बल्ब लगाया और एनडीएमसी के वार्षिक ट्यूलिप रोपण अभियान की शुरुआत की। चहल ने बताया कि एनडीएमसी ने 2017 में चिल्ड्रन पार्क से 17,000 ट्यूलिप बल्बों के पायलट प्रोजेक्ट से यह अभियान आगे बढ़ाया गया था।

चहल ने कहा कि ट्यूलिप फूल अपनी सुंदरता और रंग-बिरंगे स्वरूप के लिए प्रसिद्ध हैं। ये शहर की खूबसूरती बढ़ाने के साथ-साथ धूल को कम करने और पर्यावरण को बेहतर बनाने में भी मदद करते हैं। जब ट्यूलिप खिलेंगे, तो नागरिकों और पर्यटकों को एक सुखद अनुभव मिलेगा।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष एनडीएमसी नई दिल्ली के प्रमुख धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों को ट्यूलिप फूलों से सजाएगा। जहाँ जगह उपलब्ध है, वहाँ बल्ब सीधे जमीन में लगाए जा रहे हैं, जबकि जहाँ यह संभव नहीं है, वहाँ गमलों में ट्यूलिप पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्यूलिप रोपण को "एक पेड़ माँ के नाम" और "विक.सित भारत" जैसी राष्ट्रीय पहलों से भी जोड़ा गया है। फरवरी माह से ट्यूलिप के खिलने पर पूरी नई दिल्ली रंग-बिरंगी छटा से सुसज्जित होगी। चहल ने बताया कि ट्यूलिप आमतौर पर खिलने से लगभग एक सप्ताह पहले कली बनाते हैं और मौसम के अनुसार लगभग 25 दिनों तक खिले रहते हैं। उन्होंने कहा कि ट्यूलिप बल्बों को उगाने में कई चुनौतियाँ होती हैं, क्योंकि इन्हें अंकुरण के लिए कम से कम 15 दिनों तक लगभग 5 डिग्री तापमान की ठंडक की आवश्यकता होती है। इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए एनडीएमसी ने पहले से उपचारित और तैयार किए गए बल्ब मंगवाए हैं, जो बदलते मौसम में भी आसानी से पनप सकते हैं। उन्होंने बताया कि पहले ये फूल केवल राष्ट्रपति भवन में देखे जाते थे, लेकिन अब एनडीएमसी ने इन्हें सार्वजनिक क्षेत्रों में भी रोपित किया है। भारत में एनडीएमसी पहला ऐसा नगर निकाय है जिसने इन कीमती फूलों को सार्वजनिक क्षेत्र में लगाया। एचहल ने बताया कि इस वर्ष कुल 5,17,500 ट्यूलिप बल्ब खरीदे गए हैं, जिनमें से 3,25,000 बल्ब एनडीएमसी और 1,92,500 बल्ब दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के लिए हैं। एनडीएमसी के हिस्से में लगभग 2.25 लाख बल्ब शांति पथ, सेंट्रल पार्क (कनॉट प्लेस)और उपराष्ट्रपति भवन के पास राउंडअबाउट सहित विभिन्न स्थानों पर लगाए जाएंगे।

# महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के शिष्टाचार स्क्वाड ने मंगोलपुरी थाने के इलाके में महिलाओं की सुरक्षा के लिए जागरूकता और पेट्रोलिंग का अभियान चलाया। इस कार्यक्रम का फोकस जागरूकता, पुलिस की मौजूदगी और लोगों, खासकर महिलाओं और लड़कियों में विश्वास बढ़ाना था।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि स्क्वाड ने इलाके में स्टूडेंट्स और स्थानीय लोगों से बात की और युवा लड़कियों को पर्सनल सेफ्टी, अपनी सीमाओं, जिम्मेदार व्यवहार और किसी भी असहज या संदिग्ध घटना की जल्द से जल्द रिपोर्ट करने के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्हें पुलिस के पास जाने में आत्मविश्वास बढ़ाने और झिझक दूर करने पर जोर दिया गया।इस दौरान मंगोलपुरी के एम-ब्लॉक और ओ-ब्लॉक में महिला निवासियों को महिलाओं पर केंद्रित पुलिस पहलों, इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबरों और उपलब्ध सहायता तंत्रों के बारे में बताया गया। इसके साथ साथ सार्वजनिक जगहों पर सतर्क रहने और एक-दूसरे का साथ देने के महत्व पर जोर दिया गया।इसके अलावा मंगोलपुरी की रिहायशी गलियों, बाजार इलाकों और संवेदनशील जगहों पर पैदल और मोबाइल पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई ताकि पुलिस की मौजूदगी दिखे।



**बाहरी जिला पुलिस मंगोलपुरी में महिलाओं की सुरक्षा को लनेकर जागरूकता अभियान चलाते हुए।**

# दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड की मार्च में होने वाली परीक्षा पर रोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। दिल्ली अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड (डीएसएसएसबी) की मार्च महीने में होने वाली परीक्षाओं पर दिल्ली सरकार ने रोक लगा दी है। यह फैसला शिक्षा मंत्री आशीष सूद के निर्देश पर लिया गया है।

इसके साथ ही, माना जा रहा है कि सरकार अब डीएसएसएसबी परीक्षा की आयु सीमा बढ़ाने को लेकर गंभीरता से विचार कर रही है। दरअसल, दिल्ली सरकार के स्कूलों में टीजीटी (ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर) और पीजीटी (पोस्ट ग्रेजुएट टीचर) पदों पर होने वाली भर्तियां डीएसएसएसबी परीक्षा के माध्यम से प्रस्तावित हैं। इन भर्तियों को लेकर लंबे समय से अभ्यर्थी आयु सीमा में छूट की मांग कर रहे थे। इसी मांग को देखते हुए सरकार ने परीक्षा पर अस्थायी रोक लगाकर आयु सीमा से जुड़े मुद्दे की समीक्षा शुरू कर दी है।

अभ्यर्थियों का कहना है कि वर्तमान में डीएसएसएसबी परीक्षा में शामिल होने के लिए आयु सीमा काफी कम है, जिससे बड़ी संख्या में योग्य उम्मीदवार परीक्षा से बाहर हो जाते हैं। अभ्यर्थी पीजीटी पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 36 वर्ष और टीजीटी पद के लिए 32 वर्ष किए जाने की मांग कर रहे हैं। उनका तर्क है कि अन्य राज्यों और केंद्रीय भर्तियों की तुलना में दिल्ली में शिक्षकों की भर्ती के लिए आयु सीमा बेहद सख्त है।

वहीं, पीआरटी अभ्यर्थियों की ओर से भी आयु सीमा में पांच साल की अतिरिक्त छूट दिए जाने की मांग उठ रही है। फिलहाल दिल्ली में डीएसएसएसबी की परीक्षाओं में अधिकतम 30 वर्ष की आयु वाले अभ्यर्थी ही शामिल हो सकते हैं, जिसे लेकर उम्मीदवारों में लगातार नाराजगी देखी जा रही है।

शिक्षा मंत्री आशीष सूद के आदेश के बाद शिक्षा विभाग और संबंधित अधिकारी आयु सीमा बढ़ाने के प्रस्ताव पर मंथन कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, सरकार जल्द ही इस मुद्दे पर अंतिम फैसला ले सकती है।

# चोरी के वाहन यूपी व राजस्थान में बेचने वाला चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा एएटीएस ने दिल्ली- एनसीआर से चोरी कर यूपी और राजस्थान में बेचने वाले गिरोह के वाहनचोर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चोरी की चार कारें बरामद हुई है। उसकी पहचान मेरठ, यूपी निवासी 50 कमरयाब के रूप में हुई है।

शाहदरा डीसीपी प्रशांत गौतम के मुताबिक, पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने साथियों माजिद और ताजू के साथ मिलकर वाहन चोरी करता था। ये लोग चोरी की गाड़ियों की नंबर प्लेट बदलकर उन्हें दिल्ली व आसपास के इलाकों से चोरी करते और सहारनपुर, संभल, मेरठ तथा जोधपुर (राजस्थान) में बेच देते थे। आरोपी पहले भी कई मामलों में जेल जा चुका है। फिलहाल उसके गिरोह के अन्य सदस्यों का पता किया जा रहा है। पुलिस को वाहनचोरी के मामलों की जांच के दौरान 13 दिसंबर को एएटीएस को वाहनचोर गिरोह के गुर्गों के सफेद कार में ताहिरपुर चौक से एसडीएन अस्पताल, दिलशाद गार्डन की ओर आने की सूचना मिली।

पुलिस ने इसके आधार पर इहबास अस्पताल के पास योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर आरोपी कमरयाब को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से बरामद कार लिंक रोड, गाजियाबाद, यूपी से 22 सितंबर को चोरी पाई गई। बाद में उसकी निशानदेही पर चोरी की तीन और अन्य कारें भी बरामद कर ली गई।

## एक नजर

### बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग ने सलमान खान के बर्थडे पर किया ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सलमान खान द्वारा स्थापित मशहूर फैशन और लाइफस्टाइल ब्रांड बीइंग ह्यूमन इस बार उनका जन्मदिन बिल्कुल सलमानस्टाइल में मना रहा है यानी पूरी एनर्जी, प्यार और ढेर सारी मस्ती के साथ। इस खुशी के मौके पर ब्रांड ने अपने ग्राहकों के लिए एक स्पेशल बर्थडे सेल शुरू की है। यह सिर्फ कपड़ों की सेल नहीं है, बल्कि एक मजेदार कैंपेन भी है, जिसमें आपको बेहतरीन फैशन के साथ-साथ कई सरप्राइज और जश्न का माहौल देखने को मिलेगा। इस अवसर पर बीइंग ह्यूमन क्लोदिंग के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, आयान अग्निहोत्री ने कहा, सलमान मामू हमेशा लोगों के जीवन में खुशियाँ और प्रेरणा भरते हैं। हमारा नया कैंपेन 'केक फेक, बर्थडे फॉर रियल' उन्हें समर्पित हमारा एक सम्मान है।

### क्रिफ हाई मार्क-सिडबी रिपोर्ट का दूसरा संस्करण जारी

**नई दिल्ली।** क्रिफ हाई मार्क और सिडबी ने क्रिफ- सिडबी स्मॉल बिजनेस स्पॉटलाइट रिपोर्ट (दिसंबर 2025) का दूसरा संस्करण जारी किया है। क्रिफ हाई मार्क के चेयरमैन और क्रिफ इंडिया व दक्षिण एशिया के क्षेत्रीय प्रबंध निदेशक सचिन सेठ ने कहा, एकल स्वामित्व वाले कारोबार भारत के छोटे कारोबारों के कर्ज ढाँचे की रीढ़ बने हुए हैं और सितंबर 2025 तक ये कुल उधारकर्ताओं का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा रखते हैं। साथ ही, वे उधारकर्ता जिनकी व्यक्तिगत और कारोबारख़्दोनों स्तरों पर कर्ज मौजूद है, कुल कर्ज में लगातार बढ़ता योगदान दे रहे हैं।

### मेहर चंद महाजन की136वीं जयंती मनाई



**नई दिल्ली।** हंसराज स्मारक सोसाइटी स्कूल के सभागार में भारत के तीसरे मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मेहर चंद महाजन जी की 136वीं जयंती बड़े ही उत्साह व श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाई गई। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत हवन के साथ हुआ। यह कार्यक्रम केंद्रीय महाजन मित्र मंडल व् हंसराज स्मारक सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया । इस मौके पर जस्टिस मेहरचंद महाजन के बेटे और कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबोध महाजन ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला ।और कुछ ऐसी बाते साझा की जिसके बारे में लोगों को पता ही नहीं था। सोसाइटी के अध्यक्ष श्री अरुण महाजन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जस्टिस मेहरचंद जी के जीवन पर प्रकाश डाला। वही संयोजकसंजीव महाजन ने न्यायमूर्ति मेहर चंद महाजन के न्यायिक योगदान एवं आदर्शों पर प्रकाश डाला। एडवोकेट प्रदीप महाजन का कहना है कि उनके न्यायिक विजन को ही अपनाना उनको एक सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस कार्यक्रम में डॉ. वेद व्यास महाजन, राम लुभाया,प्रोफेसर अश्वनी महाजन,कपिल महाजन, प्रधान सुरेश महाजन,महा मंत्री संजीव गुप्ता,विश्व गौरव महाजन,पवन महाजन, योगेश महाजन , रमन महाजन, मनदीप महाजन आदि उपस्थित रहे। सभी आंगतुकों ने जस्टिस मेहरचंद महाजन की प्रतिमा पर अपनी पुष्पांजलि अर्पित की और सह भोज का आनंद लिया।

### दुकानों को निशाना बनाने वाला सेंधमार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के गांधी नगर इलाके में दुकानों और मकानों के बंद शटर तोड़कर सेंधमारी करने वाले एक शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर चोरी में इस्तेमाल की गई स्कूटी और वारदात के औजार भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के मुताबिक आरोपी खास तौर पर रात 8 से 11 बजे के बीच बंद दुकानों को निशाना बनाता था और कुछ ही मिनटों में गल्ले और अलमारियों से नकदी साफ कर देता था।

पुलिस ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी से दिल्ली के अलग अलग थानों में दर्ज 9 मामलों का खुलासा हुआ है। डीसीपी शाहदरा प्रशांत गौतम के मुताबिक सुरजमल विहार निवासी दुकानदार रोहित दूआ ने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगली सुबह जब दुकान पहुंचे तो शटर का ताला टूटा मिला और भीतर से नकद 53 हजार रुपये, दो शेरवानी और एक मोबाइल फोन गायब थे। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।



**नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल चिल्ड्रन पार्क,में ट्यूलिप का बल्ब लगाते हुए।**

# छात्रों को कैंसर के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** एक स्वस्थ समाज के निर्माण की प्रतिबद्धता और बेहतर कल की परिकल्पना के साथ, दिल्ली स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट अपने जनसंपर्क कार्यक्रम 'पंखष के माध्यम से स्कूली बच्चों में कैंसर के प्रति जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम शुरू किया हुआ है। एक वर्ष पूर्व शुरू की गई इस पहल के अंतर्गत अब तक दिल्ली के एक दर्जन से अधिक सरकारी स्कूलों में हजारों छात्रों को शिक्षित किया जा चुका है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को कैंसर के बारे में सही जानकारी देना है स विशेष रूप से इसके रोकथाम, प्रारंभिक पहचान और स्वस्थ जीवनशैली पर केंद्रित करते हुए। इसकी परिकल्पना डॉ. पंकज त्यागी, एसोसिएट प्रोफेसर (गैस्ट्रोएंटरोलॉजी) डीएससीआई



द्वारा की गई थी। कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर सुश्री रंजना कुमारी (पीआर एक्जीक्यूटिव डीएससीआई) द्वारा किया जाता है, जो स्कूलों से समन्वय स्थापित करती हैं और वरिष्ठ फैकल्टी व डॉक्टरों के साथ मिलकर सत्रों का सुचारु संच.ालन सुनिश्चित करती हैं। इस पहल पर बोलते हुए डॉ. विनोद कुमार (निदेशक डीएससीआई) ने कहा "यह एक अभिनव पहल है जिसमें अस्पताल स्कूलों तक पहुंचकर हमारे देश के लिए एक स्वस्थ, समझदार और उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित कर रहा है। कार्यक्रम के मार्गदर्शक डॉ. पंकज त्यागी ने कहा हमने एक सफल शुरुआत की है और अपने विस्तार के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य हर महीने दो से तीन स्कूलों को जागरूक करना है। जागरूकता पैदा करना और सतर्कता को प्रोत्साहित करना कैंसर के जोखिम को कम करने और उसकी शीघ्र पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# वेतन-पेंशन को लेकर पूर्व सैनिकों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली**। दाभोल पावर प्रोजेक्ट/एनटीपीसी और रत्नागिरी गैस एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े 96 पूर्व सैनिक शनिवार को लोधी रोड स्थित स्कोप कॉम्प्लेक्स में एनटीपीसी भवन के बाहर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। पूर्व सैनिक पिछले 24 वर्षों से लंबित वेतन और पेंशन बकाया के तत्काल समाधान की मांग कर रहे हैं और उनका कहना है कि लगातार टालमटोल के चलते उनका सब्र जवाब दे रहा है।

यह प्रदर्शन 26 दिसंबर को प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित प्रेस वार्ता के एक दिन बाद हुआ, जहां पूर्व सैनिकों ने मामले से जुड़े दस्तावेज सार्वजनिक किए थे और कहा था कि संवैधानिक, कानूनी और संस्थागत सभी रास्ते अपनाने के बावजूद अब तक कोई ठोस परिणाम नहीं निकला है। प्रदर्शन स्थल पर मीडिया से बात.चीत में पूर्व सैनिकों ने कहा कि दशकों की देरी ने उन्हेंख़्जो अब उम्रदराज हो चुके हैं-गंभीर आर्थिक संकट में डाल दिया है, जिससे इलाज, भोजन और आवास जैसी बुनियादी जरूरतें प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि बकाया भुगतान न होना केवल व्यक्तियों का नहीं, बल्कि 96 परिवारों के सम्मान और भविष्य का सवाल बन चुका है और यह एक गंभीर प्रणालीगत विफलता को दर्शाता है। 4 वर्षों से लंबित दावों ने उन्हें निर्णायक जवाबदेही की मांग के लिए मजबूर किया है। उन्होंने सरकार और एनटीपीसी प्रबंधन से आग्रह किया कि आश्वस्त बैठक के माध्यम से उनके लंबे समय से लंबित बकाया का ठोस और समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए।



# महिलाओं को दिया गया 'उज्ज्वला' का उपहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली**। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के पात्र महिलाओं को नि:शुल्क गैस कनेक्शन वितरित किए। आज 5100 पात्र महिलाओं को सिलेंडर व पूरा उज्ज्वला सेट दिया गया। दिल्ली सरकार की यह पहल नारी सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज, दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री मनजिंदर सिंह सिरसा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना केवल गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर मां-बहन के जीवन में सम्मान, स्वास्थ्य और स्वच्छता का उजाला फैलाने वाला एक सशक्त अभियान है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 में शुरू की गई इस योजना के तहत अब तक देशभर में 10 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ मिल चुका है। दिल्ली में भी अब तक लगभग 2.6 लाख परिवार इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। आज 5,100 बहनों को उज्ज्वला कनेक्शन प्रदान कर उनके जीवन को अधिक सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्ज्वला योजना महिलाओं के चेहरे पर सुकून और आत्मसम्मान की चमक लेकर आती है। दिल्ली सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सरकार का उद्देश्य है कि प्रत्येक पात्र बहन तक उज्ज्वला योजना का लाभ पहुंचे और उनका जीवन अधिक सुरक्षित व स्वस्थ बने।

मुख्यमंत्री ने बताया कि उज्ज्वला कनेक्शनों के वितरण से दिल्ली सरकार के प्रदूषण नियंत्रण मिशन को दोहरा लाभ प्राप्त हो रहा है। एक ओर, लकड़ी और कोयले से जलने वाले पारंपरिक चूल्हों के धुएं से होने वाली बीमारियों से माताओं और बहनों को राहत मिलेगी, जिससे उनके स्वास्थ्य की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होगी। वहीं स्वच्छ ईंधन के उपयोग से घरेलू प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी आएगी, जो दिल्ली को प्रदूषण-मुक्त बनाने के लक्ष्य को और सशक्त करेगा।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# अपराधियों पर सख्त शिकंजा, तेज न्याय से बढ़ा जनता का भरोसा

■ **इस अभियान के तहत हत्या, दहेज हत्या बलात्कार, पॉक्सो एक्ट, लूट, डकैती गैंगस्टर, एनडीपीएस और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता पर लिया गया।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** शहर में अपराध नियंत्रण और न्याय व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में ऑपरेशन कन्विक्शन एक प्रभावशाली और भरोसेमंद पहल के रूप में सामने आया है।

पुलिस आयुक्त जे. रविंदर गौड के निर्देशन में गठित विशेष कन्विक्शन सेल का उद्देश्य केवल अपराधियों की गिरफ्तारी तक सीमित न रहकर, उन्हें न्यायालय से समयबद्ध और कठोर सजा दिलाना है, ताकि पीड़ितों को वास्तविक न्याय मिल सके और समाज में कानून का भय स्थापित हो।

इस अभियान के तहत हत्या, दहेज हत्या, बलात्कार, पॉक्सो एक्ट, लूट, डकैती, गैंगस्टर, एनडीपीएस और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों को प्राथमिकता पर लिया गया।

वर्षों से लंबित मामलों की गहन समीक्षा कर उन्हें तेजी से आगे बढ़ाया गया। विवेचना को निष्पक्ष और मजबूत बनाने के



लिए वैज्ञानिक तरीकों और डिजिटल साक्ष्य प्रबंधन प्रणाली का सहारा लिया गया, जिससे अदालत में साक्ष्य प्रस्तुतिकरण और भी प्रभावी हो सका।

अभियोजन अधिकारियों के साथ नियमित समन्वय बैठकें आयोजित की गईं, ताकि हर मामले की प्रगति पर नजर रखी जा सके। इसका परिणाम यह रहा कि अगस्त 2025 से दिसंबर 2025 के बीच ऑपरेशन कन्विक्शन के अंतर्गत 394 मामलों में 441 अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। इनमें कई अपराधियों को आजीवन कारावास और अनेक को दस वर्ष या उससे अधिक की कठोर सजा सुनाई गई।

हत्या, पॉक्सो और दहेज हत्या जैसे संगीन मामलों में अदालतों के सख्त फैसलों ने समाज में स्पष्ट संदेश दिया कि अपराध करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

ऑपरेशन कन्विक्शन की सफलता से पीड़ितों का न्याय प्रणाली पर विश्वास मजबूत हुआ है। महिलाओं और बच्चों से जुड़े अपराधों में तेज कार्रवाई ने सुरक्षा की भावना को और सुदृढ़ किया है। वहीं, अपराधियों को समय पर सजा मिलने से समाज में डर और अपराध पर अंकुश लगाने का असर साफ दिखाई दे रहा है।

गाजियाबाद पुलिस का मानना है कि स्थायी कानून-व्यवस्था केवल सतर्क पुलिसिंग से नहीं, बल्कि दोषियों को सजा दिलाकर ही सुनिश्चित की जा सकती है। ऑपरेशन कन्विक्शन के माध्यम से पुलिस ने यह साबित कर दिया है कि न्याय केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि परिणाम होना चाहिए।

## कूड़ा उठाने का शुल्क वसूलने में निगम प्रदेश में तीसरे स्थान पर

**गाजियाबाद।** सर्विस चार्ज देने में लखनऊ निगम पहले स्थान पर मेरठ 1.49 करोड़ वसूली के साथ 11वें नंबर पर है गाजियाबाद। मेरठ, मुख्य संवाददाता शहर के घरों से कूड़ा उठाने का शुल्क वसूलने में गाजियाबाद नगर निगम प्रदेश में तीसरे स्थान पर है। नगर निगम ने 6.98 करोड़ की वसूली की है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन का सर्विस चार्ज देने में लखनऊ निगम पहले स्थान पर है, जबकि मेरठ 1.49 करोड़ वसूली के साथ 11वें नंबर पर है। कूड़ा शुल्क वसूली में कमी होने पर शासन ने रिपोर्ट जारी कर नाराजगी जताई है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के बदले सर्विस चार्ज वसूली में लखनऊ नगर निगम प्रदेश में पहले स्थान पर है। कानपुर दूसरे और गाजियाबाद निगम तीसरे स्थान पर है। प्रमुख सचिव स्तर पर निगमों की समीक्षा में पाया गया कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में मेरठ, आगरा, मुरादाबाद, अयोध्या, सहारनपुर जैसे निगमों की स्थिति अच्छी नहीं है। प्रमुख सचिव ने अप्रैल से नवंबर तक की वसूली की समीक्षा के आधार पर पाया कि लखनऊ निगम ने 19.57 करोड़ रुपये यूजर चार्ज के तौर पर वसूली कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। कानपुर ने 10.13 करोड़ की वसूली कर दूसरा और गाजियाबाद ने 6.98 करोड़ की वसूली कर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वाराणसी चौथे, अलीगढ़ पांचवें, गोरखपुर छठे, बरेली सातवें, झांसी आठवें, प्रयागराज नौवें और मथुरा निगम 10वें स्थान पर हैं।

## अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने किए कंबल वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के मेरठ मंडल प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष संदीप बंसल के कार्यालय पर डीसीपी नगर सिटी जोन आई पी एस धवल जायसवाल एवं जिलाध्यक्ष संदीप बंसल के द्वारा कड़कती सर्दी में गर्म कंबल निर्धन असहाय, गरीबों को 600 कंबल वितरण किया गया। कंबल वितरण सहयोग करने में व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारीयों ने कंबल वितरण करने में अपना सहयोग दिया। इस अवसर पर संदीप बंसल, संजय बिंदल, दीपक गर्ग, अनमोल बंसल प्रेम प्रकाश चीनी, हर्ष बंसल, चेतन शर्मा, राजेश बंसल, अमन सिसोदिया, दुष्यन्त गुप्ता, विनोद अग्रवाल, संजय गुप्ता, अरुण मित्तल, अनिल गर्ग, मोहित गुप्ता, राजेंद्र कुमार, श्रीपाल यादव, राकेश अग्रवाल, सोनू सैनी, महेंद्र गौतम, मुकेश प्रजापति, मूलचंद गर्ग, अनिल गुप्ता, नितिन मित्तल, राजीव सोनी, अरुण गुप्ता, पारस सचदेवा, प्रदीप कंसल मोहित कंसल संजीव अरोड़ा, तरुण शर्मा आदि अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

## डीजेजेएस द्वारा आयोजित वाऊ विंटर कैंप का भव्य समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के सामाजिक प्रकल्प "मंथन - संपूर्ण विकास केन्द्र" के अंतर्गत, पटेल नगर शाखा द्वारा 6 से 12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए आयोजित तीन दिवसीय वाऊ विंटर कैंप का तृतीय एवं अंतिम दिवस अत्यंत उत्साह, ऊर्जा एवं प्रेरणादायक गतिविधियों के साथ सम्पन्न हुआ। इस दिवस का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक, मानसिक, सांस्कृतिक एवं नैतिक विकास को सुदृढ़ करना रहा।

दिवस का शुभारम्भ बच्चों द्वारा प्रार्थना, योगाभ्यास एवं व्यायाम से हुआ, जिससे उनमें अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। नैतिक शिक्षा को व्यवहारिक रूप देने हेतु "रील वर्सेस रियल हीरोज" विषय पर संवाद कराया गया, जिससे बच्चों ने वास्तविक जीवन के आदर्श नायकों के महत्व को समझा।

आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक बोध को




प्रगाढ़ करने के लिए मनुस्मृति से श्लोक 'अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः। चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम्।।' अर्थ सहित कराया गया, जिसने बच्चों को कर्तव्य, अनुशासन एवं सदाचार की प्रेरणा दी। इसके उपरान्त बच्चों ने भारतीय परिधान में हमारे क्रांतिकारियों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर देशभक्ति एवं भारतीय संस्कृति के प्रति गर्व का भाव प्रकट किया।

शिविर में मनोरंजन एवं सीख का सुंदर समन्वय देखने को मिला, जहाँ बच्चों ने Squid Game, Rapid Fire Round, नृत्य, एवं वीडियो प्रस्तुति जैसी गति. विधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

ध्यान सत्र के माध्यम से बच्चों को एकाग्रता एवं आंतरिक शांति का अनुभव कराया गया। समापन सत्र में सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जिससे उनका उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा।

कार्यक्रम का भावपूर्ण समापन राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण "वंदे मातरम्" के सामूहिक गान के साथ हुआ। वाऊ विंटर कैंप का यह तृतीय दिवस बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक, संस्कारयुक्त एवं अविस्मरणीय रहा, जिसने उनके व्यक्तित्व निर्माण की दिशा में एक सशक्त कदम स्थापित किया।

## डीपीएस मोदीनगर में अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में प्रोजेक्ट MATE (माइंड एक्टिवेशन F: एजुकेशन) के अंतर्गत एक सार्थक अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य एवं मना. सामाजिक कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अभिभावकों और विद्यालय के बीच सहयोग को सुदृढ़ बनाना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. (डॉ.) नंद कुमार, प्रोफेसर, मनोरोग विभाग, एम्स नई दिल्ली, डॉ. दीपिका दहिमा, वैज्ञानिक, मनोरोग विभाग, एम्स नई दिल्ली तथा प्रियंका टंडन, प्रोग्राम स्ट्रैटेजिस्ट, प्रोजेक्ट MATE (दिल्ली एनसीआर) की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ विक्रम गांधी और विद्यालय की ट्रस्टी अनीशा गांधी भी उपस्थित रहीं विशेषज्ञों ने अपने सत्रों में किशोरावस्था के दौरान




भावनात्मक संतुलन बनाए रखने, आत्म-नियमन कौशल विकसित करने, तनाव प्रबंधन तथा समय रहते मानसिक एवं भावनात्मक चुनौतियों की पहचान और उनके प्रभावी समाधान पर उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया।

इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विक्रम गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में शैक्षणिक विकास के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है और ऐसे कार्यक्रम बच्चों को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय की ट्रस्टी अनीशा गांधी ने अभिभावकों से संवाद करते हुए कहा कि जब अभिभावक और विद्यालय मिलकर कार्य करते हैं, तभी बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव रखी जा सकती है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति सिरोही ने अपने वक्तव्य में कहा कि डीपीएस में केवल अकादमिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के भावनात्मक और मानसिक कल्याण को भी समान महत्व दिया जाता है तथा प्रोजेक्ट MATE इसी दृष्टिकोण का सशक्त उदाहरण है। कार्यक्रम का समापन विद्यालय के हेडमास्टर अंकित गालयान के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

उन्होंने सभी विशेषज्ञ सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम अभिभावकों को जागरूक करने के साथ-साथ विद्यालय और परिवार के बीच सहयोग को और अधिक मजबूत करेगा। कार्यक्रम सकारात्मक ऊर्जा और उपयोगी सीख के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## चौधरी जयंत सिंह का 47वां जन्मदिन मनाया गया हर्ष उल्लास से



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्र सरकार में कौशल और शिक्षा मंत्री चौधरी जयंत सिंह का 47 वा जन्मदिन पूरे हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। पार्टी कार्यालय पर बर्थडे केक काटकर पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं के द्वारा खुशी का इजहार किया गया। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) सदस्य (उत्तर प्रदेश) अर्बन कमेटी राष्ट्रीय लोकदल ने पार्टी के कुछ साथियों के साथ फल वितरित करके जन्मदिवस की खुशी अनाथ आश्रम के बच्चों के साथ खुशी को बांटा शंभू दयाल वैदिक सन्यास आश्रम दयानंद नगर में चौधरी जयंत सिंह को जो विरासत में मिला है उस विरासत को सभी जाति सभी धर्म के लोगों को साथ लेकर पार्टी को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं देश का युवा चौधरी जयंत के अंदर अपना भविष्य देख रहा है।

देश के किसान को भी लग रहा है कि हमारे पास कोई ऐसा शख्स है जो देश की बड़ी पंचायत में जाकर हमारी बात को रख सकता है और मनवा सकता है। अनाथ आश्रम में फल वितरित करते समय उपस्थित लोगों में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंदरजीत सिंह टीटू (अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ) (सदस्य) उत्तर प्रदेश अर्बन कमेटी राष्ट्रीय लोकदल के अलावा अमित त्यागी पूर्व जिलाध्यक्ष सदस्य जिला पंचायत विजय कौशिक राष्ट्रीय महासचिव खेल प्रकोष्ठ विवेक शर्मा करण शर्मा तुषार कौशिक दिनेश शर्मा संजीव अरोड़ा जितेन्द्र भादोली प्रदीप त्यागी ओ डी त्यागी शिवम शर्मा निशांत शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## चार साहिबजादों के शहीदी सप्ताह पर पंजाबी संगठन ने लगाया लंगर

### चेयरमैन ने भी की लंगर में सेवा



■ **सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने चार साहिब. जादों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज को सत्य, साहस और धर्म की रक्षा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** चार साहिबजादों के शहीदी सप्ताह के पावन अवसर पर, उनके अद्वितीय त्याग, साहस एवं बलिदान की स्मृति में आज प्रातः अग्रसेन पार्क, गो. विंदपुरी में पंजाबी संगठन मोदीनगर एवं महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर के संयुक्त तत्वावधान में चाय प्रसाद लंगर सेवा का आयोजन श्रद्धा एवं सेवा भाव के साथ किया गया।

पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर व महिला संगठन की अध्यक्ष शालिनी नय्यर ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों के महान बलिदान से अवगत कराना एवं उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संदेश देना रहा। प्रातः 7 बजे से प्रारंभ हुए इस लंगर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की।

इस अवसर पर मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैश्याली भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने स्वयं चाय प्रसाद का वितरण कर सेवा कार्य में भाग लिया और चार साहिबजादों के बलिदान को नमन किया।

कार्यक्रम में पंजाबी संगठान मोदीनगर की ओर से अध्यक्ष अजय ग्रोवर सहित संजय नैयर, संजीव गुलाटी, विवेक भाटिया, राहुल बारी, डॉ. गौरव भाटिया, अजय मेहदीरत्ता, संजय बब्बर, बॉबी चौधरी एवं एन.के. ग्रोवर उपस्थित रहे।

वहीं महिला पंजाबी संगठन मोदीनगर की ओर से अध्यक्ष डॉ. शालिनी नैयर के साथ हर्षिता चौधरी, अंजलि सचदेवा, गीता मोहन अरोड़ा, डॉ. विप्रा भाटिया, कोमल शर्मा, विशाखा मित्र,रोजी आनंद, प्रवीन आनंद एवं नीता गुप्ता ने सक्रिय भूमिका निभाई।

सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने चार साहिबजादों के बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज को सत्य, साहस और धर्म की रक्षा के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा। कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं श्रद्धा भाव के साथ संपन्न हुआ।

## दुर्गा टावर, अंसल बिल्डिंग, देविका टावर में अवैध अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आरडीसी वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में बैठक का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि नगर निगम के उप महापौर प्रवीण चौधरी रहे। इस अवसर पर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान ने आरडीसी में फैल रही अतिक्रमण बीमारी को अवगत कराया की सभी बिल्डिंग वासियों को गाड़ी खड़ी करने की जगह नहीं मिल पाती क्योंकि दुर्गा टावर, देविका टावर, अंसल बिल्डिंग की चौड़ी चौड़ी सड़कों पर कार मिस्त्रियों एवं कार डीलर्स का अवैध कब्जा है, और पार्किंग स्थल पर कार सेल परचेज वालों का अवैध कब्जा है। कार मिस्त्री इन बिल्डिंगों की सड़कों पर ही कार सही करते रहते हैं जिसके कारण आवागमन व जाम की



स्थिति पैदा होती है और इन बिल्डिंगों के चारों तरफ बड़ी-बड़ी पार्किंग होने के बावजूद सभी ऑफिस वालों को सड़क पर गाड़ी खड़ी करनी पड़ती है क्योंकि इन पार्किंग में कार सेल परचेज वालों ने अवैध कब्जे कर रखे हैं। जिसके कारण पूरे आरडीसी में हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। यहां पर कार मिस्त्री और सेल परचेज वाले 2000 से 3000 रुपये किराये पर दुकान लेते हैं और एक-एक दुकान वाला 30, 40 गाड़ियां इन पार्किंग में सेल के लिये खड़ी कर लेता है जिसके कारण हजारों ऑफिस वालों को गाड़ी खड़ी करने की जगह नहीं मिल पाती। मजबूरी में गाड़ी ऐसे लगानी पड़ती है कि जाम की स्थिति बनी रहती है आरडीसी में। कार मिस्त्रियों से सड़कों पर अवैध कब्जे और इन पार्किंग में जो कार सेल परचेज वालों ने अवैध कब्जे कर रखे हैं उनसे खाली करा कर आरडीसी को जाम मुक्त करवाने उचित कदम उठाने होंगे नगर निगम के उप महापौर प्रवीण चौधरी ने आश्वासन देते हुए कहा कि नगर निगम की ओर से यहां किसी प्रकार की भी गंदगी नहीं होने देंगे चाहे वह अतिक्रमण की गंदगी हो चाहे वह अवैध पार्किंग की हो हम ऐसा नहीं होने देंगे बहुत ही जल्द आरडीसी पार्क का सौंदर्यकरण किया जाएगा। इस अवसर पर आलोक सिसोदिया, राहुल शर्मा, बिंदल, संजीव राणा, पंकज शाह, मनोज नगर, जितेंद्र सिंह, के.के गौर, अजय शर्मा, सुरजीत सोलंकी, हर्ष शर्मा, आलोक गुप्ता, नवीन कुमार, राज. ेश कुमार आनंद सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## क्रिसमस डे के अवसर पर विशाल वर्मा ने किए कंबल वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विजयनगर के बागू में क्रिसमस डे के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा के विधायक प्रत्याशी विशाल वर्मा उपस्थित रहे उनके द्वारा कार्यक्रम में गरीब विधवा महिलाओं को कंबल का वितरण किये गए।

# पत्रकार अपूर्वा चौधरी को मिला अटल तिरंगा सम्मान

■ **अपूर्वा चौधरी को यह सम्मान भाजपा सांसद मनोज तिवारी और चिदानंद स्वामी ने प्रदान किया।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती पर राष्ट्रवादी संगठन 'सैल्यूट तिरंगा' द्वारा आयोजित भव्य 'अटल तिरंगा सम्मान-2025' समारोह में साहसी और निर्भीक पत्रकार अपूर्वा चौधरी को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में संपन्न हुआ, जहां देश भर से विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 30 विशिष्ट व्यक्तियों



को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया गया।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपूर्वा चौधरी को यह सम्मान भाजपा सांसद मनोज तिवारी और चिदानंद स्वामी ने प्रदान किया। सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय अपूर्वा स्वास्थ्य शि. विर, महिला सशक्तिकरण और युवा संवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित करती रही हैं।

उन्होंने फिल्म 'वनवास' के विशेष शो के माध्यम से नैतिक जागरूकता फैलाई तथा बढ़ते प्रदूषण और निठारी बाल नरसंहार मामले में आरोपियों के बरी होने के बाद इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। इस सम्मान से अपूर्वा चौधरी ने कहा कि यह उनके लिए प्रेरणा है और वे राष्ट्रहित एवं सामाजिक न्याय के लिए अपनी कलम की लड़ाई जारी रखेंगी।

समारोह में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में पत्रकार पंकज शर्मा, पंकज तोमर, ब्रिजेश श्रीवास्तव, सुमन मिश्रा, दीपमाला, संजीव तेवतिया, देव वर्मा, शान प्रधान, विकास कुमार, शमीमुद्दीन, सतीश कुमार, राजीव कुमार, ललित चौधरी सहित दर्जनों पत्रकार साथी पहुंचे थे सभी ने अपूर्वा चौधरी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# दुकानों व घरों के बंद शटर तोड़कर मिनटों में नकदी चुराने में माहिर चोर गिरफ्तार

**पुलिस ने आरोपी से अपराध में इस्तेमाल किए गए औजार व एक स्कूटी बरामद की।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस के गांधी नगर थाने के स्टाफ ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से अपराध में इस्तेमाल किए गए औजार, (छेनी और हथौड़ा) और एक स्कूटी बरामद की है। आरोपी पहले बारह मामलो में शामिल रहा है।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 9 मामलो को सुलझा लिया है। आरोपी दुकानों और घरों के बंद शटर तोड़कर कुछ ही मिनटों में गल्ले और अलमारियों से नकदी चुराने में माहिर था। दिल्ली के शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि एक व्यक्ति ने बताया गया है कि 16 दिसंबर को रात लगभग 09:30 बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया अगली सुबह वह दुकान पर आया जहाँ उसने देखा कि शटर के नीचे का ताला टूटा हुआ था और शटर खुला हुआ था, जब उन्होंने दुकान के अंदर जाँच की, तो दुकान में रखे 53,000/- रुपये और शेरवानी के दो पीस और एक वनप्लस मोबाइल गायब थे।

इसके बाद गांधी नगर थाने के तहत मामला दर्ज कर एसएचओ गांधी नगर के नेतृत्व मे टीम ने जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने अपराध स्थल के सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर विकसित की। इस दौरान एक कैमरे में स्कूटी का धुंधला नंबर दिखाई दिया। बाद में, सभी कैमरों से अलग-अलग अंकों को मिलाकर, पूरा नंबर स्पष्ट रूप से पहचान लिया गया।पुलिस ने स्कूटी का विवरण समीर मिर्जा (38) के नाम पर पाया गया। इसके बाद टीम ने ह्यूमन और टेक्निकल इंटेलिजेंस की मदद से आरोपी समीर मिर्जा को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने उसके पास से अपराध में इस्तेमाल किए गए औजार, (छेनी और हथौड़ा) और एक स्कूटी बरामद की है।पुलिस ने बताया कि आरोपी समीर पहले बारह मामलो में शामिल रहा है।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर 9 मामलो को सुलझा लिया है।आरोपी दुकानों और घरों के बंद शटर तोड़कर कुछ ही मिनटों में गल्ले और अलमारियों से नकदी चुराने में माहिर था। वह रात 8 बजे से 11 बजे के बीच चोरी करता था।

# मुख्यमंत्री ने अटल गार्डन का किया शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र में नजफगढ़ नाले के किनारे विकसित किए जाने वाले अटल गार्डन का शिलान्यास किया। घनी आबादी के बीच आकार लेता यह गार्डन शहर की सांसों में हरियाली घोलेगा, प्रदूषण के बोझ को हल्का करेगा और नागरिकों को अत्याधुनिक जन सुविधाओं के साथ सुरक्षित, स्वच्छ और सुव्यवस्थित सार्वजनिक स्थान प्रदान करेगा। गार्डन में एम्फीथिएटर का निर्माण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तम नगर विधानसभा के लिए अटल गार्डन एक 'लाइफलाइन' के रूप में विकसित होगा। गार्डन में पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 12 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी और यहां पर देसी प्रजातियों के पेड़ लगाए जाएंगे, जो पर्यावरण के अनुकूल होंगे। यह परियोजना सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही है। इस अवसर पर सांसद कमलजीत सहरावत, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, विधायक पवन शर्मा, श्याम शर्मा, संदीप सहरावत, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। यह पार्क क्षेत्र के लाखों निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधा के रूप में विकसित होगा।



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि घनी आबादी वाले क्षेत्रों में ऐसे बड़े, सुव्यवस्थित और बहुउद्देशीय सार्वजनिक स्थलों की अत्यंत आवश्यकता है, जहां परिवार, बच्चे, युवा और बुजुर्ग एक साथ समय बिता सकें, सुकून के पल पा सकें और स्वस्थ जीवनशैली को अपना सकें। उन्होंने कहा कि यह गार्डन क्षेत्र के लिए 'लाइफलाइन' बनेगा, जहां बच्चों के लिए झूले, युवाओं के लिए ओपन जिम, बुजुर्गों के लिए बैठने की व्यवस्था तथा सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए मंच उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री ने बताया कि नजफगढ़ नाले के निरीक्षण के दौरान इस पार्क की योजना बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि नजफगढ़ नाला यमुना नदी में गिरने वाले सबसे बड़े नालों में से एक है। पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान जल एवं सीवरेज व्यवस्थाओं की उपेक्षा के कारण इस नाले की स्थिति लगातार खराब होती चली गई, जिसे देखते हुए वर्तमान सरकार ने नजफगढ़ नाले के समग्र उपचार और सुधार का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उसी दिन मौके पर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर इस क्षेत्र में एक बड़े, सुंदर और उपयोगी पार्क के निर्माण तथा नाले के दोनों ओर सड़क निर्माण का निर्णय लिया गया। यह सड़क कई क्षेत्रों को जोड़ने का एक प्रमुख माध्यम बनेगी। इसके अतिरिक्त, उत्तम नगर से द्वारका मोड़ तक मेट्रो स्टेशन के नीचे सेंट्रल वर्ज का भी काम शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अटल गार्डन का निर्माण समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए और इसे जल्द से जल्द लोगों की अपेक्षाओं से भी अधिक सुंदर एवं उपयोगी रूप में तैयार कर जनता को समर्पित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार का उद्देश्य शासन का सुख भोगना नहीं, बल्कि जनता की सेवा करना है। इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने बताया कि पिछले वर्षों में उत्तम नगर में पूर्ववर्ती सरकार द्वारा कोई महत्वपूर्ण विकास कार्य नहीं किया गया। उपलब्ध भूमि पर लगातार अतिक्रमण होता रहा, जबकि स्थानीय नागरिक लंबे समय से एक सुविकसित सार्वजनिक पार्क की मांग कर रहे थे। वर्तमान सरकार ने इस परियोजना की शुरुआत की है और कार्य तेजी से प्रगति पर है।

# ड्रग्स के साथ महिला गिरतार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस के सुल्तानपुरी थाने के सतर्क पेट्रोलिंग स्टाफ ने ड्रग्स के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उसके पास से 09.14 ग्राम हेरोइन, 4,200/- और 12 सिरिंज, 12 सुई, 12 शीशियां और 12 ब्यूप्रेनॉर्फिन टैबलेट बरामद की है।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि 25 दिसंबर को सुल्तानपुरी थाने की पेट्रोल टीम इलाके में रूटीन पेट्रोलिंग कर रही थी।

पेट्रोलिंग के दौरान, टीम डी-2 ब्लॉक, रेन बसेरा पार्क के पास, नांगलोई-सुल्तानपुरी रोड, पहुंची, जहां उन्होंने एक संदिग्ध महिला को भीड़ से घिरा हुआ देखा, जिसके हाथ में एक सफेद रंग का पॉलिथीन बैग था। पुलिस की मौजूदगी का पता चलते ही भीड़ तुरंत तितर-बितर हो गई,और सफेद रंग का पॉलिथीन बैग ले जा रही महिला ने भी भागने की कोशिश की, लेकिन सतर्क टीम ने तेजी से उसका पीछा कर पकड़ लिया।

पुलिस द्वारा पॉलिथीन बैग की जाँच करने पर, कुछ संदिग्ध पदार्थों वाले कुल 06 छोटे पाउच बरामद हुए। फील्ड-टेस्टिंग किट से जाँच करने पर, वजन करने पर, यह प्रतिबंधित पदार्थ 09.14 ग्राम हेरोइन पाया गया। उसकी तलाशी लेने पर, घ्4,200/- बरामद हुए, जो हेरोइन की बिक्री से मिले थे।इसके बाद सुल्तानपुरी थाने के तहत मामला दर्ज कर महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सुल्तानपुरी स्थित उसके घर से कुल 12 सिरिंज, 12 सुई, 12 शीशियाँ और 12 ब्यूप्रेनॉर्फिन टैबलेट बरामद हुए है।



विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता दिल्ली नगर निगम विद्यालय में स्मार्ट कक्षा का उद्घाटन करते हुए।

# विजेंद्र गुप्ता ने निगम विद्यालय में किया स्मार्ट कक्षाओं का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** "स्मार्ट कक्षाएं केवल तकनीक तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह हमारे बच्चों की प्रतिभा को निखारने और सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था में अभिभावकों का विश्वास पुनः स्थापित करने का माध्यम हैं" यह बात दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी सेक्टरख्8 स्थित दिल्ली नगर निगम विद्यालय में नवनिर्मित स्मार्ट कक्षाओं का उद्घाटन करते हुए कही।

यह पहल दिल्ली नगर निगम द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक शिक्षण वातावरण और नगर निगम विद्यालयों में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के प्रति सतत प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उद्घाटन समारोह में दिल्ली नगर निगम में नेता सदन प्रवेश वाही, शिक्षा समिति के अध्यक्ष योगेश वर्मा, निगम के वरिष्ठ अधिकारी, विद्यालय की प्रधानाचार्या, शिक्षकगण, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के प्रतिनिधि, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

सभा को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नगर निगम विद्यालयों के पुनरुत्थान की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व में नगर निगम द्वारा लगभग 2,000 विद्यालय संचालित किए जाते थे, जिनमें करीब 9 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत थे, जबकि वर्तमान में विद्यालयों की संख्या घटकर लगभग 1,500 रह गई है और छात्र संख्या लगभग 6.58 लाख रह गई है। उन्होंने कहा, "आंकड़ों पर बहस करने के बजाय हमें वर्तमान वास्तविकता और हमारे बच्चों के भविष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। ये बच्चे प्रतिभाशाली, सक्षम और संभावनाओं से भरे हैं। विद्यालयों के स्तर को ऊंचा उठाकर उनकी प्रतिभा को निखारना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।" अध्यक्ष ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों में भी निजी विद्यालयों की बढ़ती प्राथमिकता पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे सरकारी शिक्षा व्यवस्था में घटते विश्वास का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा का बढ़ता व्यावसायीकरण इस स्थिति का प्रमुख कारण है।

# गोवा अग्निकांड के बाद दिल्ली की एजेंसियों ने नहीं ली कोई सीख

**दिल्ली पुलिस ने कहा-जश्न मनाते वक्त रखे कुछ सावधानी, जिससे टल सके अनहोनी**

**सफदर अली**

**नई दिल्ली।** नये साल को लेकर दिल्ली पुलिस समेत अन्य सुरक्षा एजेसिंयों ने अपना प्लान बना लिया है। जश्न मनेगा तो सुरक्षा घेरे में,उल्लघंन करने पर जश्न किसी नजदीक के थाने में भी मन सकता है। जश्न की तैयारी को लेकर क्लब रेस्तरां पब व अन्य पार्टी वेन्यू के आयोजकों ने भी ग्राहकों को लुभाने के लिये कई लुभावने ऑफर की तैयारी भी कर ली है। मगर यहां पर एक ही सवाल लोग कर हैं कि गोवा अग्निकांड के बाद दिल्ली में एक फायर विभाग से एक रिपोर्ट आई थी। जिसमें दिल्ली के चार से पांच हजार क्लबों व होटलों में से 90 होटल क्लबों को छोड़ दिया जाए तो किसी ने भी फायर की एनओसी नहीं ले रखी थी। ऐसी जगहों की थाना पुलिस पर भी सवाल खड़े हुए थे। मगर कहीं पर भी कोई कार्यवाई नहीं हुई। ऐसे में नये साल पर जब इन जगहों पर जश्न लोग मना रहे होगें और कोई अनहोनी हो जाती है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा। क्योंकि इन क्लबों में शराब भी जरूरत से ज्यादा होगी। जो आग को और ज्यादा भीषण बनाने में मदद करती हैं। ऐसे मामले में बेशक दिल्ली पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पार्टी वेन्यू सुरक्षा को लेकर इस बार किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगा। मामले में हौज खास, मोती बाग, साकेत, वसंत कुंज, ग्रेटर कैलाश और कनॉट प्लेस से सटे इलाकों में स्थित बड़े रेस्तरां और क्लबों ने सुरक्षा के नियम और सख्त कर दिए हैं। कई जगहों पर पहले से ही एडवांस बुकिंग बंद कर दी गई है, ताकि क्षमता से ज्यादा भीड़ न हो। 31 की रात को आने वाली भीड़ को काबू करने के लिये प्राइवेट बाउंसरों की भी मदद ली जा रही है। जहां पर सीसीटीवी कैमरे खराब हैं वहां पर उनको सही करवाया जा रहा है। जिससे जश्न की पूरी पिक्चर कैद हो सके। मामले में कनॉट प्लेस, हौजखास, मुखर्जी नगर और पीतमपुरा के प्राईवेट क्लब चलाने वाले मैनेजर आदि ने बताया कि भीड़ पर काबू करना यहीं सबसे मुश्किल काम होता है। युवा वर्ग जश्न में कोई खलल नहीं चाहता है। ऐसे में परेशानी यह भी आती है कि ग्रुप के साथ उनके अन्य साथी भी बिना बुकिंग के एंट्री चाहते हैं। हालत बिगड़े नहीं इसके लिये क्लब में लोगों की संख्या की लिमिट रख दी है। जिससे जश्न में खलल न पड़े और उनको संभालने में भी कोई कठिनाई न हो। ऐसे में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिलास्तर पर क्लब रेस्टोरेंट मालिक व मैनेजरों के साथ मीटिंग करके उनको सख्त निर्देश भी दिये हैं।

अधिकारियों का कहना है कि जश्न मनाने वाले लोगों को भी ऐसे में अलर्ट रहना होगा और जश्न को सावधानी बरतें। दिल्ली पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दिल्ली के लोग नये साल का वेलकम पूरी रात म्यूजिक, डांस, ड्रिंक्स और सेलिब्रेशन के साथ जश्न मनाकर करते हैं। लेकिन कई बार जोश-जोश में की गई छोटी-छोटी लापरवाही बड़ी दुर्घटनाओं का कारण बन सकती है। जरूरत से ज्यादा शराब पीना, शराब पीकर गाड़ी चलाना या सेहत से जुड़े जरूरी एहतियात को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। ऐसे में एंजॉयमेंट के साथ-साथ खुद की और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

न्यू ईयर पार्टी से पहले अपनी सेहत, सुरक्षा और प्लानिंग पर ध्यान देना जरूरी है। सबसे पहले पार्टी से जुड़ी जरूरी जानकारी जैसे एंट्री टाइम, पास या टिकट पहले ही कन्फर्म कर लें, ताकि आखिरी वक्त में भागदौड़ से बच सकें। साथ ही यह भी पहले ही तय कर लें कि पार्टी में कितनी देर रुकना है। मौसम के हिसाब से कपड़े और जूते चुनें, जिसमें लंबे समय तक सहज महसूस कर सकें। इसके अलावा खाने-पीने को लेकर पहले से थोड़ी सावधानी रखें। खाली पेट पार्टी में जाना या बहुत हैवी डाइट लेकर निकलना, दोनों ही परेशानी बढ़ा सकते हैं। कुल मिलाकर सही प्लानिंग, संयम और सतर्कता जरूरी है। न्यू ईयर पार्टी के दौरान सबसे ज्यादा जोखिम आने-जाने के समय होता है, इसलिए इस पर खास ध्यान देना जरूरी है। घर से निकलते वक्त और लौटते समय जल्दबाजी या लापरवाही से बचें। इसके अलावा कुछ और बातों का ध्यान रखें। जैसेकि- सुनिश्चित करें कि आपका फोन पूरी तरह चार्ज हो ताकि जरूरत पडने पर संपर्क कर सकें। पार्टी में जाने से पहले ही तय कर लें कि किसके साथ जाएंगे/आएंगे या कौन सा साधन (टैक्सी, कैब, अपनी गाड़ी) इस्तेमाल करेंगे। अगर टैक्सी या कैब का इस्तेमाल कर रहे हैं तो किसी भरोसेमंद व्यक्ति को उसकी डिटेल्स भेज दें। किसी भी तरह की ड्रिंक लेते समय अपनी लिमिट समझें और संयम बरतें। अगर आप ड्रिंक नहीं करते तो दोस्तों की सुरक्षा का ध्यान रखें।

# दिल्ली के सभी विधानसभा में होगे 'अटल स्मृति' सम्मेलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने घोषणा की है की 28 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 के मध्य दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में ष्अटल स्मृति सम्मेलनष आयोजित किए जा रहे हैं।

इस सम्मेलन श्रृंखला का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने विगत 25 दिसम्बर को कस्तूरबा नगर विधानसभा के सम्मेलन को प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद बाँसुरी स्वराज एवं विधायक नीरज बसोया आदि की उपस्थिती में सम्बोधित कर किया था। अब पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक स्तर के पदधिकारी एवं नेता शेष 69 विधानसभा स्तर के सम्मेलनों को सम्बोधित करेंगे। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा भाजपा अपने सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है और इन सिद्धांतों के निर्माण एवं पोषण में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्री अटल बिहारी की प्रबल भूमिका रही है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है की बदलते समय के साथ पार्टी में नये नये कार्यकर्ता जुड़ते रहते हैं और ऐसे सभी कार्यकर्ताओं को अटल जी के जीवन के विभिन्न प्रसंगों से अवगत करा कर उनमे संगठात्मक चरित्र निर्मित करने के उद्देश्य से इन 'अटल स्मृति सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है।

# 30 को 'वंदे मातृशक्ति महोत्सव' का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के डॉ. आंबेडकर इंटरनॅशनल सेंटर, जनपथ, नई दिल्ली में श्री गणेश सेवा मंडल दिल्ली, लक्ष्मीनगर एवं रूपामाता फाउंडेशन धाराशिव के द्वारा 30 दिसंबर 2025 को 'वंदे मातृशक्ति दीन' महोत्सव के रूप में मनाई जाएगी द्ढ वंदे मातृशक्ति माता पूजन दिवस 2025 देश में मातृभूमि प्रेम, मातृसंस्कार और मातृत्व की गौरवशाली परंपरा का उत्सव मनाने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।




इस दिन मातृत्व के तेजस्वी मूल्यों का गौरव बढाने के लिय देशभर की महान माताओं को एक ही मंच पर आमंत्रित करने का प्रयत्न इस कार्यक्रम के माध्यम से किया गया है। इस कार्यक्रम का संयोजक श्री गणेश सेवा मंडल दिल्ली के संस्थापक अध्यक्ष श्री महेन्द्र लड्डा, रूपामाता फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष व्यंकट विश्वनाथ गुंड पाटिल एवं शास्त्रज्ञ एव स्किल बुक जनक डॉ. किरण झरकर हैं। अड व्यंकट गुंड पाटीलजी ने कार्यक्रम कि संकल्पना, समन्वय और निर्मिती मे महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के सह आयोजक एवं श्री गणेश सेवा मंडल दिल्ली , लक्ष्मीनगर के संस्थापक अध्यक्ष श्री महेंद्र लड्डाजी ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस भव्य कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली की अध्यक्षा विजया रहाटकर करेंगी।

# मुख्यमंत्री ने पीतमपुरा में अटल कैंटीन का उद्घाटन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राजधानी के दो अलग-अलग क्षेत्रों शालीमार बाग और पीतमपुरा में अटल कैंटीन का उद्घाटन किया।

इन अटल कैंटीनों में मात्र 5 रुपये की दर पर जरूरतमंद लोगों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना को लेकर अनेक सामाजिक संगठनों ने रुचि व्यक्त की है।

सरकार उनके लिए भी शीघ्र एक विशेष योजना लेकर आएगी, ताकि कोई भी गरीब और जरूरतमंद व्यक्ति भूखा न रहे।इस अवसर पर सांसद प्रवीण खंडेलवाल, निगम पार्षद अनिता जैन सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक और



लाभार्थी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल श्रद्धेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के विचारों से प्रेरित है, जिनका उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना था। उन्होंने कहा कि अटल कैंटीन केवल भोजनालय नहीं हैं, बल्कि दिल्ली के निर्माण और संचालन में जुटे मेहनतकश भाइयों-बहनों के प्रति सरकार की ओर से सम्मान और सहारा देने की एक संवेदनशील पहल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि कई सामाजिक संगठनों ने अटल कैंटीन की सराहना की है और इस जन कल्याणकारी पहल से जुड़ने की इच्छा जताई है।

उन्होंने कहा कि ऐसे संगठनों का सरकार आभार व्यक्त करती है और उनके सहयोग से इस योजना का विस्तार किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंदों को सस्ता और पौष्टिक भोजन उपलब्ध हो सके।मुख्यमंत्री ने पहले शालीमार बाग में केला गोदाम रोड के समीप स्थित अटल कैंटीन का उद्घाटन किया। उन्होंने स्वयं कैंटीन में भोजन किया और भोजन की गुणवत्ता तथा पौष्टिकता की सराहना की। इसके पश्चात पीतमपुरा के जीपी ब्लॉक, सेवा बस्ती में अटल कैंटीन का भी शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि इस कैंटीन परिसर को एक व्यापक जनसेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा, जहां आयुष्मान आरोग्य मंदिर, स्वच्छ शौचालय तथा शुद्ध पेयजल हेतु आरओ प्लांट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।पीतमपुरा में उद्घाटन के दौरान एक भावनात्मक और हृदयस्पर्शी क्षण तब देखने को मिला, जब मुख्यमंत्री ने स्वयं आगे बढ़कर उपस्थित वृद्ध महिलाओं की थाली में भोजन परोसा। इस दौरान उन्हें मिला स्नेह और आशीर्वाद मुख्यमंत्री को भावुक कर गया।

उन्होंने कहा कि यहां आए लोगों से संवाद कर यह विश्वास और मजबूत हुआ है कि सरकार की यह पहल सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

# मंत्री आशीष सूद ने सुनीं लोगों की शिकायतें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के द्वारा हर सप्ताहांत पर प्रदेश कार्यालय पर आम नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं हल करने के लिए एक कैम्प लगाया जाता है जिसमें दिल्ली सरकार का कोई ना कोई मंत्री आ कर लोगों की समस्याओं को सुन कर समाधान का प्रयास करते हैं।

इसी श्रृंखला में दिल्ली के शिक्षा एवं पावर मंत्री आशीष सूद ने कैम्प लगाया और 47 आम नागरिकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं और उनमें से कुछ के लिए तुरंत सम्बंधित अधिकारी को फोन कर काम करके उनके सरकारी कार्यालय को सूचित करने का निर्देश दिया तो अनेक अन्य मामलों में पत्र जारी कर सम्बंधित अधिकारी को त्वरित कार्रवाई कर के अथवा जो भी जवाब



है वह एक सप्ताह में उनके कार्यालय को सूचित करने का निर्देश दिया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के निर्देश पर मार्च 2025 के पहले सप्ताह से ही हर शनिवार को पार्टी का ष्सहयोग प्रकोष्ठष यह कैम्प प्रदेश कार्यालय में आयोजित करता है। सहयोग प्रकोष्ठ संयोजक श्री गुलशन विरमानी के अनुसार गत 10 माह में लगभग 2500 से अधिक लोग अपनी छोटी बड़ी समस्याओं का निवारण पा चुके हैं।

# दिल्ली स्टेट पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

**नई दिल्ली।** दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ दिल्ली ने आज जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, लोधी रोड, नई दिल्ली में तीसरी सीनियर और दूसरी जूनियर और सब-जूनियर दिल्ली स्टेट पैरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन किया। इस एक दिवसीय राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न जिलों का प्रतिनिधित्व करने वाले 110 पैरा-एथलीटों ने भाग लिया। पैरालंपिक कमेटी ऑफ इंडिया से संबद्ध और दिल्ली सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त क्व्है। ने दिल्ली में पैरा पावरलिफ्टिंग के लिए प्रतिस्पर्धी माहौल को मजबूत करने और उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं से पहले



एथलीटों को संरचित अनुभव प्रदान करने के लिए इस चैंपियनशिप का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अरविंद मेनन (मुख्य अतिथि) और दिल्ली पुलिस के विशेष आयुक्त देवेश श्रीवास्तव, प्ध्है की उपस्थिति में किया गया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. अरविंद मेनन ने कहा, खेल अनुशासन, दोहराव और दृढ़ता पर आधारित है।

# गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों को स्मरण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भाजपा शाहदरा जिला द्वारा अटल भवन विज्ञानलोक में इतिहास की सबसे निर्भीक शहादत वीर बाल दिवस के अवसर पर दशम गुरु साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों ख्र बाबा जोरावर सिंह जी (9 वर्ष) एवं बाबा फतेह सिंह जी (7 वर्ष) ख्र के अद्वितीय साहस, अटूट आस्था और धर्म की रक्षा हेतु दिए गए सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। मुगल अत्याचार के सामने झुकने से इंकार करते हुए, इन बाल वीरों ने मानव इतिहास में साहस और बलिदान की अनुपम मिसाल प्रस्तुत की। इस अवसर पर भारत सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने वर्ष 2021 में 26 दिसम्बर को ष्वीर बाल दिवसष के रूप में घोषित कर साहिबजादों के बलिदान को राष्ट्रीय और




वैश्विक पहचान दिलाई। यह निर्णय भारत की युवा पीढ़ी को साहस, धर्मनिष्ठा, न्याय और आत्मसम्मान के मूल्यों से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व का भव्य राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजन। सिख गुरुओं और परंपराओं को स्कूली शिक्षा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रोत्साहन। इस कार्यक्रम में भारत सरकार में केन्द्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा, भाजपा दिल्ली प्रदेश मंत्री सरदार बलबीर सिंह, भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा, जिला प्रभारी ड्रॉ अनिल गुप्ता, भाजपा शाहदरा जिला प्रवक्ता ऐडवोकेट भारत गौड़, निगम पार्षद बहन प्रीति, दशमेश पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य सरिता सक्सेना, बहन रविंदर कौर, सिंहनी ऋचा कौर, कार्यक्रम संयोजक पूनम अरोड़ा, सरदार चरणपाल सिंह, परमजीत कौर सहित सैकड़ों की संख्या में सिख समाज उपस्थित रहा और प्रसाद के रूप में गर्म दुध का लंगर भी लगाया।

# रिटायर्ड फौजी पर जानलेवा हमला

## मंदिर जाते समय अज्ञात बदमाशों ने मारी गोली, हालत गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव श्यामपुर जट्ट में शनिवार तड़के उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मंदिर जा रहे एक रिटायर्ड फौजी को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। हमले में रिटायर्ड फौजी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए मेरठ रेफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह लगभग पौने छह बजे गांव निवासी कर्मवीर सिंह, पुत्र ओमपाल, रोज की तरह घर से मंदिर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह गांव से कुछ दूरी पर पहुंचे, तभी एक कार में सवार बदमाशों ने उन पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। हमलावरों ने लगातार तीन राउंड



गोली चलाई, जिसमें एक गोली कर्मवीर सिंह को जा लगी। गोली लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े और बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप मच गया। परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया।

हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वर्तमान में उनका इलाज मेरठ के न्यूट्रीमा अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल के पुत्र सागर ने बताया कि उनके पिता करीब 20 वर्ष पूर्व सेना से रिटायर्ड हुए थे और शांत स्वभाव के व्यक्ति हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस हमले के पीछे पुरानी रंजिश है। सागर के अनुसार, फायरिंग में प्रधान पति सहित तीन से चार लोग शामिल हो सकते हैं, जिनसे परिवार का पहले से विवाद चल रहा है। सूचना मिलने पर थाना बाबूगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच की। पुलिस ने मौके से खाली कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस हमलावरों की पहचान और वारदात के खुलासे के लिए आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाली जा रही है। साथ ही आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की कई टीमें गठित कर दी गई हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप ने बताया कि घायल की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की गहनता से की जा रही है और प्रथम दृष्टया घटना के पीछे पुरानी रंजिश सामने आ रही है। बताया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ली पिता की जान, बेटा गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना धौलाना क्षेत्र में धौलाना मार्ग पर शनिवार सुबह एक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव कंदोला निवासी 50 वर्षीय प्रेमपाल शनिवार की सुबह अपने बेटे मनीष कुमार के साथ बाइक से गांव खेड़ा से ड्यूटी कर अपने गांव वापस लौट रहे थे। जैसे ही वे धौलाना मार्ग पर सुमित्रा फैक्ट्री के पीछे पहुंचे, तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना धौलाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्रेमपाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि उसके बेटे मनीष



कुमार का इलाज अस्पताल में जारी है। हादसे की खबर मिलते ही परि. जनों में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि पुलिस ने मृतक प्रेमपाल के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल मनीष कुमार का उपचार जारी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि ट्रैक्टर चालक की पहचान की जा सके। पुलिस ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के विरोध में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व हिंदू रक्षा संगठन के आहवान पर शनिवार को बाबूगढ़ कस्बे में बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हो रही हिंसक घटनाओं के विरोध में जोरदार लेकिन शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया गया। संगठन के कार्यकर्ताओं ने हालिया हत्याओं और अत्याचारों पर चिंता जताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

थाना बाबूगढ़ से शुरू हुआ यह विरोध मार्च कस्बे के विभिन्न हिस्सों से होकर गुजरा। प्रदर्शनकारियों ने बैनर और तख्तियां लेकर शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया। वक्ताओं ने कहा कि पड़ोसी देश में हिंदू समाज भय के साए में जीने को मजबूर है और




वहां की सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। प्रदर्शन के दौरान संगठन के नेताओं ने भारत सरकार से अपील की कि वह बांग्लादेश में हो रही घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाए, ताकि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में अनुशासन और शांति का विशेष ध्यान रखा गया। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष कुलदीप चौहान, सभासद रुद्राक्ष त्यागी, गौतम बुद्ध नगर जिला अध्यक्ष प्रिया चौहान, मेरठ मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा, गाजियाबाद से संदीप कौशिक सहित राहुल कुमार, मनु त्यागी, गौरव अग्रवाल, दीपक सेन, देवेंद्र शर्मा, अर्जुन त्यागी, प्रिंस त्यागी, प्रिंस शर्मा और लक्ष्य त्यागी समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से कार सवार लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** थाना सिंभावली क्षेत्र में शुक्रवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। नहर के पास रेगुलेटर के समीप गन्नों से भरी एक ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर जा रही एक वैगनार कार के ऊपर पलट गई। हादसे में कार सवार लोग गन्नों के नीचे दब गए।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए गन्नों को हटाकर कार में फंसे लोगों को जैसे-तैसे बाहर निकाला। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहा. नि नहीं हुई, हालांकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कार सवारों को चोटें आई हैं।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली में क्षमता से कहीं अधिक गन्ने लदे हुए थे, जिससे संतुलन बिगड़ने पर ट्रॉली पलट गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। इस घटना ने एक बार फिर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र में ओवरलोड गन्नों से भरे ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का संचालन आम बात हो गई है। आए दिन ऐसे वाहनों के कारण सड़क हादसे हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो पा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ओवरलोड वाहनों पर सख्ती की जाए तो ऐसे हादसों को रोका जा सकता है। सवाल यह है कि आखिर कब जागेगा प्रशासन और कब लगेगी ओवरलोड गन्नों से भरे ट्रकों व ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रोक।

## तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र के बृजघाट फ्लाईओवर पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार दो अन्य लोग घायल हो गए। दुर्घटना के कारण फ्लाईओवर पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ देर तक यातायात ठप रहा।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया और मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बाद में यातायात व्यवस्था को बहाल कराया गया। पुलिस जांच में मृतका की पहचान सोहरका गांव निवासी 38 वर्षीय त्रिवेणी पत्नी बिजेंद्र के रूप में हुई है। घायलों में उनके पति 40 वर्षीय बिजेंद्र तथा शाहरपुर गांव



निवासी 55 वर्षीय केला पत्नी रामचंद्र शामिल हैं, जिनका उपचार जारी है। कोतवाली प्रभारी मनोज बालियान ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। घटना के कारणों की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## वीर बाल दिवस पर भाजपा की विचार गोष्ठी में पहुंचे कैबिनेट मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबज़ादों के बलिदान को याद करते हुए इसे भारतीय इतिहास का अद्वितीय अध्याय बताया।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 1705 में गुरु गोबिंद सिंह जी के सुपुत्र साहिबज़ादा जोरावर सिंह और साहिबज़ादा फतेह सिंह ने बहुत कम उम्र में धर्म और सत्य की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि अत्याचारियों द्वारा धर्म परिवर्तन का दबाव बनाए




जाने के बावजूद साहिबज़ादों ने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर ने कहा कि साहिबज़ादों की वीरगाथा केवल शहादत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अडिग आस्था, साहस और आत्मबल की मिसाल है। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष कविता माधरे ने बताया कि सरहिंद के शासक वजीर खान के आदेश पर दोनों बाल वीरों को दीवार में जिंदा चिनवा दिया गया, लेकिन उन्होंने अपना विश्वास और धर्म नहीं छोड़ा।

उन्होंने कहा कि यह बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### ठगों ने किशोर से ठगा मोबाइल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली कस्बा स्थित मोबाइल की दुकान पर बैठे किशोर से ठग एक मोबाइल ठग कर ले गया। पिता के आने के बाद किशोर ने मामले की जानकारी दी। पीड़ित व्यापारी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित व्यापारी गौरव ने बताया कि वह मोबाइल की दुकान करता है। दो दिन पूर्व वह दुकान पर बैटे को बैठाकर गए थे। उनके पीछे से बेटे के पास एक युवक आया और दो हजार रुपये मांगने लगा। बेटे ने रुपये न होने की बात कहीं तो आरोपी ने स्वयं को मोबाइल विक्रेता बताते हुए मोबाइल देने की बात कहीं। उनके बेटे ने मोबाइल दिया तो आरोपी उसको लेकर चला गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में छात्र हुआ लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** सिंभावली क्षेत्र के गांव दरियापुर से कालेज के लिए गया छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिवार के लोगों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी रुप चंद ने बताया कि उनका बेटा हापुड़ के एक कालेज में पढ़ाई करता है। दो दिन पूर्व उनका बेटा घर से कालेज पढ़ने के लिए कहा गया था। देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं आया तो परिवार के लोगों को चिंता हुई। परिवार के लोगों ने उनको काफी तलाश किया, लेकिन उनके बेटे का कोई सुराग नहीं लग सका है। पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### टंकी का निर्माण कर रहे कर्मचारी के साथ की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बदायूं के गांव त्रिलोकपुर निवासी अवनीश कुमार ने बताया कि वह गढ़ के गांव बदरखा में सरकार द्वारा बनाई जा रही पानी की टंकी का निर्माण का कार्य कर रहे है। वहां उनके साथ बदरखा निवासी युवक गाली गलौज करने लगा। उसने ऐसा करने से मना किया तो आरोपी ने उनके साथ अभद्रता करते हुए पिटाई कर दी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### ससुराल पक्ष पर लगाया पिटाई कर घर से निकालने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने बताया कि उसका निकाह करीब पांच साल पूर्व हुआ था। निकाह के बाद से उसका पति बाहर नौकरी करने चला गया। पीड़िता ने बताया कि उसके पति के बाहर जाने के बाद जेठ देवर समेत अन्य ससुराल पक्ष के लोग उसका उत्पीड़न करने लगे। पीड़िता ने उनका विरोध किया तो आरोपियों ने उसको घर से निकाल दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पति पर लगाया दूसरी महिला से संबंध बनाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पति पर दूसरी महिला से संबंध बनाने और विरोध करने पर पिटाई करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गांव निवासी महिला ने बताया कि उनकी शादी करीब 20 साल पूर्व हुई थी। शादी के बाद उन्होंने दो बच्चों को जन्म दिया, लेकिन उनके बच्चों की मौत हो गई। उसके बाद से उसका पति एक महिला के चक्कर में फंस गए और शारीरिक संबंध बनाने लगा। पीड़िता ने अब उसने पति को ऐसा करने से मना करते हुए विरोध किया तो उसके पति ने उसके साथ पिटाई कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## खतरे के बीच स्कूल जाते है छात्र, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र में स्कूल जाने वाले बच्चे अपनी जान जोखिम में डाल कर स्कूल जा रहे है। इसको लेकर उनको किसी का कोई डर नहीं है। ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वीडियो बहाद. ुरगढ़ क्षेत्र में स्याना रोड का बताया गया है। हालांकि इसकी पुष्टि हिंदुस्तान नहीं करता है।

दो दिन से सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में एक बुलबुल मिनी ट्रक में पीछे और टूल बाक्स की छत पर कुछ स्कूली छात्र लटकर सफर कर रहे है। इसमे कुछ छात्र तो एक ही पैर पर लटके हुए थे, जिससे उनके गिरने पर मौत भी हो सकती थी। वीडियो में गाड़ी चालक यातायात के नियमों का उल्लंघन करते हुए तेज गति से गाड़ी चलाते हुए नजर आ रहा है। वीडियों के नीचे कमेंट में वीडियो बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव स्याना रोड की बताई जा रही है। इस संबंध में बहादुरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक धीरज कुमार ने बताया कि उनको मामले की जानकारी नहीं है। वीडियो की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस मुठभेड़ के बाद घायल युवक की मौत, मजिस्ट्रियल जांच के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो जाने के मामले को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। घटना की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए मजिस्ट्रियल जांच कराए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

अपर जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय से 20 नवंबर 2025 को जारी आदेश के अनुसार, यह मुठभेड़ 10 नवंबर 2025 की देर रात करीब 1 बजकर 32 मिनट पर थाना कपूरपुर क्षेत्र में बम्बे की पुलिया के पास गांव सपनावत के जंगलों में हुई थी। इस दौरान सम्भल जिले के मनौटा गांव निवासी हसीन पुत्र इकरार गोली लगने से घायल हो गया था। घायल अवस्था में हसीन को इलाज के




लिए पिलखुवा स्थित रामा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों के प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बच सकी और उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। प्रशासन की ओर से मामले की सच्चाई उजागर करने के लिए एक अधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। जांच के दायरे में मुठभेड़ के हालात, पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई और अस्पताल में हुए इलाज से संबंधित सभी पहलुओं की विस्तार से पड़ताल की जाएगी। जांच अधिकारी ने आम नागरिकों और संबंधित अधिकारियों से अपील की है कि यदि किसी के पास घटना से जुड़े दस्तावेज, फोटो, ऑडियो या वीडियो साक्ष्य उपलब्ध हों, तो वे कार्यालय में उपस्थित होकर अपने बयान दर्ज करा सकते हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूरी जांच पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से की जाएगी, तथा जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही आगे की विधिक कार्रवाई तय की जाएगी।

## स्वास्थ्य शिविर में 220 मरीजों ने परामर्श एवं उपचार लिया का लाभ

**गोवर्धन।** नीमगांव कुंजेरा मार्ग स्थित जी. एम. हॉस्पिटल में मणिपाल हॉस्पिटल, दिल्ली के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 252 पंजीकरण हुए, जिनमें से 220 मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श एवं उपचार का लाभ प्राप्त किया। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष लम्बरदार, समाजसेवी जितेंद्र पुरोहित, नगर कार्यवाहक राकेश शर्मा, नीमगांव प्रधान जुगल पटेल, सतीश ठेकेदार तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. विनीत मोहन (इंटरनल मेडिसिन), डॉ. निखिल जैन (स्पाइन), डॉ. शिवांगी नेगी, कॉलेज सचिव बी.बी. शर्मा, डॉ. बिंदेश दीक्षित द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मनीष लम्बरदार ने कहा कि ऐसे शिविरों से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलती हैं। अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए। शिविर में मणिपाल हॉस्पिटल दिल्ली के वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा स्पाइन, गैस्ट्रो, हड्डी रोग सहित विभिन्न रोगों का परीक्षण एवं परामर्श किया गया। शिविर के दौरान बीपी, शुगर, थायराइड की जांच, फाइब्रोस्कैन मशीन से लीवर की जांच पूर्णतः निःशुल्क की गई तथा आवश्यक दवाइयां भी मुफ्त उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य शि. विर में कुल 252 पंजीकरण हुए, जिनमें से 220 मरीजों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श एवं उपचार का लाभ प्राप्त किया। जी.एम. हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. अभिषेक चौधरी एवं डॉ. ललित सैनी द्वारा भी शुगर, थायराइड, बीपी, बुखार आदि रोगों के लिए निःशुल्क परामर्श एवं दवाइयां दी गईं। कार्यक्रम में गोवर्धन एवं आसपास के क्षेत्रों के अनेक गणमान्य नागरिक, एएनएम व जीएनएम के छात्र-छात्राएं, कॉलेज के प्रधानाचार्य चंचल, उप-प्रधानाचार्य विशाल सिंघल सहित कन्हैया सैनी, सागर शर्मा, कोमल, नेहा, गुरुदेव, रामकुमार सैनी, बलराम एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## ट्रांसफार्मर से कीमती उपकरण चोरी, पुलिस जाँच में जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना कस्बे में चोरों ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। थाना क्षेत्र के गुलावठी रोड पर स्थित पानी की टंकी के पास लगे विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर को देर रात नीचे उतारकर उसमें लगे कॉपर कॉइल समेत अन्य कीमती उपकरण निकाल लिए गए। चोरी के बाद ट्रांसफार्मर का खोल मौके पर ही छोड़कर आरोपी फरार हो गए।

सुबह जब स्थानीय लोग पानी की टंकी के पास पहुंचे तो ट्रांसफार्मर के पुर्जे इधर-उधर बिखरे मिले। इसके बाद तत्काल बिजली विभाग को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही विभागीय अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्राथमिक जांच में सामने



आया है कि ट्रांसफार्मर के भीतर लगे कई अहम पार्ट्स चोरी किए गए हैं, जिससे बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। घटना स्थल के आसपास क्षेत्र सुनसान होने का फायदा उठाकर चोरों ने आसानी से वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने आसपास के इलाकों में संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी है और मामले की जांच की जा रही है। वहीं विद्युत विभाग द्वारा चोरी से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है तथा ट्रांसफार्मर को दोबारा स्थापित कर आपूर्ति बहाल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। धौलाना थाना प्रभारी मनीष चौहान ने बताया कि स्थानीय स्तर पर अभी विद्युत विभाग की ओर से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, हालांकि बिजली विभाग की विजिलेंस इकाई द्वारा प्रीत विहार स्थित संबंधित थाने में शिकायत दी गई है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# युवक को बंधक बनाकर पीटा

## पिस्टल के बट से मारा, पिता-दो बेटों पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में पिस्टल के बल पर एक व्यक्ति को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने एक पिता और उसके दो बेटों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित को गंभीर चोटें आई हैं, जिसका ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।



पुलिस को दी शिकायत में दनकौर कोतवाली क्षेत्र के झालड़ा गांव निवासी चरण सिंह ने बताया कि बीते बुधवार की शाम वह अपने खेत पर गए थे। इसी दौरान जुनेदपुर गांव निवासी अनुज और मनोज नाम के दो भाइयों ने उन्हें पिस्टल दिखाकर जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया। आरोप है कि दोनों भाई चरण सिंह को अपने घर ले गए, जहां कमरे में बंद कर अपने पिता कर्मवीर के साथ मिलकर करीब तीन घंटे तक उनकी पिटाई की। जब चरण सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, तो आरोपी उन्हें गाड़ी में डालकर वापस उनके खेत पर छोड़ गए और मौके से फरार हो गए।

घटना की जानकारी मिलने पर परिजन खेत पर पहुंचे और घायल चरण सिंह को ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित की शिकायत पर शनिवार को पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## जिम्स में एआई क्लिनिक शुरू होगा

**नोएडा।** राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) ग्रेटर नोएडा में सेंटर फॉर मेडिकल इनोवेशन के माध्यम से कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्लिनिक शुरू होने जा रही है। इसका उदघाटन आगामी दो जनवरी को किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि यह भारत की पहली एआई क्लिनिक होगी। संस्थान के निदेशक ब्रिगेडियर डॉ॰ राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि चिकित्सक और स्टार्टअप्स सीधे मिलकर एआई समाधानों का परीक्षण, सत्यापन और तैनाती कर सकते हैं। एआई क्लिनिक ऐसा मॉडल है, जो पूरी तरह से सरकारी अस्पताल के भीतर स्थापित है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि एआई समाधान क्लिनिकल रूप से प्रासंगिक, नैतिक और रोगी सुरक्षित हों। स्टार्टअप्स और नवाचारकर्ताओं के लिए आवेदन पहले ही जारी कर दिए गए हैं, जो उन्हें अस्पताल-आधारित इस अनोखे पारिस्थितिकी तंत्र तक शुरुआती पहुंच प्रदान करते हैं।

## ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने शुरू की स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता, ईनाम में मिलेगा एक लाख रुपये

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की स्वच्छता मुहिम को आगे को बढ़ाते हुए प्राधिकरण ने बल्क वेस्ट जनरेटरों (रिहायशी सोसाइटियों) के लिए स्वच्छता रैकिंग प्रतियोगिता शुरू करने का ऐलान किया है। प्रतियोगिता में पहले पायदान पर रहने वाली रिहायशी सोसाइटी को एक लाख रुपये का इनाम भी मिलेगा, जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर रहने वाली सोसाइटी को क्रमशः 75 हजार व 50 हजार रुपये का इनाम मिलेगा। सांत्वना पुरस्कार के रूप में भी दो सोसाइटियों को 25--25 हजार रुपए की धनराशि प्रदान की जाएगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ श्रीलक्ष्मी वीएस ने बताया कि इस प्रतियोगिता में

गैर रिहायशी संस्थाएं भी आवे. दन कर सकती हैं। उनके लिए भी प्रथम द्वितीय व तृतीय और सांत्वना पुरस्कार की समान धनराशि तय की गई है। विजेताओं को आगामी फरवरी में प्रस्तावित पुष्प प्रदर्शनी के आयोजन के अवसर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

बता दें कि ग्रेटर नोएडा में ठोस अपशिष्ट कूड़ा प्रबंधन नियम 2016 लागू है। इसके तहत बल्क वेस्ट जनरेटरों को कूड़े का निस्तारण खुद से करना होता है। प्राधिकरण री-साइकिल न हो पाने वाले इनर्ट वेस्ट को ही उठाता है। अधिकतर सोसाइटियां बल्क वेस्ट जनरेटर की श्रेणी में आती हैं।

इस मुहिम को और बढ़ावा देने के लिए सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का स्वास्थ्य विभाग इस वर्ष भी बल्क वेस्ट जेनरेटरों के लिए स्वच्छता रैंकिंग प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग ने बल्क वेस्ट जेनरेट करने वाली सभी रिहायशी सोसाइटियों से ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। रिहायशी और गैर रिहायशी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट पर 26 दिसंबर से शुरू हो गए हैं। ऑनलाइन ही आवेदन करना होगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 9 जनवरी है।

प्राधिकरण ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए कई पैरामीटर तय किए हैं। इससे जुड़ी जानकारी भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की वेबसाइट से मिल जाएगी। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए आवेदनों को प्राधिकरण के विशेषज्ञों की टीम परखेगी और प्रतियोगिता के विजेताओं को फरवरी में प्रस्तावित पुष्प प्रदर्शनी के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में पहले पायदान पर रहने वाली रिहायशी व गैर रिहा. इशी संस्थाओं को एक -एक लाख रुपये मिलेंगे। दूसरे स्थान पर रहने वाले को 75000, तीसरे स्थान पर रहने वाले को 50 हजार तथा दोनों ही श्रेणी में दो-दो सफल आवेदकों को 25-25 हजार रुपये इनाम मिलेंगे।

# ऑपरेशन में महिला के पेट से निकला आधा मीटर कपड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में डिलीवरी के दौरान महिला के पेट में लगभग आधा मीटर कपड़ा छोड़ने का मामला सामने आया है। महिला की डिलीवरी कोतवाली क्षेत्र स्थित बैक्सन अस्पताल में हुई थी। डेढ़ साल तक वह पेट दर्द झेलती रही। जब दूसरे अस्पताल में पेट दर्द का इलाज कराने पहुंची तो डॉक्टरों ने ऑपरेशन की सलाह दी। ऑपरेशन के बाद पेट से कपड़ा निकाला गया। तब जाकर उसे घटना का पता चला। उसने पुलिस और सीएमओ से इसकी शिकायत की। जब मामले में उचित कार्रवाई नहीं तो कोर्ट की शरण ली। कोर्ट ने अस्पताल के डॉक्टर और सीएमओ समेत छह लोगों के खिलाफ एफआईआर करने का निर्देश दिया है।

डेल्टा 1 में रहने वाले विकास वर्मा की पत्नी अंशुल वर्मा ने बताया- मुझे 14 नवंबर 2023 को बैक्सन अस्पताल, तुगलपुर में डिलीवरी के लिए भर्ती कराया गया था। डॉ. अंजना अग्रवाल ने अपनी टीम के साथ ऑपरेशन किया। उस समय डॉ. अंजना अग्रवाल के पति डॉ. मनीष गोयल भी वहां पर मौजूद थे। डिलीवरी के दौरान डॉक्टरों ने मेरे पेट में कपड़ा छोड़ दिया था। उसके बाद 16 नवंबर 2023 को मुझे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद मुझे पेट में तेज दर्द महसूस होने लगा। पहले तो मैंने सोचा ऑपरेशन की वजह से ऐसा हो रहा होगा। लेकिन डेढ़ साल बाद भी दर्द बना रहा। अंदर गांठ जैसा महसूस होता था। जब लगा कि अब बर्दाश्त नहीं हो पायेगा, तो 22 मार्च 2025 यथार्थ अस्पताल में डॉक्टरों को दिखाया। उस समय मुझे तेज बुखार भी था। वहां कुछ दवाइयां दी गईं, लेकिन वास्तविक कारण का पता फिर भी नहीं चल सका।

**कई अस्पतालों में दिखाया, कैंसर तक पहुंचाया केस:** इसके बाद 7 अप्रैल को जिम्स अस्पताल पहुंची। वहां एमआरआई समेत कई जांच कराई गईं, लेकिन सभी रिपोर्ट सामान्य बताई गईं। 8 अप्रैल 2025 को फिर नवीन अस्पताल पहुंची। यहां अल्ट्रासाउंड कराने और एमआरआई और कैंसर जांच की सलाह दी गई। 14 अप्रैल 2025 को फिर कैलाश अस्पताल पहुंची। जहां डॉक्टरों ने पेट में गांठ की बात कहते हुए ऑपरेशन की सलाह दी।

**ऑपरेशन के बाद पेट से निक. ला आधा मीटर कपड़ा:** 22 अप्रैल 2025 को कैलाश अस्पताल में डॉ. र्सा. चता विश्वास ने मेरा ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के दौरान पेट से लगभग आधा मीटर बदबूदार पस से सना हुआ कपड़ा निकाला। तब जाकर मुझे पेट में कपड़ा छोड़े जाने की बात का पता चला। डिस्चार्ज होने के बाद मैंने बैक्सन अस्पताल में इसकी शिकायत की।

**सीएमओ से शिकायत करने पर जांच को लटकाया गया:** वहां के डॉक्टरों ने मामले को दबाने की को. शिश की। इसके बाद मैं पति के साथ गौतम बुद्ध नगर के सीएमओ से मिली। उनसे लिखित शिकायत की। उन्होंने मामले में जांच के निर्देश दिए। जांच अधिकारी नियुक्त किए गए।लेकिन जानबूझकर मामले को लटकाया गया। कपड़े की एफएसएल जांच भी नहीं कराई गई। मुझे और मेरे पति को धमकाया भी गया। राजनीतिक पहुंच का हवाला देकर चुप रहने को कहा गया।

अंशुल ने कहा- मैंने काफी दर्द सहा है। डॉक्टरों ने जो किया है उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। जिन लोगों ने उनका साथ दिया, उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। डॉक्टरों की इस लापरवाही के चलते मुझे दो बड़ी सर्जरी से गुजरना पड़ा। दूसरी सर्जरी में आठ यूनिट खून चढ़ा। डॉक्टरों ने स्पष्ट कर दिया है कि अब तीसरी सर्जरी संभव नहीं है। जिससे भविष्य में दूसरा बच्चा होना भी मुश्किल हो गया है।

**कोर्ट ने सीएमओ और डॉक्टरों समेत 6 के खिलाफ एफआईआर के दिए आदेश:** अंशुल के पति विकास वर्मा ने कहा- मैं अब पीछे नहीं हटूंगा। क्योंकि मैं नहीं चाहता कि जैसा मेरी पत्नी के साथ हुआ, ऐसा किसी और के साथ हो। डॉक्टरों ने जो लापरवाही बरती है, उन सभी के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। क्योंकि उनकी वजह से मेरी पत्नी ने बहुत परेशानी झेली है। कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ये उनकी बड़ी लापरवाही थी।

## वादाखिलाफी का आरोप लगाया

**ग्रेटर नोएडा।** एयरपोर्ट से प्रभावित किसान परिवारों के युवाओं ने शनिवार को सपा जिलाध्यक्ष से मुलाकात कर नौकरी दिलाने के लिए आवाज उठाने की मांग की। प्रदेश सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया है। युवाओं ने बताया कि सरकार द्वारा एयरपोर्ट में जिन किसानों की जमीन अधिग्रहण हुई थी, उनके परिवार में से किसी एक सदस्य को स्थायी नौकरी देने की बात की थी, लेकिन अब तक उन्हें नौकरी नहीं मिली है। सपा जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी ने युवाओं को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया और कहा कि मामले में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के समक्ष रखा जाएगा और युवाओं की मदद की जाएगी।

### एक नजर

## सेक्टर-12 में फुटपाथ पर मिला व्यक्ति का शव

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर-24 थाना पुलिस को स्थित सेक्टर-12 में फुटपाथ पर शुक्रवार देर रात एक व्यक्ति का शव मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं, स्थानीय लोगों का मानना है कि ठंड के चलते व्यक्ति की मौत हुई है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार रात सेक्टर-12 में फुटपाथ पर एक व्यक्ति के संदिग्ध अवस्था में पड़ा होने सूचना मिली। पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को मृतक की जेब से मिले दस्तावेज की मदद से उसके परिजन को जानकारी दी। मृतक की पहचान मूलरूप से जिला कन्नौज निवासी देवेश यादव के रूप में हुई है। वह चौड़ा गांव में किराए का कमरा लेकर रहता था। शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं हैं। पुलिस का अनुमान है कि व्यक्ति की अधिक शराब पीने की वजह मौत हुई है। इस मामले में पुलिस को कोई शिकायत नहीं मिली है, लेकिन मामले में अपने स्तर पर जांच कर रही है। घटना के संबंध में दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इनमें फुटपाथ पर एक व्यक्ति लेटा हुआ है और दूसरे मार्ग से वाहनों का आवागमन जारी है। वहीं, किसी व्यक्ति की उस पर नजर जाती है तो वह पुलिस को सूचना देता है। दूसरे वीडियो में पुलिस मौके पर जांच करती नजर आ रही है।

## दस हजार पुराने वाहनों के पंजीकरण मार्च तक निरस्त होंगे

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** जिले के लगभग 10 हजार पुराने वाहनों के जनवरी से मार्च के बीच पंजीकरण निरस्त होंगे। यह वे वाहन है, जो समयसीमा पूरी कर चुके हैं। हालांकि, दिल्ली-एनसीआर से बाहर इन वाहन को ले जाने के लिए लोग अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। परिवहन विभाग के अनुसार जिले में लगभग 12 लाख वाहन पंजीकृत हैं। वहीं, 221061 वाहन अपनी समयसीमा पूरी कर चुके हैं। परिवहन विभाग के अनुसार इन सभी वाहनों का पंजीकरण निलंबित किया जा चुका है। पंजीकरण छह माह के लिए निलंबित किया जाता है। इस अवधि के पूरा होने के बाद पंजीकरण निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू होती है। यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से की जाती है।

विभाग के अनुसार जिले में लगभग 40 हजार पुराने वाहनों का पंजीकरण निरस्त किया जा चुका है। परिवहन विभाग के अनुसार जिन वाहनों का पंजीकरण निलंबित है, उनके मालिक दिल्ली-एनसीआर से बाहर दूसरे जिले में अपनी गाड़ी को ले जाने के लिए परिवहन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र ले सकते हैं। अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के लिए यह जरूरी है कि वाहन पर किसी तरह का देय नहीं होना चाहिए। इसमें रोड टैक्स, जुर्माना, चालान समेत अन्य देय शामिल है। विभाग के अनुसार पुराने वाहनों में निजी पेट्रोल वाहनों की संख्या अधिक है। ऐसे वाहनों की संख्या 157811 है। वहीं, निजी डीजल वाहनों की संख्या 29038 है। व्यावसायिक वाहनों में पेट्रोल गाड़ियों की संख्या 19438 है। वहीं, डीजल वाहनों की संख्या 14774 है। इन सभी वाहनों के मालिकों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं। यदि किसी ने गाड़ी कबाड़ में दे दी है तो इसकी लिखित जानकारी विभाग में उपलब्ध कराएं। वाहन यदि व्यावसायिक है और कबाड़ में देदिया है तो इसकी भी जानकारी परिवहन विभाग में मुहैया करानी जरूरी है। वाहन कबाड़ में देने की जानकारी देनी होगी अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, अगर किसी वाहन स्वामी ने अपना वाहन कबाड़ में दे दिया तो उसे विभाग को जानकारी देनी होगी। जब तक व्यावसायिक वाहन का पंजीकरण निरस्त नहीं होगा तो उस पर रोड टैक्स और जुर्माना बनता रहेगा। लोगों को रोड टैक्स और जुर्माना जमा करने के नोटिस मिलते रहेंगे। विभाग में कई लोग इस शिकायत को लेकर पहुंचते हैं कि उन्होंने अपनी गाड़ी कबाड़ में दे दी है लेकिन उन्हें टैक्स और जुर्माने का नोटिस मिला है। पुराने वाहनों का पंजीकरण निलंबित और निरस्त प्रक्रिया के तहत किया जाता है। वाहनों के मालिक विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र भी प्राप्त करते हैं।

# औद्योगिक विकास के लिए जमीन की अड़चन दूर

**यमुना सिटी।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक विकास के लिए जमीन की दिक्कत दूर हो गई। प्राधिकरण ने पिछले आठ माह में 1508 एकड़ का लैंड बैंक तैयार कर लिया। नौ से अधिक सेक्टरों में किसानों से जमीन खरीदी गई। इस पर दो हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए। इससे यमुना सिटी में औद्योगिक विकास को रफ्तार मिलेगी। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक अब तक करीब तीन हजार औद्योगिक इकाइयों को भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं।

लैंड बैंक तैयार करने के लिए जमीन की खरीद जारी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी के चलते यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं सबसे ज्यादा हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियां उद्यम लगाने के लिए आगे आ रही हैं। जमीन देने में दिक्कत न हो, इसके लिए लैंड बैंक तैयार किया जा रहा है। प्राधिकरण से मिले आंकड़ों के मुताबिक बीते अप्रैल से लेकर नवंबर माह तक औद्योगिक सेक्टर- 11, 5, 8डी, 10, 8, 28, 29, 32, 33 में 1508 एकड़ जमीन क्षेत्र के विभिन्न गांवों के किसानों से खरीदी जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 2000 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है। हर माह लगभग 250 एकड़ जमीन खरीदी गई। उल्लेखनीय है कि सेक्टर-11 में फिनटेक सिटी, सेक्टर-10 में इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग कलस्टर (ईएमसी), सेक्टर-28 में मेडिकल डिवाइस पार्क, सेक्टर-32,33 और 29 में औद्योगिक पार्क स्थित हैं।

# परिजन का स्कूल पर बेटी को प्रताड़ित करने का आरोप

- मोबाइल ले जाने पर शिक्षकों ने डांटा था, कूदकर जान दे दी

**शाह टाइम्स संवाददाता-**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में सोमवार की रात एक 15 साल की छात्रा ने 8वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड किया था। 6 दिन बाद छात्रा के पिता ने स्कूल टीचर पर आरोप लगाते हुए कहा- 22 दिसंबर को बेटी अनजाने में अपना मोबाइल लेकर स्कूल गई थी। इस पर टीचर ने सभी छात्रों के सामने उसे डांट लगाई और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था। इसके बाद स्कूल प्रबंधनों ने मुझे भी बुलाया। वहां पर सबके सामने मुझे और बेटी को जलील किया। स्कूल से घर लौटने के बाद बेटी गुमसुम थी। बिना कुछ बोले ही अपने कमरे में चली गई थी। इस अपमान से वह इतना दुखी हो गई थी कि उसने हमने बिना कुछ बात किए ही रात करीब 2:15 बजे सुसाइड कर लिया।

पिता ने शनिवार को बिसरख थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि परिजनों से लगातार पूछताछ की जा रही है। तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। यह घटना 22 दिसंबर की रात गौर सिटी सोसाइटी के 4 एवेन्यू की है। 15 वर्षीय कनिष्का ग्रेटर नोएडा के गगन पब्लिक स्कूल में कक्षा 10वीं की छात्रा थी। इन दिनों स्कूल में हाफ ईयरली परीक्षाएं चल रही थीं। 22 दिसंबर, सोमवार को कनिष्का परीक्षा देने स्कूल गई थी। इस दौरान वह अपने साथ मोबाइल फोन लेकर गई थी। स्कूल में परीक्षा के दौरान एक टीचर ने कनिष्का के पास मोबाइल फोन देख लिया। इसके बाद टीचर ने उसे डांटा और परिजनों को स्कूल बुलाकर इसकी शिकायत की। स्कूल से घर लौटने के बाद कनिष्का काफी उदास थी। रात में उसने परिवार के साथ डिनर किया और बाद में अपनी मां से बातचीत कर सोने चली गई। रात करीब 2:15 बजे कनिष्का ने अपने फ्लैट की 8वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि घटना के समय कनिष्का की मां जाग रही थीं। उन्होंने कनिष्का को कूदते हुए देख लिया, जिसके बाद शोर मचाकर परिवार के अन्य सदस्यों को बुलाया। कनिष्का के कूदते ही आसपास के सुरक्षा गार्ड और परिजन मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और परिजनों से पूछताछ की। शुरुआती जांच में कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। उस समय पढ़ाई के दबाव और मानसिक तनाव को आत्महत्या की वजह माना गया था। हालांकि, इसके अगले दिन यानी 23 दिसंबर को कनिष्का के पिता ने थाने में तहरीर देकर पुलिस के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

**कनिष्का के पिता बोले- मान. सिक प्रताड़ना से परेशान होकर मेरी बेटी ने की आत्महत्या:** कनिष्का सोलंकी के पिता रवि रंजन ने बताया- मेरी बेटी को स्कूल की तरफ से बहुत मानसिक प्रताड़ना दी गई, जिसके कारण मेरी बेटी ने आत्महत्या कर ली। स्कूल प्रशासन का कहना है कि मेरी बेटी मोबाइल फोन के जरिए ।ए की मदद से नकल कर रही थी, लेकिन यह पूरी तरह गलत है। स्कूल प्रशासन अपनी तरफ से कोई भी आरोप लगा सकता है। जब मैं स्कूल गया था, तब मेरी बेटी के हाथ में मोबाइल जरूर था, लेकिन वह बंद (ऑफ) था। इसके बावजूद स्कूल प्रबंधन ने मेरे साथ बहुत बुरा व्यवहार किया और मुझे जलील किया गया।

# देश का सबसे वायु प्रदूषित शहर रहा नोएडा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** देश का सबसे वायु प्रदूषित शहर नोएडा रहा। सोमवार को शहर का एक्यूआई 409 दर्ज किया गया। नवंबर-दिसंबर में शहर का एक्यूआई 12 बार 400 के पार रहा है। ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में रही। सुबह घना कोहरा छाया रहा। दोपहर में खिली धूप निकलने के बावजूद वायु प्रदूषण बढ़ा। नोएडा में सबसे वायु प्रदूषित स्थान सेक्टर एक रहा। यहां का एक्यूआई 450 दर्ज किया गया। ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 395 रहा। दोनों शहरों में पीएम 2.5 का स्तर पीएम 10 के स्तर से अधिक पाया गया। एक दिन पहले के मुकाबले नोएडा के एक्यूआई में 33 अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई।



ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई एक अंक बढ़ा। नवंबर और दिसंबर महीने में नोएडा में 12 दिन एक्यूआई गंभीर श्रेणी (एक्यूआई 400 से अधिक) में दर्ज किया गया गया है। नवंबर में पांच और दिसंबर के 27 तारीख तक सात बार एक्यूआई 400 के पार गया है। वहीं ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई आठ दिन गंभीर श्रेणी में रही। सुबह घना कोहरा रहा। सुबह दस बजे के बाद से खिली धूप निकली, जिसके बाद कोहरे थोड़ा कम हुआ। प्रदूषित कण और कोहरा में मिलने के कारण आसमान में स्मॉग छाया रहा। रविवार को भी इसी तरह का मौसम रहने की संभावना है। देश के पांच सबसे वायु प्रदूषित शहरों का एक्यूआई : नोएडा : 409, गाजियाबाद : 404, ग्रेटर नोएडा : 395, दिल्ली : 385, पंककूला : 365, नोएडा और ग्रेटर नोएडा का पांच दिनों का एक्यूआई दिसंबर, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, 27, 409, 395, 26, 376, 394, 25, 256, 268, 24, 273, 259, 23, 426, 388, नोएडा-ग्रेटर नोएडा के छह स्थानों का एक्यूआई सेक्टर-125 : 400, सेक्टर-62 : 380, सेक्टर एक : 450, सेक्टर-116 : 422, नॉलेज पार्क थ्री : 378, नॉलेज पार्क फाइव : 420, पीएम 10 का अधिकतम स्तर 738 तक पहुंचा सेक्टर एक में पीएम 10 का अधिकतम स्तर 738 तक पहुंच गया। दोपहर में इसमें कमी दर्ज की गई। यहां पीएम 2.5 का अधिकतम स्तर 581 रहा। वहीं सेक्टर- 116 में पीएम 10 का अधिकतम स्तर 601 रहा। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क फाइव का भी पीएम 10 का अधिकतम स्तर 500 के पार गया। एक लाख का जुर्माना ठोका वायु प्रदूषण करने वालों पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने शनिवार को एक लाख रुपये का जुर्माना ठोका। औचक निरीक्षण के दौरान नोएडा प्राधिकरण द्वारा एनएसईजेड में निर्माण कार्य कराया जा रहा था। यहां 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं सेक्टर-80 में भी प्राधिकरण का निर्माण कार्य चल रहा था, जिसे देखने को 50 हजार का जुर्माना किया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड इस मौसम में लगभग 6 करोड़ का जुर्माना ठोक चुका है।

# टोल मांगने पर कर्मचारियों से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** यमुना एक्सप्रेसवे के टोल बूथ पर टोल मांगने से गुस्साए कुछ लोगों ने कर्मियों की पिटाई कर दी। पुलिस ने तीन नामजद समेत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यमुना एक्सप्रेसवे जेवर टोल प्लाजा के वरिष्ठ प्रबंधक अनुज कुमार ने रबूपुरा पुलिस को शिकायत सौंपी। इसमें कहा कि शुक्रवार शाम करीब नौ बजे गांव फलैदा टोल बूथ पर तैनात कर्मचारी होशियार और धर्मेंद्र ने नोएडा जाने के लिए हाईवे पर चढ़ी एक कार चालक से टोल मांगा। आरोप है कि इससे गुस्साए कार सवारों ने गाली गलौज करते हुए टोल कर्मचारी की पिटाई कर दी। जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।

मारपीट में घायल कर्मियों को जेवर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने गांव तिरथली निवासी आरोपी मुकर्रम, जिशान, शाकीर और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खुद को किसान यूनियन का कार्यकर्ता बताया कार सवार युवक खुद को एक किसान यूनियन का कार्यकर्ता बता रहे थे। वे एक्सप्रेसवे पर बिना टोल दिए सफर करने की जिद्द पर अड़ गए। कर्मचारियों ने उनके दबाव में आए बिना टोल चुकाए बिना जाने देने से साफ इनकार कर दिया। इसी बात से नाराज होकर आरोपियों ने कर्मचारियों को धमकी दी और इनपर हमला कर दिया।

# जर्जर लाइन को बदलने का कार्य कल से शुरू होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिले में जर्जर बिजली के खंभे और लाइन समेत बिजली ढांचे को सुधारने के लिए सोमवार से जमीनी स्तर पर कार्य शुरू होने की संभावना है। इन कार्यों पर 97 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इससे विद्युत निगम के बिजली ढांचे को दुरुस्त करने और नई लाइन बनाने के कार्य किए जाएंगे। इससे उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति में मदद मिलेगी। दरअसल विद्युत निगम द्वारा वर्ष 2025-26 में बिजली ढांचे को सुधारने के कार्यों का प्रस्तावों को पूर्व में ही स्वीकृति मिल चुकी है। जिले में 97 करोड़ रुपये के कार्य को मुख्यालय ने स्वीकृति दे दी है। अब विद्युत निगम द्वारा कुछ टेंडर भी हो गए है।

कुछ कार्यां की टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार दिसंबर के अंतिम सप्ताह तक कार्य भी शुरू कर दिए जाएंगे। इससे बिजली ढांचे को मजबूत करने के कार्य होने हैं। इसमें जर्जर बिजली के खंभे और लाइनें बदली जानी है। साथ ही लाइन की क्षमता वृद्धि, ट्रांसफार्मरों की संख्या और क्षमता वृद्धि करने, नए पैनल बॉक्स लगाने, अर्थिंग, सीटीपीटी और वीसीबी आदि लगाने का कार्य होने हैं।

ऑनलाइन निगरानी भी कर सकेंगे अधिकारी अधिकारियों के अनुसार शहर के बिजली ढांचे को सुधारने के लिए अगले तीन वर्षों में 1313 करोड़ रुपये भी खर्च किए जाएंगे। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजना के तहत बिजली ढांचे का आधुनिकीकरण किया जाएगा। इससे बिजली ढांचे पर ऑनलाइन नजर भी रखी जा सकेगा। सर्वेक्षण के कार्य पूरे हो चुका हैं। इसके बाद की प्रक्रिया जमीनी स्तर पर शुरू कर दी गई है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# कटेंगे चार लाख 40 हजार से ज्यादा मतदाताओं के नाम, एसआईआर की प्रक्रिया पूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** विशेष संघन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची की गणना पूरी कर ली गई है। 26 दिसंबर को जारी एसआईआर स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार, गौतमबुद्ध नगर जिले में मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर बदलाव सामने आए हैं।

इस रिपोर्ट के मुताबिक, जिले में कुल 18 लाख 65 हजार 673 मतदाता दर्ज हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में मतदाताओं का डिजिटलीकरण, मैपिंग और सत्यापन किया गया है, जबकि लाखों मतदाता नो मैपिंग और ाैक (अब्सेंट, शिफ्टेड, डुप्लीकेट) श्रेणी में पाए गए हैं। जिले की 3 विधानसभा सीट, 61 नोएडा, 62 दादरी और 63 जेवर, में मतदाता आंकड़ों का विस्तृत विश्लेषण किया गया है।

**नोएडा में सात लाख से ज्यादा मतदाता:** नोएडा विधानसभा क्षेत्र में कुल 7,71,082 मतदाता हैं, जिनमें से 5,61,764 मतदाता (72.85 फीसदी) के इलेक्टोरल फॉर्म डिजिटाइज किए जा चुके हैं। वहीं दादरी सीट पर कुल 7,26,828 मतदाताओं में से 5,62,435 (77.38 फीसदी) और जेवर में 3,67,763 मतदाताओं में से 2,93,470 (79.8 फीसदी) का डिजिटलीकरण पूर्ण हो चुका है।

**एक लाख से ज्यादा मतदाता नो मैपिंग श्रेणी में शामिल:** मैपिंग की स्थिति की बात करें तो जिले में कुल 12,33,316 मतदाताओं (66.11 फीसदी) की मैपिंग की गई है। वहीं, 1,83,067 से ज्यादा मतदाता (लगभग 9.81 फीसदी) ऐसे पाए गए हैं, जो नो मैपिंग श्रेणी में शामिल हैं। अकेले नोएडा विधानसभा क्षेत्र में 59,139, दादरी में 1,01,877 और जेवर में 22,051 मतदाता नो मैपिंग की श्रेणी में दर्ज हुए हैं। जिला प्रशासन अब इन मतदाताओं को लेकर सख्त कदम उठाने जा रहा है।

**मतदाताओं को भेजे जाएंगे नोटिस:** प्रशासन ने ये स्पष्ट किया गया है कि नो मैपिंग श्रेणी में शामिल 1 लाख 80 हजार से ज्यादा मतदाताओं को नोटिस भेजे जाएंगे। इन मतदाताओं को अपनी पात्रता और पहचान से जुड़े दस्तावेज जमा करने होंगे। इसके लिए 31 दिसंबर 2025 से 30 जनवरी 2026 तक का समय निर्धारित किया गया है। इसके अलावा, जिले में बड़ी संख्या में मतदाता एएसडी श्रेणी में भी पाए गए हैं।



**24.01 फीसदी एएसडी श्रेणी में दर्ज:** रिपोर्ट के मुताबिक, गौतमबुद्ध नगर में कुल 4 लाख 48 हजार 15 मतदाता, यानी करीब 24.01 फीसदी ाैक श्रेणी में दर्ज हैं। इनमें नोएडा में 2,09,320, दादरी में 1,64,395 और जेवर में 74,300 मतदाता शामिल हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसारैप्र प्रक्रिया के तहत करीब 4 लाख 40 हजार मतदाताओं के नाम सूची से काटे गए हैं।

ऐसे मतदाता 31 दिसंबर 2025 को प्रकाशित होने वाली अंतिम वोटर लिस्ट में शामिल नहीं होंगे, जब तक कि वे तय समयसीमा में आवश्यक दस्तावेज जमा कर सत्यापन पूरा नहीं कराते। जिला प्रशासन का कहना है कि इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य मतदाता सूची को त्रुटिरहित, पारदर्शी बनाना है। जिससे आगामी चुनावों में केवल पात्र मतदाता ही मतदान कर सकें।

# मृतका के परिजनों ने किया खेकड़ा कोतवाली पर हंगामा

## विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति को किया गिरफ्तार, ससुराल वालों पर भी कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गोठरा गांव में विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने उसके पति सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक महिला इशू के परिजनों ने अन्य ससुराल वालों पर भी कार्रवाई की मांग की है।

यह घटना 24 दिसंबर को हुई थी, जब महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। परिजनों ने पति, ससुर, जेठ और ननद पर दहेज उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाया था। पीड़ित परिवार का आरोप है कि उनकी बेटी पर दहेज में स्कॉर्पियो गाड़ी और 10 लाख रुपये लाने का दबाव बनाया जा रहा था। इसी दबाव के चलते उनकी बेटी की हत्या कर दी गई। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर मृतक महिला के पति सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को परिजन खेकड़ा कोतवाली पहुंचे और फरार चल रहे अन्य ससुराल वालों पर भी तत्काल कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया।



खेकड़ा कोतवाली प्रभारी प्रभाकर केन्तुरा ने परिजनों को शांत कराया और आश्वासन दिया कि नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि हत्या में शामिल सभी आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल जारी है।






# सुनील आर्य ने कराया गांव में नाला निर्माण का कार्य शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के ओसिक्का गांव में जिला पंचायत सदस्य बागपत सुनील कुमार आर्य खेड़ा हटाना ने गांव में नाला निर्माण का कार्य चालू कराया। कार्य प्रगति पर चल रहा है।

इसके लिए गांव के लोगों ने वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह आर्य जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य का आभार प्रकट किया है। आज वार्ड नंबर 12 से जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य नाला निर्माण में चल रहे कार्य को देखने के लिए मौके का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे वहां पर सभी मजदूर कार्य को प्रगति पर करते हुए देखे गए गांव के लोगों ने ओसिक्का गांव में जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य का धन्यवाद करते हुए उनका स्वागत किया है और उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का भी उत्साह पूर्वक आहवान किया है। इस मौके पर आगे भी उनके साथ कार्य करने के लिए गांव के विकास के लिए ग्रामीणों के साथ सदेव तत्पर रहने का वादा किया गया है। इस मौके पर सैकड़ो की तादाद में ग्रामीण जिला पंचायत सदस्य बागपत सुनील कुमार आर्य के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# तालाब की सफाई को लेकर तहसील में सोमवार को देंगे धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बड़का गांव में तालाब की साफ-सफाई कराने की मांग को लेकर सोमवार से तहसील परिसर में धरने पर बैठे आनंद कश्यप बड़का गांव के तालाब की साफ सफाई नहीं होने से काफी संख्या में लोग सोमवार को तहसील परिसर में आनंद कश्यप के साथ धरने पर आएंगे और जब तक तालाब की साफ सफाई की व्यवस्था अधिकारियों द्वारा नहीं चालू होगी तब तक अनिश्चितकालीन धरना चालू रहेगा। इससे पूर्व में तालाब की साफ सफाई कराने की मांग को लेकर आनंद कश्यप समाजसेवी तालाब में कूदकर जल समाधि लेने की घोषणा कर चुके हैं। काफी संख्या में अधिकारी बड़का गांव में आनंद कश्यप को जल समाधि वापस लेने का आश्वासन देकर आये थे मगर अधिकारियों ने आश्वासन के बाद भी साफ सफाई नहीं कराई। इस मुद्दे को लेकर अब दोबारा तहसील परिसर में धरना दिया जाएगा।



# चौराहे पर बैरिकेड से आगे नहीं खडीं होगी बसें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** दिल्ली बस स्टैंड चौराहे पर बैरिकेड से आगे अब बसें नहीं खड़ी होगी। नगर के दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित दिल्ली चौराहे पर ऑडी तिरछी खड़ी होने वाली बसों की पुलिस ने बैरिकेड लगाकर लगाकर जगह निर्धारित कर दी है। इसका पेट्रोल पंप के निकट मोहल्ले के लोगों ने कई बार धरने प्रदर्शन करते हुए विरोध प्रकट किया था अभी समस्या को पुलिस प्रशासन में गंभीर समस्या मानते हुए इसकी जगह निर्धारित कर दी है। मोहल्ले के लोगों को कहना था कि गली के सामने बसें खड़ी होने पर गली में आने जाने वाले लोगों को अपनी गाड़ी गली में ले जाने को एवं स्कूल जाने वाले छोटे बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसकी शिकायत कई बार प्रशासनिक व परिवहन निगम के अधिकारियों को की गई थी अभी समस्या का समाधान कर दिया गया है। जाम लगने की वजह से वहां पर कई बार दुर्घटनाएं होने की भी संभावनाएं रहती थी। पुलिस प्रशासन में समस्या का निर्धारण समाधान कर दिया है अब तहसील के आसपास बैरिकेड लगाकर बसें खड़ी होकर सवारी उतरा करेगी।



## एक नजर

### पानी प्लांट फैक्ट्री में तैनात गार्ड ने दी मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** हरियाणा के सोनीपत निवासी पराग कौशिक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी छपरौली के पास बड़ौत–छपरौली मार्ग पर स्थित पानी प्लांट फैक्ट्री में तैनात गार्ड ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार, बड़ौत निवासी शकील बीते कई महीनों से शस्त्रा लाइसेंस के साथ फैक्ट्री में गार्ड के पद पर कार्यरत था। पराग कौशिक ने बताया कि 26 दिसंबर को शकील प्लांट परिसर में फोन पर सलीम नामक व्यक्ति से कथित तौर पर चोरी से जुड़ी बातचीत कर रहा था। यह बातचीत फैक्ट्री में लगे वॉइस रिकॉर्डिंग सिस्टम में दर्ज हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर जब गार्ड से पूछताछ की गई तो वह गाली–गलौज पर उतर आया और विरोध करने पर फैक्ट्री मालिक व उनके बहनोई प्रवीण को जान से मारने की धमकी देने लगा। तहरीर के आधार पर छपरौली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी आशीष पुंडीर ने बताया कि आरोपी शकील को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसको जेल भेज दिया गया।

### जयंत चौधरी का 47वां जन्मदिन संकल्प दिवस के रूप में मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे की गुड़ मंडी में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कौशल विकास व उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी का 47वां जन्मदिन संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनके दीर्घायु व उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। शनिवार को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष सोनू जैन के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जन्मदिन समारोह के उपरांत आयोजित गोष्ठी में छपरौली विधायक डा.अजय कुमार, किसान ट्रस्ट अध्यक्ष जसवीर सिंह, पूर्व विधायक वीरपाल राठी, जिला अध्यक्ष रामपाल धाम व कुलदीप उज्जवल ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह तथा केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह को नमन किया। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह और चौधरी अजित सिंह ने जीवन भर किसान, मजदूर और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए संघर्ष किया। उनके पदचिन्हों पर चलते हुए रालोद प्रमुख जयंत चौधरी आज किसान, मजदूर और युवाओं के हित में निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता देते हुए युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए खेल सुविधाओं सहित विभिन्न योजनाओं में अपनी निधि का उपयोग किया है। गोष्ठी को महिला विंग की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा बालियान, छपरौली नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद्र खोखर, रामकुमार, देवेंद्र मुखिया और संयोग रावत ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने पार्टी की नीतियों को जन–जन तक पहुंचाने का आहवान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने की, जबकि संचालन एडवोकेट सत्येंद्र खोखर ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में रालोद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### किसानों ने की प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजे की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** हिंडन नदी का जलस्तर बढ़ने से किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। जिले में 300 बीघा से अधिक खेतों में पानी भर गया है, जिससे किसानों को लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान है। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजे की मांग की है। थाना चांदीनगर क्षेत्र के हरसिया और चमरावल गांवों के खेतों में हिंडन नदी का पानी घुस गया है। इन खेतों में दो से तीन फीट तक पानी भरा हुआ है, जिससे गेहूं, आलू और सरसों सहित कई फसलें पूरी तरह खराब होने की कगार पर हैं। किसानों का कहना है कि जलस्तर अभी कम नहीं हो रहा है, जिससे फसलों को बचाने की कोई संभावना नहीं बची है। किसानों ने बताया कि वे इस स्थिति से काफी परेशान हैं और उन्हें आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ेगा। उनका यह भी कहना है कि पिछले कई वर्षों से हिंडन नदी के पानी से फसलें प्रभावित होती रही हैं, लेकिन उन्हें उचित मुआवजा नहीं मिल पाता। उन्होंने अधिकारियों से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर उचित मुआवजा दिलाने की अपील की है। अधिकारी भी इस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। बताया गया है कि संबंधित अधिकारी जल्द ही प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर निरीक्षण करेंगे और फसलों को हुए नुकसान का आकलन करेंगे। भारतीय किसान यूनियन के एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा ने कहा कि किसानों की फसलों को हुए नुकसान का समय पर मुआवजा दिलाया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से ऐसे बंदोबस्त करने की भी मांग की, जिससे भविष्य में किसानों की फसलों को इस तरह की बाढ़ से बचाया जा सके।

# भीषण सर्दी और घने कोहरे ने किया लोगों का जीवन प्रभावित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भीषण सर्दी और घने कोहरे ने जनजीवन को प्रभावित किया है, जिससे वाहन चालकों को यात्रा में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क हादसों को रोकने के लिए बागपत पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पुलिस अधीक्षक सूरज राय के निर्देश पर, डायल 112 की गाड़ियों और सरकारी वाहनों पर लगे स्पीकरों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

टोल टैक्स प्लाजा, मुख्य राजमार्गों, प्रमुख मार्गों और चौराहों सहित विभिन्न स्थानों पर पुलिसकर्मी तैनात हैं। वे वाहन चालकों को कोहरे में यातायात नियमों का पालन करने, सावधानी से यात्रा करने और केवल आवश्यक होने पर ही यात्रा करने की सलाह दे रहे हैं। जिले में रात से सुबह तक घना कोहरा छाया रहता है, जिससे दृश्यता (विजिबिलिटी) घटकर मात्र 10 से 15 मीटर रह जाती है। रात्रि का तापमान 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है, जबकि दिन में यह 19 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता है। इसके साथ ही, प्रदूषण का स्तर भी गंभीर बना हुआ है, वर्तमान में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 350 दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि बागपत में यात्रा सुरक्षित और सुगम बनी रहे, इसके लिए वे पूरी तरह सतर्क हैं। लोगों से अपील की जा रही है कि वे केवल आवश्यक होने पर ही यात्रा करें। इसके अतिरिक्त, बागपत प्रशासन प्रदूषण के स्तर को कम करने के लिए भी लगातार प्रयासरत है।



# घने कोहरे के कारण ट्रैक्टर–ट्रॉली नाले में पलटने से किसान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत क्षेत्र में शनिवार सुबह करीब 7 घने कोहरे के कारण एक गन्ना किसान की ट्रैक्टर–ट्रॉली नाले में पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबकर किसान की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।

यह घटना मलकपुर चीनी मिल जाते समय हुई। मृतक किसान की पहचान शेरपुर लुहारा गांव निवासी बबलू 35 वर्ष पुत्र संसार सिंह के रूप में हुई है। बबलू अपनी ट्रैक्टर–ट्रॉली में गन्ना भरकर मिल जा रहा था। घना कोहरा होने के कारण बबलू आगे का रास्ता ठीक से देख नहीं पाया, जिससे उसका ट्रैक्टर–ट्रॉली अनियंत्रित होकर नाले में जा गिरा। ट्रैक्टर के नीचे दबने के बाद वहां से गुजर रहे अन्य गन्ना किसानों ने शोर मचाया और उसे बाहर निकालने का प्रयास किया। अन्य किसानों ने किसी तरह बबलू को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही किसान के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे। बड़ौत इंस्पेक्टर मनोज चहल ने बताया कि पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# रालोद कार्यकर्ताओं ने किया चौ.जयंत के जन्मदिन पर प्रसाद वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रालोद कार्यालय पर शनिवार को रालोद के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री चौधरी जयंत सिंह का जन्मदिन मनाया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रसाद वितरित कर उनके दीर्घायु होने की कामना की।

शनिवार को रालोद कार्यालय पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री चौधरी जयंत सिंह के जन्मदिन पर प्रसाद वितरित किया। रालोद के वरिष्ठ नेता ओमबीर ढाका की ओर से कार्यालय पर प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि चौधरी जयंत सिंह किसानों और युवाओं के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अपनी निधि से जिले में युवाओं के लिए सिंथेटिक ट्रक तैयार कराया गया है। जहां सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।



इस मौके पर मोनू चौहान, अश्वनी तोमर, ओमबीर मास्टर, योगेंद्र, जगमोहन, विक्रम पांचाल सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खाप चौधरियों ने पंचायत में लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खाप चौधरियों ने एक पंचायत आयोजित कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। इन फैसलों में लड़कों के स्मार्टफोन रखने और हाफ पैंट पहनने पर प्रतिबंध लगाना शामिल है। इसके अतिरिक्त, मैरिज होम में शादियों के आयोजन पर भी आपत्ति जताई गई है।

पंचायत में यह फैसला लिया गया कि लड़के और लड़कियां समान हैं, इसलिए लड़कों के स्मार्टफोन रखने और हाफ पैंट पहनने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाएगा। पंचों का तर्क था कि लड़के हाफ पैंट पहनकर घरों और बाहर रहते हैं, जिससे समाज पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि 18 साल से कम उम्र के लड़कों को फोन देना उचित नहीं है। शादियों को लेकर भी पंचायत में बड़ा निर्णय लिया गया। खाप चौधरियों ने कहा कि शादियां गांवों और घरों में ही होनी चाहिए, क्योंकि मैरिज होम में होने वाली शादियों के टूटने की संभावना अधिक होती है। साथ ही, शादी के निमंत्रण कार्ड को वॉट्सऐप पर स्वीकार करने का भी फैसला लिया गया। पंचायत में मौजूद पंचों ने घोषणा की कि इन फैसलों को समाज हित में पूरे उत्तर प्रदेश में लागू किया जाएगा। इसके लिए अन्य खापों से भी संपर्क कर इसे एक अभियान के रूप में चलाया जाएगा। पंचायत ने राजस्थान में लिए गए ऐसे ही एक अन्य पंचायत के फैसले को भी सही ठहराया।



# पंचायत चुनाव को देखते हुए बैठकों का दौर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अनिल शर्मा बडौत।** तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में पंचायत चुनाव को देखते हुए बैठकों का दौर शुरू हो गया है। जिला पंचायत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार भी गांव–गांव में जाकर जगह–जगह बैठक कर रहे हैं।

एक दूसरे को विकास कराने का आश्वासन भी देने लगे हैं। चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार गांव में जाकर ग्रामीणों की बैठक करके पुराने मुद्दों को उखाड़ कर नए मुद्दों की बात कर रहे हैं। कुछ जगह उम्मीदवारों की तरफ से यह आश्वासन भी दिया जा रहा है कि पुराने जिला पंचायत सदस्यों ने गांव में विकास कार्य नहीं कराए। इस बार हम पर भरोसा करो हम आप लोगों के दुख सुख में 24 घंटे साथ रहकर विकास की गंगा बहा देंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में अब पंचायत चुनाव को लेकर दावत का दौड़ भी शुरू हो गया है। वोटरों को लुभाने में जुट गए हैं। उम्मीदवारों ने नए साल 2026 नववर्ष को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र में उम्मीदवारों ने अपने–अपने होर्डिंग भी लगा दिए हैं अब उम्मीदवार गांव के मेन आदमी को लेकर घर–घर दस्तक दे रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत चुनाव को मध्य नजर रखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। पुलिस प्रशासन ने अपने–अपने क्षेत्र से कुछ बदमाशों को जिला बदर भी किया है।

# रालोद कार्यकर्ताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया जंयत चौधरी का जन्मदिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** सिरसलगढ़ गांव में शनिवार को हुए कार्यक्रम में रालोद जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने केक काटकर रालोद अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का 47 वां जन्मदिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर जरुरतमंद को ग्रामीणों को कंबल भी वितरित किए गए।

हरिजन चौपाल में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छपरौली विधायक डा.अजय कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी युवाओं के कौशल विकास के नई–नई योजनाओं को क्रियान्वित कर रहे हैं। उनके प्रयासों से युवाओं की शारीरिक दक्षता विकास के लिए खेल मैदान व रनिंग ट्रैक अपनी निधि से बनवा रहे हैं। विशिष्ट अतिथि रालोद प्रांतीय उपाध्यक्ष धीरज उज्जवल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी युवाओं के हकों के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष कर्नल ब्रह्मपाल सिंह तोमर ने कहा कि केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को चौधरी चरण सिंह अवाडर्स से सम्मानित करने का काम किया। मोहनवीर उज्जवल के संचालन में हुए कार्यक्रम में लेखराज प्रधान, राजू तोमर सिरसली, कर्नल विनोद उज्जवल, योगेंद्र वैदिक इंद्रपाल प्रधान, अशोक आर्य आदि ने विचार रखे।



# छात्रों को साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी को जागरूकता गोष्ठी की आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना प्रांगण में शनिवार को स्कूली छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर के विभिन्न स्कूलों से दर्जनों छात्र-छात्राएं थाना परिसर में पहुंचे और साइबर सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।गोष्ठी को संबो. धित करते हुए साइबर अपराध शाखा पर तैनात हेड कांस्टेबल सोहनवीर सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में इंटरनेट और मोबाइल के बढ़ते उपयोग के साथ-साथ साइबर अपराधों में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। उन्होंने छात्रों को बताया कि अनजान लिंक पर क्लिक करना, ओटीपी साझा करना, फर्जी कॉल या मैसेज पर भरोसा करना, सोशल



मीडिया पर निजी जानकारी सार्वजनिक करना जैसे कार्य साइबर ठगी का कारण बन सकते हैं।सोहनवीर सिंह ने उदाहरणों के माध्यम से समझाया कि किस प्रकार साइबर अपराधी मासूम लोगों को अपने जाल में फंसाते हैं और आर्थिक व मानसिक नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वह किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या ई-मेल की तुरंत जानकारी अपने अभिभावकों अथवा पुलिस को दें।

गोष्ठी में यह भी बताया गया कि साइबर अपराध की शिकायत के लिए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा साइबर क्राइम पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। छात्रों को सुरक्षित इंटरनेट उपयोग, मजबूत पासवर्ड रखने और सोशल मीडिया पर सतर्क रहने के उपाय भी बताए गए।

## दो अभियुक्त गिरफ्तार

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आद. ेशानुसार चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी थानाभवन के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बाबरी पुलिस द्वारा 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है, कब्जे से 1 अवैध तमंचा 315 बोर मय 4 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बाबरी शामली पर सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त विवेक पुत्र सोहनवीर निवासी ग्राम नागल भगवानपुर थाना दोघट जनपद बागपत व गौरव पुत्र विनोद निवासी ग्राम नागल भगवानपुर थाना दोघट जनपद बागपत हैं।

# जोगिन्दर सिंह को हराकर अध्यक्ष पद का चुनाव जीते सत्यवीर सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में सत्यवीर सिंह एडवोकेट ने जोगिंदर सिंह मुंगेर को हराकर अध्यक्ष पद का चुनाव जीत लिया चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में तीनों पद हेतु आमने-सामने का मुकाबला था कुल 41 मतदाताओं ने वोट डाले अध्यक्ष पद पर सत्यवीर सिंह एडवोकेट को 25 जोगिंदर सिंह मुंगेर को 16 वोट मिले जिसमें सत्यवीर सिंह एडवोकेट ने नौ वोटो से जोगिंदर सिंह मुंगेर को हराया। महासचिव के पद पर सोनू कल्याण को 23 तथा तसव्वर अली को 16 मत मिले तथा कोषाध्यक्ष पर जसबीर सौदाई को 22 दक्ष बाबूराम को 19 वोट मिले ।एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शादाब खान ने तीनों प्रत्याशियों को विजई घोषित किया। बाद में विजय प्रत्याशियों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा मिष्ठान वित. रित किया गया। अध्यक्ष पद पर जीत के बाद सत्यवीर सिंह एडवोकेट ने कहा कि सभी अधिवक्ताओं ने चुनाव में सहयोग किया है अधिवक्ताओं के हितों के लिए कार्य किया जाएगा तथा बार भवन का निर्माण किया जाएगा इस दौरान शांति व्यवस्था हेतु पुलिस भी तैनात रही।





# राजमिस्त्री पर रुपये लेकर निर्माण न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक व्यक्ति ने राजमिस्त्री पर रूपए लेकर मकान निर्माण नहीं करने का आरोप लगाते ही आरोपी राजमिस्त्री के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

कस्बे की जाट कॉलोनी निवासी व्यक्ति राजकुमार ने शनिवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसने कस्बे की जन्नत कॉलोनी निवासी राजमिस्त्री खालिद उर्फ काला को अपने अपने दामाद का मकान निर्माण करवाने के लिए मोदीनगर में लिखित शर्तों के अनुसार मकान निर्माण का ठेका दिया था। मकान निर्माण से पूर्व पच्चास हजार रूपए पेशगी ठेकेदार को दिए थे। ठेकेदार ने मकान निर्माण कार्य शुरू कर दिया था और बीच-बीच में भी रूपए लेता रहा। लाखों रूपए हो जाने के बाद आरोपी राजमिस्त्री उसका मकान निर्माण कार्य बीच में छोड़कर आ गया। कहने के बाद भी राजमिस्त्री नहीं तो उनका मकान निर्माण कर रहा है और नहीं उनके रूपए वापस लौटा रहा है। पीड़ित व्यक्ति ने आरोपी राज मिस्त्री के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए अपने रूपए वापस दिलवाने अन्यथा मकान निर्माण करवाने की मांग की है। दुसरी और कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी एक युवक ने बागपत निवासी व्यक्ति पर कार खरीदने के लिए दिए 21 हजार रूपए एडवांस वापस नहीं देने का आरोप लगाते भी आरोपी के विरुद्ध थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दोनों शिकायतों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## गोकशी की घटना में वांछित गोकश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** शहर कोतवाली पुलिस ने मौहल्ला पंसारियान स्थित मकान में गौकशी के मामले में वांछित एक गौकश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस एक गौकश को पहले ही जेल भेज चुकी है। बीती 20 अप्रैल को कोतवाली पुलिस ने शहर के मौहल्ला पंसारियान स्थित अयाज उर्फ पप्पू पुत्र कुतुबुद्दीन के घर पर गौकशी की सूचना पर छापेमारी करते हुए पांच किलो प्रतिबंधित पशु का मांस बरामद किया था। पुलिस ने गौकश अयाज को मौके पर ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि अन्य की तलाश की जा रही थी। शनिवार को कोतवाली पुलिस ने घटना में वांछित एक अन्य गौकश फिरोज पुत्र शकील निवासी पंसा. रियान को गिरफ्तार कर लिया।

### एक नजर

## भड़ी पंचायत में तालाब की खुदाई के विरोध मे मारपीट, पत्थरबाजी का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** भडी मे पंचायत विभाग द्वारा तालाब की खुदाई के दौरान तालाब के रकबे को लेकर जमकर हंगामा हुआ। दो पक्षो के लोग लाठीडंडो के साथ सडक पर आमने सामने आ गए। आरोप है कि तालाब मे कम रकबे की खुदाई की जा रही। तालाब के आधे से अधिक रकबे पर ग्रामीणो का कब्जा है। चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव भडी मे तालाब के कम रकबे पर पंचायत द्वारा खुदाई करने का आरोप लगाते हुए गांव के रफाकत पुत्र जरीफ,सावेज पुत्र वारिश अली,बरासत पुत्र बरकत,मुकर्रम पुत्र मूसा,साजिद पुत्र रहमददीन,शौकत पुत्र अशरफ अली आदि ने विरोध किया। जिस पर गांव के ही दूसरे पक्ष नाजिम,शमशेर ने विरोध किया। कहासुनी के बाद शमशेर पक्ष की महिलाएं भी मौके पर पहुॅच गई। पीडित पक्ष रफाकत आदि का आरोप है कि शमशेर पक्ष की महिलाओं ने जमकर ईंट पत्थर बरसाए लेकिन मारपीट मे कोई घायल नही हो सका। पीडित पक्ष ने मौके से ही जिलाधिकारी को प्रकरण से अवगत कराया और कार्यवाही की मांग की है। वही पुलिस ने मामले मे किसी प्रकार की शिकायत होने से इंकार किया है।

# सकौती अड्डे पर प्यासा यात्री, सरकारी नल से छह माह से निकल रहा पीला पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना.बिडौली मार्ग पर स्थित सकौती अड्डा इन दिनों पेयजल संकट से जूझ रहा है। यहां रोजाना सैकड़ों यात्री बसों का इंतजार करते हैं और आसपास करीब एक दर्जन दुकानें भी संचालित हैं, लेकिन यात्रियों और दुकानदारों के लिए पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। अड्डे पर लगा एकमात्र सरकारी नल पिछले करीब छह महीनों से पीला पानी उगल रहा है, जिससे यह पानी पीने योग्य नहीं रह गया है।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि इस अड्डे की दुकानें सकौती गांव से लगभग 700 मीटर की दूरी पर स्थित हैं। ऐसे में पानी की जरूरत पड़ने पर उन्हें गांव से ही पानी लाकर काम चलाना पड़ता है। दुकानदार



लाभ सिंह, ब्रह्मपाल, राजेंद्र, डॉ। राजवीर, धूम सिंह, सोहेल और विजयपाल ने बताया कि अड्डे पर लगा सरकारी नल यात्रियों की सुविधा के लिए है, लेकिन उससे निकलने वाला पानी पीला और बदबूदार होने के कारण न तो दुकानदार उपयोग कर पा रहे हैं और न ही यात्री। मजबूरी में कई बार यात्रियों को पास की दुकानों से बोतलबंद पानी खरीदना पड़ता है।

दुकानदारों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हो सका। उनका कहना है कि गर्मी के दिनों में यात्रियों की संख्या बढ़ जाती है और पानी की किल्लत और भी गंभीर हो जाती है। बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे सबसे अधिक परेशान होते हैं।

वहीं ग्राम प्रधान पारूल ने बताया कि सकौती अड्डे पर लगा नल खराब हो चुका है और उससे निकलने वाला पानी उपयोग योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि जल्द ही अड्डे पर दूसरे स्थान पर रिबोर कराकर नया नल लगवाया जाएगा, ताकि यात्रियों और दुकानदारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके।

## मारपीट, महिलाओं से अभद्रता व जान से मारने की धमकी

**झिंझाना।** मोहल्ला शाह मुबारिक निवासी इमरान पुत्र शमीम के साथ मारपीट, घर में घुसकर हमला, महिलाओं से अभद्रता और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शिकायत के अनुसार 5 दिसंबर 2025 की रात आरोपी लाठी डंडे, तमंचे और धारदार हथियार लेकर इमरान के घर में घुस आए और उस पर जानलेवा हमला कर दिया।

हमले में इमरान की एड़ी की हड्डी में फ्रैक्चर हो गया, जबकि शरीर पर कई स्थानों पर गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर बचाव में आई इमरान की पत्नी, मां और बहन के साथ भी आरोपियों ने अभद्रता की तथा तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित इमरान ने बताया कि डॉक्टरों ने उसकी हालत को गंभीर बताते हुए ऑपरेशन की सलाह दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना झिंझाना पुलिस ने निसार, आसिफ, आदिल निवासीगण ग्राम गढीपुख्ता तथा जिशान निवासी मोहल्ला नीला रोजा झिंझाना के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विहिप ने मनाया पूज्य श्रद्धानंद जी का बलिदान दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** शनिवार को विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार विभाग द्वारा नगर स्थित जाट धर्मशाला में पूज्य श्रद्धानंद का बलिदान दिवस धर्म रक्षा दिवस के रूप में श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हिमांशु शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि विश्व हिंदू परिषद का धर्म प्रसार विभाग प्रत्एक वर्ष 23 दिसंबर से 31 दिसंबर तक देशभर में पूज्य श्रद्धानंद की पुण्यतिथि को धर्म रक्षा दिवस के रूप में मनाता है। उन्होंने बताया कि पूज्य श्रद्धानंद ने अपना संपूर्ण जीवन हिंदू धर्म के उत्थान और समाज जागरण के लिए समर्पित कर दिया था।मुख्य वक्ता ने कहा कि श्रद्धानंद के नेतृत्व में कुल 127 शुद्धि सम्मेलन आयोजित हुए, 156 पंचायतें संपन्न कराई गईं तथा 81 छोटे-बड़े सहभोज आयोजित किए गए। उनके प्रयासों से शुद्धि समाचार नामक मासिक पत्रिका का प्रकाशन भी हुआ, जिसके लगभग 14 हजार पाठक थे। उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों से बड़ी संख्या में लोगों ने पुनः सनातन धर्म को अपनाया और समाज में धर्मांतरण के विरुद्ध जागरूकता फैली।कार्यक्रम के दौरान पूज्य श्रद्धानंद के विचारों और योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रखंड मंत्री अभय हुड्डा ने किया। इस अवसर पर प्रवीण चौहान, सुभाष मलिक, रवि चंद, रोहन संतलाल सहित मनीष, विनीत, सूरज, अनुज, रवि, आकाश जैन, शिवम आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गैर जमानती वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के आदेशानुसार जनपद में गैर जमानती वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने गैर जमानती वारंट के आधार पर एक अभियुक्त सतपाल निवासी ग्राम जमालपुर थाना झिंझाना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया।

# महिला पर लाठी डंडों से हमले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही चार लोगों पर पीड़ित की पत्नी को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी मियां निवासी सफी पुत्र जाफर ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया की पत्नी वकीला एक सप्ताह पूर्व कूड़ा डालने के लिए जा रही थी। आरोप है इसी बीच गांव के ही माजिद पुत्र अफजाल, मुस्तकीम पुत्र इस्लाम, लुकमान पुत्र इकराम व अविश पुत्र इस्लाम ने पीड़ित की पत्नी के साथ गाली गलौज कर दी थी। पीड़ित की पत्नी ने विरोध किया तो आरोप है कि चारों लोगों ने एक राय होकर पीड़ित की पत्नी पर लाठी डंडों से हमला कर घायल कर दिया था। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# कुत्तों-बंदरों का बढ़ रहा आतंक, प्रशासन उदासीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** नगर पंचायत क्षेत्र में आवारा कुत्तों और बंदरों की बढ़ती संख्या से आमजन की चिंता एवं असुरक्षा बढ़ती जा रही है। इन जानव. रों के नियंत्रण के लिए नगर पंचायत झिंझाना द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे स्थिति दिना. ेंदिन गंभीर होती जा रही है।

शुक्रवार सुबह एक चौंकाने वाली घटना सामने आई, जब नगर पंचायत के एक सफाई कर्मचारी सन्नी पर एक पागल कुत्ते ने हमला कर दिया। वह नियमित रूप से सफाई कार्य में लगा हुआ था कि अचानक एक कुत्ते ने उस पर आक्रमण कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस हमले के बाद उसी पागल कुत्ते ने आस-पास के अन्य आवारा कुत्तों को भी काट लिया, जिससे पूरे इलाके में दहशत का माहौल फैल गया।



स्थानीय निवासी घटनास्थल पर जमा हो गए और बच्चों तथा बुजुर्गों को सुरक्षित स्थानों पर ले गए। काफी देर तक इलाके में हड़कंप जैसी स्थिति बनी रही। सूचना मिलने पर नगर पंचायत के अन्य कर्मचारी मौके पर पहुंचे और काफी प्रयासों के बाद उस पागल कुत्ते को पकड़ लिया। घायल कर्मचारी सन्नी को तुरंत चिकित्सक के पास ले जाया गया, जहां उसको प्राथमिक उपचार के साथ-साथ एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाया गया।

इस घटना के बाद स्थानीय निवा. सियों का आक्रोश स्पष्ट दिखाई दिया। उन्होंने नगर पंचायत प्रशासन से क्षेत्र में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर तुरंत नियंत्रण करने और उनके नसबंदी व टीकाकरण का व्यवस्थित अभियान चलाने की मांग की है।

लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए तत्काल कार्यवाही आवश्यक है। इन दिनों कस्बे में आवारा कुत्तों और बंदरों के उत्पात में लगातार वृद्धि हो रही है। नागरिकों द्वारा नगर पंचायत कार्यालय में इस संबंध में कई बार लिखित शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कस्बावासियों ने प्रशासन से मांग की है कि वह आवारा कुत्तों एवं बंदरों को पकड़कर उचित प्रबंधन करे और जनता को इस समस्या से निजात दिलाए।

# रेन बसेरों में सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त हों, ठंड से एक भी व्यक्ति प्रभावित ना हो: जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान ने दिनांक 26-12-25 की देर रात नगर पालिका परिषद शामली क्षेत्र के रेन बसेरों का औचक निरीक्षण कर वहां पर व्यवस्थाओं को देखा और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रेन बसेरा में आने वाले व्यक्तियों को सर्दी से बचाव हेतु रजाई कम्बल आदि की व्यवस्था मुहैया कराई जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान में तो रात नहीं काट रहा है ऐसे व्यक्तियों को तत्काल रैन बसेरे



में ठहराया जाएं।

साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि सार्वजनिक स्थलों एवं चौराहों पर अलाव जलाने की व्यवस्था शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही ना हो।निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ रेलवे स्टेशन पर अलाव की व्यवस्था देखते हुए यहां कंबल का वितरण भी किया।

इसके उपरांत जिलाधिकारी ने दिल्ली बस स्टैंड, नगर पालिका परिषद आदि का निरीक्षण करते हुए सभी जगह रेन बसेरों में आने वाले लोगों के लिए ठंड से बचाव हेतु सभी मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के समय सत्येन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी (वि./रा), शामली एसडीएम शामली अर्चना शर्मा, तहसीलदार शामली मनोज कुमार, नायब तहसीलदार गौरव अधिशासी अधिकारी शामली आदि मोजूद रहे।

# नीलामी राशि जमा न करने पर ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा, पुलिस ने शुरू की जांच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांच स्वास्थ्य उपकेंद्रों के जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण के बाद नीलामी की निर्धारित राशि जमा न करने के मामले में पुलिस ने ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर के सीएचसी चिकित्सा प्रभारी डॉ। वीरेंद्र सिंह ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि विकास खंड क्षेत्र के भभीसा, गंगेरू, आल्दी, इस्सोपुर टील एवं रसूलपुर स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्रों के पुराने व अनुपयोगी भवनों के ध्वस्तीकरण तथा मलबा निस्तारण के लिए 19 अप्रैल 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांधला परिसर में नीलामी प्रक्रिया आयोजित की गई थी। इस नीलामी में ग्राम संपला निवासी देवेंद्र कुमार पुत्र राजा सिंह ने सर्वाधिक बोली लगाते हुए 5 लाख 48 हजार 100 रूपए में ठेका अपने नाम कराया था।आरोप है कि ठेकेदार ने नीलामी के बाद सभी पांचों स्वास्थ्य उपकेंद्रों से ध्वस्त भवनों का मलबा उठा लिया, लेकिन इसके बावजूद आज तक नीलामी की धनराशि स्वास्थ्य विभाग के सरकारी खाते में जमा नहीं कराई।

विभाग की ओर से कई बार फोन के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन ठेकेदार ने फोन उठाना बंद कर दिया। इसके साथ ही विभाग द्वारा लिखित पत्र भेजकर भी बार-बार अवगत कराया गया, परंतु कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।मामले में चिकित्सा अधीक्षक ने मुख्य विकास अधिकारी एवं थाना कांधला में शिकायत पत्र देकर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी ठेकेदार की तलाश शुरू कर दी गई है।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है तथा जल्द ही आरोपी ठेकेदार को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# इंग्लैंड की बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऐतिहासिक जीत

## चौथे एशेज टेस्ट में दूसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर 14 साल का इंतजार खत्म किया

**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर बॉक्सिग डे पर इतिहास रच दिया, चौथे एशेज टेस्ट में दूसरे ही दिन शनिवार को ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर जनवरी 2011 के बाद ऑस्ट्रेलिया में अपनी पहली टेस्ट जीत हासिल की और 14 साल का इंतजार खत्म किया।

इस जीत से बार्मी आर्मी और इंग्लैंड टीम में जोरदार जश्न मनाया गया, जिसमें जो रूट और बेन स्टोक्स जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने आखिरकार उस जीत का आनंद लिया जो उन्हें ऑस्ट्रेलिया में लंबे समय से नहीं मिली थी। इंग्लैंड के जोश टंग को मैच में सात विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। टॉस जीतकर इंग्लैंड ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिससे ऑस्ट्रेलिया पर तुरंत दबाव आ गया। मेजबान टीम पहली पारी में 152 रन ही बना पाई, जबकि इंग्लैंड ने 110 रन बनाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में मामूली बढ़त मिली। अपनी दूसरी पारी में, ऑस्ट्रेलिया 132 रन पर ढेर हो गई, जिसमें ब्रायडन कार्स, बेन स्टोक्स और गस एटकिसन ने अनुशासित और धारदार गेंदबाजी से कहर बरपाया। कार्स ने मार्नस लाबुशेन और ट्रैविस हेड सहित चार विकेट लिए, जबकि स्टोक्स ने कैमरन ग्रीन, जेक वेदरल्ड और नेसर को आउट किया। मिशेल स्टार्क बिना खाता खोले आउट हो गए, रूट ने उनका कैच लिया, और पारी तब खत्म हुई जब जे रिचर्डसन ने पुल शॉट खेला और गेंद क्रॉली के हाथों में चली गई। 175 रनों का पीछा करते हुए, इंग्लैंड को तनावपूर्ण पलों का सामना करना पड़ा क्योंकि बेन डकेट और जैक क्रॉली की शुरुआती आक्रामकता ने मंच तैयार किया। जैकब बेथेल ने महत्वपूर्ण 40 रनों का योगदान दिया, जबकि जो रूट 15 रन बनाकर रिचर्डसन का शिकार हुए



और बेन स्टोक्स तब आउट हुए जब सिर्फ 10 रन चाहिए थे। हालांकि, हैरी ब्रूक और जेमी स्मिथ की शांत और संयमित बल्लेबाजी ने इंग्लैंड को जीत दिलाई, ब्रूक ने आखिरी ओवरों में महत्वपूर्ण चौके लगाकर ऐतिहा. सिक जीत पक्की की। इंग्लैंड ने छह विकेट पर 178 रन बनाए। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड ने कौशल, तनाव और नाटक से भरा एक रोमांचक मुकाबला देखा। दबाव में वापसी करने की इंग्लैंड की क्षमता, अनुशासित गेंदबाजी और सही समय पर साझेदारियों ने उन्हें बॉक्सिग डे पर एक यादगार जीत हासिल करने में मदद की। हालांकि यह जीत इस सीरीज में एशेज वापस पाने के लिए काफी नहीं है, लेकिन यह ऑस्ट्रेलियाई परिस्थितियों में इंग्लैंड के लचील. ेपन और जुझारू भावना को दिखाती है, जिससे उनके सीनियर खिलाड़ियों की सालों की निराशा खत्म हुई। इस मैच ने दोनों टीमों की गहराई और चरित्र को भी उजागर किया, ऑस्ट्रेलिया ने प्रतिरोध के कुछ पल दिखाए लेकिन आखिरकार इंग्लैंड के लगातार दबाव के आगे घुटने टेक

# दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा है: स्टीव स्मिथ

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने इंग्लैंड के खिलाफ बॉक्सिग डे टेस्ट दो दिन में हारने के बाद कहा कि दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा है। स्मिथ ने शनिवार को मैच के बाद एमसीजी की पिच को लेकर कहा कि हां, यह काफी मुश्किल था। दो दिन के अंदर 36 विकेट गिरना बहुत ज्यादा हैं। ग्राउंड्समैन के तौर पर यह काफी मुश्किल है।

मेरे हिसाब से वह हमेशा सही प्रकार का संतुलन देने की कोशिश करते हैं। पिछले साल की पिच बहुत अच्छी थी और मैच पांचवें दिन तक गया था। इस बार भी अगर 10 मिमी की जगह 8 मिमी रखते तो सही रहता। लेकिन ग्राउंड्समैन हमेशा सीखते हैं और इस मैच से उन्हें काफी कुछ सीखने को मिलेगा। एमसीजी के क्यूरेटर मैट पेज ने इस बार 7-8 मिमी घास की जगह 10 मिमी घास रखी थी और अंत में इसी कारण से मैच सिर्फ दो दिन के



अंदर खत्म हो गया। स्मिथ ने आगे कहा कि जिन पिचों पर सीम गें. दबाजों को ज्यादा मदद मिलती है, वहां स्पिन खेलना आसान होता है और ऐसे में आप यही सोचते हैं कि इस तरह की पिच पर स्पिनर को खिलाकर 30-40 रन अतिरिक्त क्यों देना है। पर्थ में भी हमने स्पिनरों का ज्यादा इस्तेमाल नहीं किया था।

पिक बॉल टेस्ट में भी स्पिनरों का उपयोग नहीं किया गया था। एडिलेड में पिच अलग थी इसलिए वहां मामला अलग था। इस मैच में भी स्पिन गेंदबाजों को गेंद देने की जरूरत नहीं लगी। मुझे मैच में स्पिनरों का योगदान अच्छा लगता है लेकिन जहां जरूरत नहीं है, वहां मतलब नहीं बनता। टेस्ट इतिहास में पहली बार ऑस्ट्रेलिया ने पूरे मैच में किसी स्पिनर से गेंद नहीं करवाई। चार मैचों में अभी तक दो मैच में ऑस्ट्रेलिया ने चार तेज गेंदबाज खिलाए और पर्थ टेस्ट में भी नाथन लायन ने सिर्फ दो ओवर ही गेंदबाजी की थी। इंग्लैंड ने दो दिन के अंदर एशेज का चौथा टेस्ट जीता और यह इस सीरीज का दूसरा दो दिन वाला टेस्ट मैच था। इससे पहले 1912 में एक सीरीज में एक से ज्यादा दो दिन के टेस्ट खेले गए थे और ऑस्ट्रेलिया में सिर्फ चार बार दो दिन के टेस्ट मैच खेले गए हैं। इस सीरीज से पहले 1931 में मेलबर्न और 2022 में ब्रिस्बेन में यह रिकॉर्ड बना था। पिछले 20 सालों में एमसीजी की पिच ऑस्ट्रेलिया में बल्लेबाघी के लिए सबसे मुश्किल पिच थी। इसी कारण से 1932 के

# दीप्ति ने 1000 रन व 150 विकेट लेकर रचा इतिहास



**तिरुवनंतपुरम, वार्ता।** भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में ऐतिहासिक प्रदर्शन

### इस प्रारुप में महिला व पुरुष दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर

करते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। इस मैच में उन्होंने महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली तीसरी खिलाड़ी बनने की उपलब्धि के साथ इसी प्रारूप में एक हजार रन और 150 विकेट का डबल पूरा करने का भी कारनामा किया। वह इस प्रारुप में (महिला, पुरुष) दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर है।

ग्रीनफील्ड अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में शुक्रवार को दीप्ति के 3/18 के शानदार स्पेल से उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की महान एलिस पेरी को पीछे छोड़ दिया है। पेरी ने 271 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में 331 विकेट थे। दीप्ति के नाम अब 333 विकेट हो गए हैं। यह कारनामा करने वालों में वह अब केवल इंग्लैंड की कैथरीन साइवर-ब्रंट और भारतीय दिग्गज झूलन गोस्वामी से पीछे हैं। 26 साल की दीप्ति ने इस छोटे फॉर्मेट में एक और बड़ा मुकाम हासिल किया। वह टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में 150 विकेट लेने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर (पुरुष या महिला) खिलाड़ी बन गईं। दीप्ति ने श्रीलंका की कविशा दिलहारी को आउट करके यह मुकाम हासिल किया और बाद में अपना 151वां टी-20 विकेट लिया, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट के साथ महिला टी-20 में सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। महिला एकदिवसीय में, वह झूलन गोस्वामी के बाद भारत की दूसरी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गें. दबाज हैं। उन्होंने 121 मैचों में 162 विकेट लिए हैं, जबकि पांच टेस्ट मैचों में 18-10 के शानदार औसत से 20 विकेट भी लिए हैं। उन्होंने अब इस प्रारुप में 1,100 से अधिक रन बनाए हैं और 151 विकेट भी लिए हैं। वह पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों में टी-20 के इतिहास में एक हजार रन और 150 विकेट का कारनामा करने वाली पहली खिलाड़ी हैं।

# सफेद गेंद क्रिकेट में वापसी की तैयारी में पंत

**बेंगलुरु, वार्ता।** बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से क्षितिज पर एक एयरपोर्ट रनवे दिखाई देता है। विमानों के उड़ान भरने की आवाज जमीन तक नहीं पहुंचती, लेकिन नजारा दिखता है। गुजरात द्वारा पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहे जाने के बाद दिल्ली की पारी के अधिकांश समय ऋषभ पंत खुद उड़ान भरने के लिए तैयार थे। लेकिन वह संयमित रहे, 20वें ओवर में 98 रन पर 3 विकेट गिरने के बाद मैदान पर आए थे। बेंगलुरु के बाहरी इलाके में, बड़ी भीड़ या ट्रैफिक की अनुपस्थिति में, खेल की गति बीच में आने वाली आवाजों से तय होती है। गेंदबाज के दौड़ने पर बल्ले की आवाज, फील्डरों का अपील के लिए जोर से चिल्लाना, बाउंसर के बल्लेबाज के पास से गुजरने के बाद आहें। पिच ने तेज गेंदबाजों को थोड़ी गति और उछाल दी, जिससे बल्लेबाजों के लिए जीवन और मुश्किल हो गया, जैसा कि विराट कोहली ने 29 गेंदों में अर्द्धशतक बनाया था। विशाल जायसवाल की शानदार लेफ्ट-आर्म स्पिन गेंदबाजी से स्टंप होने से पहले उन्होंने दिल्ली के 108 रनों में से 77 रन बनाए थे। फील्ड फैली हुई थी, और दिल्ली के बल्लेबाजों के खत्म होने का



खतरा था, ऐसे में पंत के लिए टिके रहना महत्वपूर्ण था, क्योंकि कोई राहत नजर नहीं आ रही थी। उन्होंने ज्यादातर गेंदों को इन-फील्डरों के पास से निकालकर सिगल लिए और 20 और फिर 30 रन बनाए। पंत ने क्रीज पर टिके रहने पर ध्यान दिया और शुरुआत में शानदार, हवाई शॉट्स से काफी हद तक परहेज किया। क्रीज पर उनकी शांति, हर बार पिच पर बल्ला टैप करने पर जमा हो रही पावर से बिल्कुल अलग थी। उनका कंजर्वेटिव स्ट्रोक प्ले उस पावर से मेल नहीं खाता था जिसे वह उनमें इस्तेमाल कर रहे थे। फील्ड के पार एक और शॉट ने उन्हें 49 रन पर पहुंचा दिया। फिर उन्होंने जैसे ही रवि बिश्नोई को अपनी हिटिग आर्क से दूर एक गलत गेंद फेंकते देखा, उन्होंने स्विच ऑन कर दिया। लाइन के पार एक जोरदार स्विग के साथ उस पर टूट पड़े। उनका हाथ बल्ले से पूरी तरह अलग नहीं हुआ, जैसा कि उनके कई पावरफुल शॉट्स में होता है, लेकिन गेंद लॉन्ग-ऑन बाउंड्री के बहुत दूर चली गई। स्प्रिंग काफी देर से कसा हुआ था, और अब 50 रन पार करने के बाद, गेंदों के बीच उनके मूवमेंट की गति में कुछ बदलाव आया। वह अचानक क्रीज के पार कूदते हुए दिखे, दूसरे छोर पर हर्ष त्यागी के साथ ग्लव्स टैप करने के लिए ज्यादा उत्सुक थे। अपने अर्द्धशतक के तुरंत बाद, वह घुटनों पर बैठ गए, डीप-बैकवर्ड स्क्वायर लेग की तरफ स्वीप किया, भले ही वह लगभग दूसरी तरफ गिर गए थे। उन्होंने 62 गेंदों में अपना अर्द्धशतक पूरा किया था। उन्होंने अगली 16 गेंदों में 20 रन और जोड़े। इस सेट के रनों का सबसे अच्छा शॉट तब था जब वह अपनी क्रीज में काफी पीछे खड़े थे और एक गेंद अजीब तरह से उठी, ऑफ स्टंप के बाहर अच्छी लेंथ से थोड़ी पहले से ऊपर की ओर गई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### न्यूलैंड्स में रनों की बरसात के बीच सीजन 4 का भव्य आगाज

**न्यूलैंड्स, वार्ता।** रयान रिकेल्टन का एसए20 में पहला शतक भी एमआई केप टाउन को हार से नहीं बचा सका। रोमांचक सीजन-4 के उद्घाटन मुकाबले में डरबन सुपर जायंट्स ने एमआई केप टाउन को 15 रन से हराकर विजई शुरुआत की। रनों से भरी इस ओपनिग नाइट में कुल 449 रन बने, जिसमें 25 छक्के और 40 चौके शामिल रहे। न्यूलैंड्स पहुंचे दर्शकों को शुरू से अंत तक भरपूर मनोरंजन देखने को मिला। डरबन सुपर जायंट्स की ओर से न्यूजीलैंड की नई ओपनिग जोड़ी कॉनवे और केन विलियमसन ने पावरप्ले में शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मात्र 8-3 ओवर में 96 रन जोड़ दिए। विलियमसन (25 गेंदों पर 40 रन, 7 चौके) का विकेट एमआई केप टाउन के कप्तान ने मिड-ऑफ से पीछे दौड़ते हुए फुल-लेंथ डाइव लगाकर लाजवाब कैच लेकर गिराया।

### दो-दिवसीय टेस्ट से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को हो सकता है लाखों का नुकसान

**मेलबर्न, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा कि छोटे टेस्ट बिजनेस के लिए खराब हैं व रिकॉर्ड भीड़ के बावजूद बॉक्सिग डे टेस्ट में पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद उन्होंने माना कि उनकी रात नींद के बिना गुजरी। सीए को उम्मीद थी कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पूरे बॉक्सिग डे टेस्ट में भीड़ के रिकॉर्ड टूटेंगे, भले ही सीरीज खत्म हो गई थी, क्योंकि पहले तीन दिनों में पहले से बिके टिकटों की संख्या और पूरी सीरीज में अभूतपूर्व मांग थी। लेकिन पर्थ में दो-दिवसीय टेस्ट में पहले दिन 19 विकेट गिरने के बाद 50 लाख ऑस्ट्रेलियन डॉलर (33 लाख डॉलर) के आसपास का नुकसान होने के बाद, अगर मेलबर्न टेस्ट छह सेशन के अंदर खत्म हो गया।

# पंजाब किंग्स के पास चहल के लिए पर्याप्त बैकअप नहीं है: मुकुंद

### अभिनव मुकुंद ने कहा कि पंजाब किंग्स को ऑक्शन में ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं, क्योंकि उन्होंने पहले ही काफी इन्वेस्ट कर दिया था

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर अभिनव मुकुंद ने कहा है कि पंजाब किंग्स के पास युजवेंद्र चहल के लिए पर्याप्त बैकअप नहीं है। टाटा आईपीएल 2026 ऑक्शन में पंजाब किंग्स ने विष्णु विनोद और प्रवीण दुबे जैसे अहम घरेलू खिलाड़ियों के साथ-साथ मिडिल ऑर्डर में बैलेंस के लिए ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कूपर कॉनोली को लेकर अपनी टीम को मजबूत किया। जियो हॉटस्टार के 'टाटा आईपीएल ऑक्शन रिव्यू' में, जियोस्टार के एक्सपर्ट रॉबिन उथप्पा और अभिनव मुकुंद ने टीम के स्मार्ट एडिशन की तारीफ की, साथ ही स्पिन डेप्थ जैसे उन एरिया पर भी ध्यान दिलाया जिन पर ध्यान देने की जरूरत है। अभिनव मुकुंद ने कहा कि पंजाब किंग्स को ऑक्शन में ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उन्होंने पहले ही काफी इन्वेस्ट कर दिया था। एकमात्र चिंता की बात यह है कि युजवेंद्र चहल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में नहीं खेले। इसलिए यह साफ नहीं है कि उनके पास उनके लिए पर्याप्त बैकअप है या नहीं। उन्होंने कर्नाटक के लेग-स्पिनर प्रवीण दुबे और कूपर कॉनोली को टीम में शामिल किया है, जो एक रोमांचक बाएं हाथ के ऑलराउंडर हैं और तीन से पांच नंबर तक कहीं भी बैटिंग कर सकते हैं।

# होल्डन, नसीम ने टीम को टॉप स्पॉट पर पहुंचाया



**शारजाह, वार्ता।** डेजर्ट वाइपर्स ने शारजाह वॉरियर्स को हराकर आईएल टी 20 पॉइंट्स टेबल में टॉप स्थान हासिल किया, जिसके परिणामस्वरूप वॉरियर्स टूर्नामेंट से बाहर हो गए। सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन का नेतृत्व नसीम शाह के तीन विकेट (35 रन देकर 3 विकेट) ने किया, जिसके बाद मैक्स होल्डन ने नाबाद 65 रन बनाकर वाइपर्स को पांच विकेट और तीन गेंदें शेष रहते जीत

### सामूहिक गेंदबाजी प्रदर्शन का नेतृत्व नसीम शाह के तीन विकेट ने किया

दिलाई। बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने के बाद, वॉरियर्स की शुरुआत खराब रही और मोनांक पटेल और टॉम एबेल पहले दो ओवरों में आउट हो गए। चार्ल्स ने तीन चौके लगाए, जिसके बाद टॉम कोहलर-कैडमोर ने नसीम का स्वागत एक चौके और एक छक्के से किया, जिसमें पाकिस्तानी सीमर के 19 रन के ओवर में पांच वाइड भी शामिल थे। छठे से आठवें ओवर में वॉरियर्स केवल 13 रन बना पाए, लेकिन चार्ल्स ने कैस अहमद की गेंदों पर दो छक्के लगाए और साझेदारी 50 रन के पार पहुंच गई। ठीक जब दोनों पारी को संभालने की कोशिश कर रहे थे, तभी नसीम ने धीमी गेंद पर कोहलर-कैडमोर को बोल्ड कर दिया। हालांकि, चार्ल्स खतरनाक मूड में बने रहे और पेन की गेंदों पर दो चौके लगाए। लेकिन खेल 12वें ओवर में बदल गया जब कैस ने चार्ल्स और सिकंदर रजा को लगातार गेंदों पर आउट कर दिया, जिससे 12वें ओवर के अंदर ही वॉरियर्स के पांच विकेट गिर गए। जेम्स रीव ने 20 गेंदों में 22 रन बनाकर स्कोरबोर्ड को चालू रखा, लेकिन नसीम के हाथों आउट हो गए, जिसके बाद उन्होंने अपने आखिरी ओवर में हरमीत सिंह को भी आउट किया। आदिल राशिद के एक छक्के से वॉरियर्स का स्कोर 7 विकेट पर 140 रन हो गया। वाइपर्स की जवाबी पारी वैसी शुरू नहीं हुई जैसी उन्होंने उम्मीद की थी। 2-2 ओवर में उनके दो ओपनर - एंड्रीज गौस और फखर जमान के आउट होने के बाद उनका स्कोर 9 रन पर 2 विकेट था। इसके बाद पारी को संभालने का जिम्मा होल्डन और सैम करेन पर था और दोनों ने शुरुआत में ही ओवरपिच गेंदों पर चौके-छक्के लगाए। सातवें ओवर में, होल्डन ने रजा की गेंदों पर दो चौके और एक छक्का लगाया, जिससे गति वाइपर्स की ओर शिफ्ट होती रही। करन और होल्डन ने बीच के ओवरों में गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाया, जिसके बाद करन ने आदिल राशिद की गेंद पर छक्का लगाकर 50 रन की पार्टनरशिप पूरी की। हरमीत ने करन का विकेट लेकर पार्टनरशिप तोड़ी, जो 25 रन बनाकर पैड पर गेंद लगने के बाद आउट हो गए। डैन लॉरेंस ने हरमीत की गेंद पर छक्का लगाया, लेकिन अगले ही ओवर में लेफ्ट-आर्मर ने लॉरेंस को लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट करवाकर बदला ले लिया। हरमीत शानदार बॉलिग कर रहे थे और 16वें ओवर में जेसन रॉय का विकेट लेकर अपना तीसरा विकेट लिया। विकेट गिरने के बीच, होल्डन ने इस सीजन का अपना तीसरा अर्द्धशतक पूरा किया।

### ढाका कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच महबूब अली जकी का निधन

**बांग्लादेश, वार्ता।** बांग्लादेश प्रीमियर लीग टूर्नामेंट में ढाका कैपिटल्स के असिस्टेंट कोच महबूब अली जकी का शनिवार को राजशाही रॉयल्स के खिलाफ मैच से पहले मैदान पर गिरने के बाद निधन हो गया। जकी 59 वर्ष के थे। यहां सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में जब कैपिटल्स की टीम मैच से पहले की तैयारी कर रही थी। इसी दौरान जकी मैदान पर गिर गए। उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल ले जाने से पहले टीम के सदस्य व चिकित्सकों द्वारा सीपीआर दिया गया। उन्हें अल हरमैन अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बीसीबी के मुख्य फिजिशियन देबाशीष चौधरी ने जकी के निधन की पुष्टि की। ढाका टीम के अधिकारियों ने बताया कि घटना से पहले जकी ने किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्या की शिकायत नहीं की थी।

# बेन स्टोक्स, जो रूट ने इंग्लैंड के 'बहादुर' जवाब की तारीफ की

**मेलबर्न, वार्ता।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और सीनियर बल्लेबाज जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया पर मेलबर्न में बॉक्सिग डे टेस्ट में अपनी ऐतिहासिक जीत में साहस और बहादुरी दिखाने के लिए अपनी टीम की तारीफ की और बताया कि चौथे टेस्ट से पहले मुश्किल हालात में टीम ने कैसे जवाब दिया।

रूट ने फॉक्स क्रिकेट को एक साइडलाइन इंटरव्यू में कहा कि जाहिर है, सीरीज हारना हमेशा बहुत निराशाजनक होता है, लेकिन मुझे लगता है कि यह बहुत जरूरी था कि हमने बाकी सीरीज के लिए बहुत ज्यादा हिम्मत दिखाई। रूट ऑस्ट्रेलिया में इंग्लैंड के 18 टेस्ट में से 17 में खेले थे। इस टीम पर बहुत कुछ फेंका गया है और जिस तरह से हमने इन दो दिनों में जवाब दिया है, वह शानदार रहा है। साफ तौर पर यह

### ● रूट ने फॉक्स क्रिकेट को एक साइडलानइ इंटरव्यू में कहा कि जाहिर है कि सीरीज हारना हमेशा बहुत निराशाजनक होता है

एक बहुत तेज टेस्ट मैच था, जिस पिच पर हमें खेलने का मौका मिला, लेकिन मुझे लगता है कि हमने जितना हो सका, उसके हिसाब से खुद को ढाला और जब भी मौका मिला, उसका फायदा उठाया। हमने आज बल्ले से चीजों को जिस तरह से संभाला, उसमें थोड़ी बहादुरी दिखाई और यही वजह है कि हमने टेस्ट मैच जीता। आप उनसे यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वे आपको यह आसानी से दे देंगे। जैसा कि मैंने कहा, मैं यहां कई बार गलत नतीजे का सामना कर चुका हूं, इसलिए आपको पता होता है कि क्या उम्मीद करनी है। आपको पता है कि ऑस्ट्रेलिया अपनी परिस्थितियों में कितना अच्छा है। लेकिन आज हम मैच जीतने में कामयाब रहे, यह बहुत बढ़िया है और उम्मीद है कि हम इस हफ्ते और अगले हफ्ते भी इसमें सुधार कर पाएंगे। स्टोक्स ने भी यही बात दोहराई और बताया कि टेस्ट से पहले टीम के आसपास इतना शोर होने के बावजूद टीम कैसे फोकस्ड रही, जिसमें उनके नूसा ट्रिप पर सवाल, बेन डकेट से जुड़ा एक लीक हुआ वीडियो जिसकी वजह से ईसीबी की जांच हुई, और एक ऐसे मुकाबले में 3-0 से सीरीज हारने का दबाव शामिल था जिसके प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद थी। स्टोक्स ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि इस मैच से पहले के कुछ दिनों में हमारे सामने काफी कुछ आया। इतनी सारी चीजों के बावजूद यहां आकर वैसा प्रदर्शन करना जैसा हमने किया।

# 2025 में भारतीय महिलाओं ने हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धियां

## क्रिकेट, हॉकी, डेफलिपिक्स, पैरा खेलों व अन्य वैश्विव मंच के खेलों में कामयाबी के साथ साल का समापन किया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिलाओं ने क्रिकेट, हॉकी, डेफलिपिक्स, पैरा खेलों तथा अन्य वैश्विक मंच के खेलों में कई ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ 2025 का समापन किया। एकदिवसीय क्रिकेट, शतरंज और मुक्केबाजी में विश्व खिताब से लेकर हॉकी में महाद्वीपीय सफलता और ब्लाइंड महिला क्रिकेट में एक ऐतिहासिक पहली उपलब्धि तक, भारतीय महिला खिलाड़ियों ने न केवल पदक जीते बल्कि देश भर में महिलाओं के खेल के दायरे और पहचान का भी विस्तार किया। इस वर्ष आखिर में हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से हराकर अपना पहला आईसीसी महिला एकदिवसीय विश्व कप खिताब जीता। देश में इस खेल के लिए यह एक निर्णायक क्षण था। व्यक्तिगत तौर पर, स्मृति मंधाना ने अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में चार हजार रन बनाने के लैंडमार्क पार किया, ऐसा करने वाली वह पहली भारतीय महिला बनीं और इससे भारतीय महिला क्रिकेट में बढ़ती गहराई, निरंतरता और पेशेवर प्रवृति को देखी गई। इसके अलावा भारतीय दृष्टिबाधित महिला टीम ने कोलंबो में खेले गए पहले ब्लाइंड महिला टी-20 विश्व कप में नेपाल को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दीपिका टीसी की अगुवाई में भारतीय दृष्टिबाधित टीम ने छह देशों नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका, आस्ट्रेलिया और अमेरिका के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया और 23 नवम्बर को कोलंबो में खेले गए फाइनल में शानदार जीत दर्ज की। भारतीय महिला टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। इस मैच में उन्होंने महिला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली तीसरी खिलाड़ी बनने की उपलब्धि के साथ इसी प्रारूप में एक हजार रन और 150 विकेट का डबल पूरा करने का भी कारनामा किया। वह इस प्रारुप में (महिला, पुरुष) दोनों में यह कारनामा करने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर है। इस साल की सबसे बड़ी व्यक्तिगत उपलब्धियों में से एक शतरंज में मिली, जहां दिव्या देशमुख ने जुलाई में फिडे महिला विश्व कप जीतकर इतिहास रचते हुए यह प्रतिष्ठित वैश्विक खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। उनकी जीत ने विश्व शतरंज में भारत के बढ़ते दबदबे को फिर से साबित किया और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाली महिला खिलाड़ियों की नई पीढ़ी के उदय को भी दिखाया। भारतीय महिला मुक्केबाजों ने विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में अपना दबदबा बनाए

## संक्षिप्त समाचार

### सीरिया में शिया मस्जिद पर हुए घातक हमले की व्यापक निंदा

**न्यूयॉर्क।** पश्चिमी सीरिया के शहर होम्स शहर में एक शिया मस्जिद पर हुए आतंकवादी हमले की विश्वभर में निंदा हो रही है। इसमें आठ लोग मारे गए हैं और अन्य 18 घायल हुए हैं। शुक्रवार की नमाज के दौरान होम्स की अली बिन अबी तालिब मस्जिद में हुए विस्फोट की जिम्मेदारी सराया अंसार अल-सुन्ना नामक एक आतंकवादी संगठन ने ली है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस की ओर से प्रवक्ता ने एक बयान जारी किया गया। बयान में बम विस्फोट की निंदा की गई है और कहा कि महासचिव दो. हराया कि नागरिकों और धार्मिक स्थलों पर हमले अस्वीकार्य हैं।

### कंबोडिया-थाईलैंड का संघर्ष विराम पर ऐतिहासिक समझौता

**नामपेन्ह।** कंबोडिया और थाईलैंड ने सीमा पर जारी तनाव को समाप्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए शनिवार दोपहर से तत्काल और पूर्ण संघर्ष विराम लागू करने पर सहमति व्यक्त की है। स्थानीय मीडिया के अनुसार दोनों देशों ने 'तीसरी विशेष सामान्य सीमा समिति' की बैठक के बाद एक संयुक्त वक्तव्य जारी करके यह सहमति जाहिर की। यह समझौता कंबोडिया के प्रुम और थाईलैंड के बान पाक कार्ड अंतर्राष्ट्रीय प्रवेश बिंदु पर हुआ। इसकी अध्यक्षता कंबोडिया के रक्षा मंत्री जनरल तेह सेहा और थाईलैंड के रक्षा मंत्री जनरल नत्तफॉन नार्कफनित ने की।

### मलेशिया के पूर्व पीएम नजीब को 15 साल जेल की सजा

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के पूर्व प्रधानमंत्री नजीब रजाक को 1मलेशिया डेवलपमेंट बरहाद (1एमडीबी) से जुड़े एक मामले में भ्रष्टाचार का दोषी ठहराया गया और 15 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। नजीब पर देश के उच्च न्यायालय ने 11.4 बिलियन रिंगिट (2.82 बिलियन अमेरिकी डॉलर) का जुर्माना भी लगाया है, जो उनके द्वारा ली गई रिश्वत की रकम की पांच गुनी है। नजीब को धनशोधन मामले में 21 अतिरिक्त आरोपों के लिए पांच साल जेल की सजा सुनाई गई है। धनशोधन के लिए कोई जुर्माना नहीं लगाया गया है।

### तुर्की ने हिरासत में लिए 156 संदिग्ध मानव तस्कर

**इस्तांबुल।** तुर्की के गृह मंत्री अली एरलिकाया ने कहा है कि पिछले दो हफ्तों में 14 प्रांतों में चलाए गए अभियानों में मानव तस्करी के 156 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। यरलिकाया ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी एक बयान में कहा कि 112 संदिग्धों को जेल में डाल दिया गया है, जबकि अन्य 44 पर 'न्यायिक नियंत्रण उपाय' लागू किए गए हैं। ये अभियान जेंडरमेरी जनरल कमांड के प्रवासी तस्करी और मानव तस्करी से निपटने वाले विभाग ने समन्वित किए थे।

# 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर भारत

## ब्रिटिश पीएम स्टार्मर ने संसद में किया दावा, अगले साल सीईटीए को ब्रिटिश संसद की मंजूरी संभावित

**लंदन/वेलिंगटन।** भारत-ब्रिटेन के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर पिछले चार वर्षों से काम जारी था और यह 2025 में आकार ले सका। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने संसद में कहा भारत वैश्विक मंच पर एक उभरती ताकत है और 2028 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की राह पर है।

इसके साथ ही ब्रिटिश पीएम ने कहा-व्यापार और निवेश से आगे द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा देने के लिए 'विजन 2035' समझौते पर भी सहमति बनी। एफटीए को लेकर वार्ताएं वर्ष के ज्यादातर समय सुर्खियों में रहीं। दोनों पक्ष समझौते के लिए प्रतिबद्ध दिखे और जुलाई में पीएम नरेंद्र मोदी के ब्रिटेन दौरे पर औपचारिक हस्ताक्षर किए गए। ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने मोदी से हुई द्विपक्षीय चर्चा के बाद कहा कि हमने दुनिया की तेज अर्थव्यवस्था भारत के साथ ऐतिहासिक समझौता किया है। उन्होंने अक्तूबर में अब तक के सबसे बड़े ब्रिटिश व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत यात्रा का निमंत्रण भी स्वीकार किया। 2025 में दोनों देशों के महत्वाकांक्षी व भविष्य-उन्मुख 10 वर्षीय भारत-ब्रिटेन विजन 2035 रोडमैप को भी रखा गया। यह दीर्घकालिक सहयोग और नवाचार के रणनीतिक लक्ष्य तय करता है। ब्रिटेन के उच्च शिक्षा क्षेत्र की भारत में बढ़ती मौजूदगी भी नए वर्ष से फलीभूत होगी।

नौ ब्रिटिश विवि भी भारत में अपने विदेशी परिसरों को अंतिम रूप दे रहे हैं। ब्रिटेन के व्यापार एवं वाणिज्य विभाग (डीबीटी) के विश्लेषण के अनुसार, व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए) लागू होने पर द्विपक्षीय व्यापार मौजूदा 44.1 अरब पाउंड से बढ़कर कई अरब पाउंड से अधिक हो सकता है। उम्मीद है कि 2026 की पहली छमाही में समझौते को ब्रिटिश संसद की मंजूरी मिल जाएगी, जिसका दोनों देशों को परस्पर लाभ होगा। हालिया आंकड़ों के अनुसार, अध्ययन वीजा पर करीब 45000 भारतीय और कामकाजी वीजा पर 22000 पेशेवर देश से बाहर गए, जिससे वहां शुद्ध आव्रजन में कमी आई। स्थायी निवास के लिए प्रतीक्षा अवधि को बढ़ाकर 10 वर्ष करने जैसे सख्त नियमों से यह रुझान आगे भी बना रह सकता है।

भारत-ब्रिटेन संबंधों में आतंकवाद के खिलाफ साझा प्रतिबद्धता भी प्रमुख रही। नवम्बर में दिल्ली में हुए आतंकी हमले पर ब्रिटेन ने संवेदना जताई और अप्रैल में कश्मीर के पहलगाम हमले के बाद कूटनीतिक समाधान का आह्वान किया। दूसरी ओर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने भारत के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते की तारीफ की है और इसे अपनी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि और भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। हालांकि उनकी ही सरकार के विदेश मंत्री ने इस व्यापार समझौते पर कड़ी आपत्ति जताई थी। लक्सन ने कहा कि हमने अपने पहले कार्यकाल में भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने का वादा किया था और हमने उसे पूरा किया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों वाला बाजार उपलब्ध होने से ज्यादा नौकरियां, अच्छी कमाई और बेहतर निर्यात की राह खुलेगी। यह उनकी सरकार के व्यापक एजेंडे का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य बुनियादी चीजों को ठीक करना और भविष्य का निर्माण करना है। हालांकि भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर न्यूजीलैंड की सरकार के बीच ही मतभेद हैं। विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने इस समझौते की आलोचना की और इसकी निष्पक्षता पर सवाल खड़े किए थे। पीटर्स ने कहा था कि न्यूजीलैंड ने पर्याप्त लाभ लिए बिना बहुत कुछ दे दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि न्यूजीलैंड सरकार ने जल्दबाजी में इस समझौते पर सहमति दी है। इस समझौते के तहत अगले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार दोगुना हो सकता है। समझौते के तहत भारत में अगले 15 वर्षों में 20 अरब डॉलर का निवेश हो सकता है। हाल ही में भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) ने भारतीय निर्यातकों के लिए एक नया अवसर खोला है।



**न्यूजीलैंड के पीएम प्रधानमंत्री लक्सन ने भारत के साथ व्यापार समझौते को बताया ऐतिहासिक**

## कनाडा में भारतीय दूतावास की अहम पहल

**संकटग्रस्त महिलाओं के लिए 'वन स्टाप सेंटर' की शुरुआत**

**टोरंटो।** कनाडा में रह रही भारतीय महिलाओं की मदद के लिए टोरंटो में भारत का वाणिज्य दूतावास ने एक अहम कदम उठाया है। भारतीय वाणिज्य दूतावास ने 'वन स्टाप सेंटर फार वूमन (ओएससीडब्ल्यू)' की स्थापना की है, जो खास तौर पर संकट में फंसी भारतीय पासपोर्ट धारक महिलाओं को सहायता देगा। यह केंद्र उन महिलाओं की मदद करेगा जो घरेलू हिंसा, शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, पति की तरफ से छोड़े जाने, शोषण, कानूनी परेशानियों जैसी समस्याओं का सामना कर रही हैं। दूतावास ने इसके साथ 24 घंटे, सात दिन काम करने वाली हेल्पलाइन भी शुरू की है, ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सके। वन स्टाप सेंटर के तहत महिलाओं को तुरंत काउंसलिंग (मानसिक व भावनात्मक सहायता), मनो-सामाजिक सहयोग, कानूनी सलाह और सहायता से जोड़ना, कनाडा में उपलब्ध सामाजिक और सामुदायिक सेवाओं तक पहुंच जैसी सुविधाएं दी जाएंगी। भारतीय मिशन ने साफ किया है कि केंद्र की पूरी कार्यप्रणाली कनाडा के स्थानीय कानूनों के दायरे में रहकर ही की जाएगी। इस केंद्र को एक महिला सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर चलाएंगी, जो यह सुनिश्चित करेंगी कि पीड़ित महिलाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और समग्र सहायता मिले। जरूरतमंद महिलाओं को दी जाने वाली वित्तीय सहायता 'मीन्स टेस्ट' (आर्थिक स्थिति के आधार) पर होगी और यह भारत सरकार के नियमों के अनुसार दी जाएगी। इसके लिए एक फोन नंबर +1(437) 552 3309 और ई-मेल: वेब. जवतवदजव/उमं.हवअ.पद जारी किया गया है। भारतीय मिशन की वेबसाइट पर एक अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न सेक्शन भी दिया गया है, जिसमें बताया गया है कि विद‌ेश में रहने वाली भारतीय महिलाओं को धोखा, उत्पीड़न या छोड़े जाने की स्थिति में भारतीय अधिकारी किस तरह मदद कर सकते हैं और किन मामलों में उनकी सीमाएं क्या हैं।

# बांग्लादेश के स्कूल कॉन्सर्ट में भीड़ का हमला

## ईंट-पत्थर और कुर्सियां फेंकी, स्कूली छात्र समेत 20 घायल, जबरन घुसने से रोकने पर भड़का दंगा

**ढाका।** बांग्लादेश के फरीदपुर जिले में शुक्रवार की रात डिस्ट्रिक्ट स्कूल की 185वीं एनिवर्सरी के समापन समारोह के दौरान हिंसा हो गई। वहां मशहूर राक सिंगर जेम्स (नगर बाउल) का कान्सर्ट होना था, इससे ठीक पहले भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया। घटना रात करीब 9:30 बजे हुई, जब जेम्स मंच पर आने वाले थे।

आयोजकों के अनुसार, कुछ बाहरी लोग जबरन कार्यक्रम स्थल में घुसने की कोशिश कर रहे थे। रोकने पर उन्होंने ईंट-पत्थर और कुर्सियां फेंकना शुरू कर दिया और मंच की ओर बढ़ने लगे। इसके बाद प्रशासन के निर्देश पर कान्सर्ट रद्द कर दिया गया। घटना में 20 लोग घायल हो गए। इनमें ज्यादातर छात्र हैं। मौके पर मौजूद छात्रों और स्वयंसेवकों ने स्थिति संभालने की कोशिश की, जिसके बाद हमलावर पीछे हटे। स्थिति बेकाबू होते देख फरीदपुर जिला प्रशासन ने हस्तक्षेप किया। रात करीब 10 बजे आयोजन समिति के संयोजक डा. मुस्तफिजुर रहमान शमीम ने मंच से ऐलान किया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला उपायुक्त के निर्देश पर जेम्स का कान्सर्ट रद्द किया जा रहा है। जेम्स और उनके बैंड सदस्यों को सुरक्षा घेरे में सुरक्षित बाहर निकाला गया। किसी कलाकार को चोट नहीं लगी। वर्षगांठ कार्यक्रम के प्रचार और मीडिया उप-समिति के संयोजक राजिबुल हसन खान ने कहा कि हमने जेम्स के कान्सर्ट को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारियां की थीं, लेकिन इस अचानक हमले से हम सभी हैरान हैं। हमें नहीं पता कि यह हमला किसने और क्यों किया। उन्होंने आगे कहा कि स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए कार्यक्रम रोकना पड़ा। फरीदपुर जिला स्कूल इस क्षेत्र के सबसे पुराने सरकारी संस्थानों में से एक है, जिसकी स्थापना 1840 में ब्रिटिश शासन के दौरान हुई थी। पुलिस ने इलाके में भारी सुरक्षाबल तैनात किया है और स्थिति को नियंत्रण में लिया है, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी की खबर नहीं आई। हाल के समय में कई कलाकारों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर इसी तरह के हमले हो चुके हैं, जिससे कलाकारों की सुरक्षा और अभिव्यक्ति की आजादी पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कुछ दिन पहले ढाका के प्रसिद्ध सांस्कृतिक संस्थान छायानट पर भीड़ ने हमला किया। हमलावरों ने छह मंजिला इमारत में घुसकर तोड़फोड़ की, कई कमरों में आग लगा दी और लूटपाट की। संस्थान के अनुसार, म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट जैसे तबला, हारमोनियम, वायलिन आदि क्षतिग्रस्त हुए या लूट लिए गए, फर्नीचर तोड़ दिया गया, सीसीटीवी कैमरे नष्ट कर दिए गए और कुछ सर्वर को आग के हवाले कर दिया गया।



**मशहूर राक सिंगर जेम्स का कान्सर्ट होना था, इससे ठीक पहले भीड़ ने पथराव शुरू कर दिया**

## कश्मीर में हिमपात, हाड कंपाने वाली बढ़ी ठंड

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में कश्मीर घाटी में एक बार फिर से हिमपात और बारिश के पूर्वानुमान के बीच रात में ठंड और बढ़ गई है। मौसम विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। विभाग के प्रवक्ता के अनुसार, घाटी में आज से 29 दिसम्बर तक आंशिक तौर पर बादल छाए रहने और शुष्क मौसम रहने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि 30 दिसम्बर को आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर हल्का हिमपात या फिर बारिश हो सकती है। इसके बाद 31 दिसम्बर से एक जनवरी तक आम तौर पर बादल छाए रहने के साथ कई स्थानों पर हल्की बर्फबारी या बारिश हो सकती है, जबकि इस अवधि के दौरान उत्तरी और मध्य कश्मीर के पहाड़ी क्षेत्रों में मध्यम हिमपात होने का अनुमान है। प्रवक्ता ने कहा कि दो जनवरी को सामान्यतः बादल छाए रहने के आसार है और इस दौरान कुछ स्थानों पर हल्का हिमपात और बारिश होने का अनुमान जताया गया है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर ईशनिंदा से जुड़े 71 हमले

**सभी में एक जैसा पैटर्न अपनाया गया, पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर भीड़ का हिंदू इलाकों पर हमला**

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ ईशनिंदा यानी धर्म का अपमान करने के आरोपों से जुड़े मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। जून से दिसम्बर 2025 के बीच ऐसे कम से कम 71 मामले दर्ज किए गए हैं। यह जानकारी बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों पर काम करने वाले संगठन 'ह्यूमन राइट्स कांग्रेस फार बांग्लादेश माइनारिटीज' की रिपोर्ट में सामने आई है। मानवा. धिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमले के लिए हर बार एक ही तरह का तरीका अपनाया जा रहा है। पहले सोशल मीडिया पर आरोप, फिर तुरंत गिरफ्तारी, उसके बाद भीड़ का इकट्ठा होना और हिंदू इलाकों पर हमला। अब ईशनिंदा के आरोप डर फैलाने और अल्पसंख्यकों को दबाने का हथियार बनते जा रहे हैं। ये घटनाएं देश के 30 से ज्यादा जिलों में फैली हुई हैं। रंगपुर, चांदपुर, चटगांव, दिनाजपुर, खुलना, कुमिल्ला, गाजीपुर, टांगाइल और सिलहट जैसे कई इलाकों में ऐसे मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इतनी बड़ी संख्या में एक जैसे मामले होना यह दिखाता है कि यह सिर्फ इक्का-दुक्का घटनाएं नहीं हैं, बल्कि अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का एक चलन बनता जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, जैसे ही किसी पर ईशनिंदा का आरोप लगता है, पुलिस तुरंत कार्रवाई करती है, लेकिन उसके साथ ही इलाके में भीड़ इकट्ठा हो जाती है और हिंसा शुरू हो जाती है। कई बार आरोप किसी एक व्यक्ति पर होता है, लेकिन गुस्साई भीड़ पूरे हिंदू मोहल्ले को सजा देती है। बांग्लादेश में कुछ महीने पहले चटगांव में कट्टरपंथियों की भीड़ ने हिंदू मोहल्ले पर हमला किया और वहां आग लगा दी थी।



**नई दिल्ली। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खर्गे पार्टी सांसद सोनिया गांधी।**

## चीन ने 20 अमेरिकी कंपनियों और 10 अधिकारियों पर लगाए प्रतिबंध

**बीजिंग।** ताइवान को हथियारों की आपूर्ति को लेकर वाशिंगटन और बीजिंग के बीच तनाव बढ़ गया है। चीन ने हाल के वर्षों में ताइवान को हथियार बेचने में शामिल 20 अमेरिकी रक्षा कंपनियों और 10 वरिष्ठ अधिकारियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, इन जवाबी उपायों में चीन के भीतर कंपनियों और वरिष्ठ अधिकारियों की चल और अचल संपत्तियों को फ्रीज करना, चीन में संगठनों और व्यक्तियों को उनके साथ लेनदेन, सहयोग और अन्य गतिविधियों में शामिल होने से रोकना और हांगकांग और मकाऊ विशेष प्रशासनिक क्षेत्रों सहित चीन में अधिकारियों के प्रवेश पर रोक लगाना शामिल है।

# 5000 डॉक्टर-11000 इंजीनियर ने छोड़ा पाक!

## अपने इतिहास के सबसे बड़े प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) के दौर से गुजर रहा पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इन दिनों अपने इतिहास के सबसे बड़े प्रतिभा पलायन (ब्रेन ड्रेन) के दौर से गुजर रहा है। देश की खराब आर्थिक हालत, राजनीतिक अस्थिरता और रोजगार की कमी के चलते बड़ी संख्या में पढ़े-लिखे और कुशल लोग देश छोड़ रहे हैं।

पाकिस्तान के ब्यूरो आफ इमिग्रेशन एंड ओवरसीज एम्प्लायमेंट की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले 24 महीनों में 5000 डाक्टर, 11000 इंजीनियर और 13000 अकाउंटेंट देश छोड़ चुके हैं। ये आंकड़े सामने आने के बाद सरकार और सेना नेतृत्व पर सवाल उठने लगे हैं। ऐसे में ये कहना गलत नहीं होगा कि आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान की दुनियाभर में तो थू-थू हो ही रही है। अब खुद पाकिस्तान के लोग ही शहबाज सरकार और उनकी नीतियों पर खूब सवाल खड़े कर रहे हैं। एक तरफ जहां इन आंकड़ों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूर्व पाकिस्तानी सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने शहबाज सरकार पर निशाना बनाया। वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान के 'सो काल्ड' सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसीम मुनीर का एक पुराना बयान 'ब्रेन ड्रेन' नहीं 'ब्रेन गेन' सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर खूब चर्चा में है। इतना ही नहीं यूजर्स मुनीर के इस बयान को आधार बनाकर मुनीर की खूब खिल्लियां भी उड़ा रहे है। बता दें कि पाकिस्तान के ब्यूरो आफ इमिग्रेशन एंड ओवरसीज एम्प्लायमेंट की रिपोर्ट के बाद सामने आए आंकड़े ने पाकिस्तान के लिए एक नया भूचाल ला दिया है। ऐसे में सोशल मीडिया पर सेना प्रमुख मुनीर की खूब थू-थू हो रही है। इसका कारण है कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर ने कुछ महीने पहले कहा था कि यह पलायन 'ब्रेन ड्रेन' नहीं, बल्कि 'ब्रेन गेन' है। अब जब सरकारी आंकड़े सामने आए हैं, तो सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना हो रही है। वहीं पाकिस्तान के पूर्व सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने सोशल मीडिया पर देश से हो रहे बड़े पैमाने पर प्रतिभा पलायन को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने लिखा कि पिछले 24 महीनों में पाकिस्तान से 5000 डाक्टर, 11000 इंजीनियर और 13000 अकाउंटेंट देश छोड़ चुके हैं। खोखर ने बताया कि पाकिस्तान दुनिया का चौथा सबसे बड़ा फ्रीलांसिंग हब है, लेकिन बार-बार इंटरनेट बंद होने से देश को 1.62 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है और 23.7 लाख फ्रीलांस नौकरियां खतरे में हैं।

**एक तरफ जहां इन आंकड़ों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूर्व पाक सांसद मुस्तफा नवाज खोखर ने शहबाज सरकार पर निशाना बनाया**



## इजरायल ने सोमालिलैंड को आजाद देश की मान्यता दी

**ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश, दोनों पक्षों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए**

**तेल अवीव।** इजरायल ने अफ्रीका महाद्वीप में स्थित सोमालिलैंड को औपचारिक रूप से एक स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता दे दी है। ऐसा करने वाला इजरायल दुनिया का पहला देश बन गया है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजा. मिन नेतन्याहू ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिसके तहत इजरायल और सोमालिलैंड एक-दूसरे के साथ पूरे राजनयिक संबंध स्थापित करेंगे। नेतन्याहू ने कहा कि यह कदम अमेरिका की मदद से हुए अब्राहम एकार्ड की भावना में उठाया गया है, जिनके जरिए इजरायल ने कुछ अरब देशों से रिश्ते सामान्य किए थे। उन्होंने सोमालिलैंड के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही को बधाई दी और इजरायल आने का न्योता भी दिया। सोमालिलैंड के राष्ट्रपति ने इस फैसले को ऐतिहासिक पल बताया। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी दोनों देशों के हितों को आगे बढ़ाएगी और क्षेत्र में शांति व स्थिरता लाने में मदद करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि सोमालिलैंड अब्राहम समझौतों में शामिल होने को तैयार है। इस घोषणा के कुछ ही घंटों बाद सोमालिया सरकार ने कड़ा विरोध दर्ज कराया।

# खैबर-पख्तूनख्वा के सीएम के साथ फिर मारपीट


## सुरक्षाकर्मियों ने विधानसभा में बदसलूकी, 1 महीने पहले पुलिस ने पीटा था, वीडियो सामने आया

**लाहौर।** पाकिस्तान की पंजाब विधानसभा में खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी के साथ सुरक्षाकर्मियों ने मारपीट की। उनके प्रतिनिधियों के साथ भी बदसलूकी की गई। घटना का वीडियो सामने आया है।

वीडियो में दिख रहा है कि मुख्यमंत्री अफरीदी अपने प्रति. निधियों के साथ पंजाब असेंबली में घुस रहे हैं, इस दौरान सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं, तभी उनके साथी फतेह उल्लाह बुर्की बीच में आ जाते हैं। इसके बाद अफरीदी ने बयान जारी कर कहा कि कोई भी लोकतांत्रिक सरकार ऐसा काम नहीं करती है, यह सीधे-सीधे मार्शल ला जैसा व्यवहार है। पाकिस्तान में लोकतंत्र खतरे में है। मुख्यमंत्री अफरीदी अपने प्रतिनिधियों के साथ पंजाब असेंबली में घुस रहे थे, इस दौरान सुरक्षाकर्मी उन्हें रोकने की कोशिश करते हैं।

गार्ड अफरीदी के प्रतिनिधि बुर्की के साथ मारपीट करते हैं और उन्हें धक्का देकर विधानसभा से बाहर निकालने की कोशिश करते हैं। हालांकि, अन्य अधिकारियों के बचाव में आने के बाद बुर्की को छोड़ दिया जाता है। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई है। पाकिस्तान के पंजाब में मुस्लिम लीग नून की सरकार है और नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज मुख्यमंत्री हैं। वहीं, केपी के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से हैं। घटना के बाद अफरीदी ने मीडिया से कहा कि लाहौर में हमारे कार्यकर्ताओं के साथ बुरा व्यवहार और उत्पीड़न किया जा रहा है। उनका कहना था कि पंजाब में एक नकली सरकार है, जो सिर्फ एक पार्टी को डराने और धमकाने में लगी है।

उन्होंने बताया कि चक्री और मंण्डी बहाउद्दीन में हमारे कार्यकर्ताओं के रास्ते रोके गए। उनके वाहन रोक दिए गए। कुछ कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया और सांसदों के साथ भी बदसलूकी हुई। रावलपिंडी पुलिस ने 28 नवम्बर को अफरीदी के बाल खींचे और उन्हें जमीन पर गिरा दिया था। अफरीदी 1 महीने पहले 28 नवम्बर को रावलपिंडी की अडियाला जेल में इमरान से मिलने गए थे, तब भी पुलिस ने उनके साथ मारपीट की थी।



**पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक इस दौरान किसी को कोई चोट नहीं आई है**


## बर्फीले मौसम में भीषण हादसा

**एक्सप्रेसवे पर 67 वाहनों की भिड़ंत में दो की मौत, 26 लोग घायल**

**टोक्यो।** जापान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां साल के अंत की छुट्टियों की शुरुआत के बीच शुक्रवार देर रात एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। बर्फबारी के कारण एक्सप्रेसवे पर हुए इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 26 लोग घायल हो गए।

इनमें से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह हादसा टोक्यो से करीब 160 किलोमीटर दूर गुनमा प्रांत के मिनाकामी शहर के पास कान-एत्सु एक्सप्रेसवे पर हुआ। पुलिस के मुताबिक, सबसे पहले दो ट्रकों की टक्कर हुई। इसके बाद पीछे से आ रही गाड़ियां बर्फ से ढकी सड़क पर ब्रेक नहीं लगा सकीं और एक के बाद एक कई वाहन आपस में टकरा गए। इस हादसे में 67 से ज्यादा वाहन शामिल थे। टक्कर के बाद एक्सप्रेसवे का एक हिस्सा पूरी तरह जाम हो गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हादसे के आखिरी हिस्से में आग भी लग गई, जो धीरे-धीरे एक दर्जन से ज्यादा वाहनों तक फैल गई। कुछ गाड़ियां पूरी तरह जल गईं। राहत की बात यह रही कि आग से किसी के घायल होने की खबर नहीं है। दमकल विभाग ने करीब सात घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मामले में पुलिस ने बताया कि हादसे में मरने वाली महिला की उम्र 77 साल थी और वह टोक्यो की रहने वाली थीं। जिस समय यह दुर्घटना हुई, उस वक्त इलाके में भारी बर्फबारी की चेतावनी जारी थी।


# अलविदा 2025


धुरंधर





गलवान


देवा

# सबसे अधिक कमाई करने वाली हिन्दी फिल्म बनी धुरंधर

**मुंबई।** 2025 बॉलीवुड के लिए काफी बेहतरीन साल साबित हुआ। इस वर्ष प्रदर्शित फिल्म धुरंधर ने भारतीय बाजार में धमाकेदार कमाई कर हिदी फिल्मों में सबसे अधिक कमाई का रिकार्ड बना लिया वहीं, छावा ने भी सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए।

2025 में एक्शन, रोमांटिक, कॉमेडी, थ्रिलर, सस्पेंस, और हॉरर हर जॉनर की फिल्मों ने दर्शकों का मनोरंजन किया। इस वर्ष प्रदर्शित फिल्म धुरंधर ने बॉक्स ऑफिस पर धुंआधार कमाई की। फिल्म धुरंधर ने शाहरुख खान की फिल्म जवान की कमाई का रिकार्ड तोड़ कर भारतीय बाजार में सबसे अधिक कमाई करने वाली हिदी फिल्म का रिकार्ड अपने नाम कर लिया। शाहरुख खान की फिल्म जवान ने भारतीय बाजार में 640 करोड़ रुपए की कमाई की थी। बॉलीवुड स्टार रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 5 दिसम्बर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म धुरंधर को रिलीज हुए 22 दिन हो गए हैं। फिल्म धुरंधर ने अब तक भारतीय बाजार में 648 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म धुरंधर विदेशों में कामयाबी का डंका बजा रही है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाईड 1000 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है।

फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह के अलावा अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर माधवन जैसे सितारे हैं।यह हाई-ऑक्टेन एक्शन-थ्रिलर आदित्य धर द्वारा लिखित, निर्देशित और निर्मित है, और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे और लोकेश धर ने किया है। जियो स्टूडियोज़ द्वारा प्रस्तुत, बी 62 स्टूडियोज़ के प्रोडक्शन और सारेगामा के सहयोग से बनी फिल्म धुरंधर में रणवीर सिंह ने हमजा अली मजारी नाम के जासूस का किरदार निभाया है, जो कराची के गैंग में घुसकर आतंकियों को मदद करने वाले नेटवर्क को खत्म करने का काम करता है। अक्षय खन्ना ने इस फिल्म में गैंगस्टर रहमान डकैत का रोल निभाया। इस किरदार में अक्षय खन्ना छा गए। पर्दे पर अक्षय खन्ना का स्वैग, डांस, एक्शन दिखा। अक्षय खन्ना के किरदार को दर्शकों ने बेहद पसंद किया।

2025 में ही प्रदर्शित फिल्म छावा ने भी बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की। फिल्म छावा ने भी भारतीय बाजार में 600 करोड़ रुपए की कमाई की है। छावा को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गोवा में टैक्स फ्री किया गया था। मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनीं फिल्म छावा 14 फरवरी को रिलीज हुई। इस फिल्म में विक्की कौशल , रश्मिका मंदाना और अक्षय खन्ना की अहम भूमिका है। इस फिल्म की कहानी छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज के इर्द गिर्द घूमती है।

फिल्म छावा में विक्की कौशल, महान मराठा योद्धा छत्रपति संभाजी महाराज की भूमिका में हैं, वहीं रश्मिका मंदाना संभाजी महाराज की पत्नी एसूबाई की भूमिका में हैं।वहीं अक्षय खन्ना ने औरंगजेब का किरदार निभाया है। इस फिल्म ने वर्ल्डवाईड धमाकेदार कमाई की। दुनिया भर में फिल्म छावा ने 800 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है।

इस वर्ष में धुरंधर और छावा जैसी कई फिल्मों ने सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए, वहीं फ्लॉप फिल्मों की भी कमी नहीं रही। बड़े बजट और बड़े सितारों वाली कई फिल्में एक-एक कर बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम होती गई, जिसकी सूची काफी लंबी है। इनमें फतेह, इमरजेंसी,आजाद,देवा, सिकंदर, ग्रांउड जीरो, द भूतनी, केसरी वीर, मां,सन ऑफ सरदार 2, बागी 4, दे दे प्यार दे 2, 120 बहादुर, मस्ती 4 समेत कई फिल्में शामिल हैं। बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता सोनू सूद की फिल्म फतेह 10 जनवरी को रिलीज हुई।फिल्म फतेह सोनू सूद के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है। शक्ति सागर प्रोडक्शंस की सोनाली सूद और ज़ी स्टूडियो के उमेश केआर बंसल निर्मित और अजय धामा सह-निर्मित और फिल्म फतेह साइबर अपराध के खिलाफ लड़ाई की एक मनोरंजक एक्शन कहानी है। इस फिल्म में सोनू सूद के साथ जैकलीन फर्नांडीज, विजय राज और नसीरुद्दीन शाह की भी अहम भूमिका है।फिल्म फतेह बॉक्स ऑफिस पर कोई करिश्मा नहीं दिखा सकी। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी, 17 जनवरी को रिलीज हुई।ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, इमरजेंसी की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आंई। फिल्म इमरजेंसी में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कंगना ने इमरजेंसी में अभिनय करने के साथ ही फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी किया है। फिल्म इमरजेंसी बॉक्स ऑफिस पर ढ़ेर हो गई। बॉलीवुड स्टार अजय देवगन की फिल्म आजाद भी 17 जनवरी को रिलीज हुई। अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन और रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी ने फिल्म आजाद से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया।अभिषेक कपूर निर्देशित फिल्म आजाद का निर्माण रोनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर ने किया है। फिल्म आजाद बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गई। अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फ़ोर्स 24 जनवरी को रिलीज हुई। फिल्म स्काईफोर्स का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है जबकि इसका निर्माण मैडॉक फिल्म्स के तहत दिनेश विजन और अमर कौशिक और जियो स्टूडियोज़ के तहत ज्योति देशपांडे ने किया है। इस फिल्म में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर , सारा अली खान और वीर पहाड़िया हैं। यह फिल्म 1965 के भारत-पाकिस्तान हवाई युद्ध में पाकिस्तान के सरगोधा एयरबेस पर भारत के जवाबी हमले पर आधारित है। फिल्म स्काई फ़ोर्स ने भारतीय बाजार में 113 करोड़ की कमाई कर औसत सफलता हासिल की। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की फिल्म देवा, 31 जनवरी को रिलीज हुई।जाने माने मलयालम फिल्म निर्देशक रोशन एंड्रयूज निर्देशित और ज़ी स्टूडियोज़ और सिद्धार्थ रॉय कपूर निर्मित फिल्म देवा में शाहिद कपूर के अलावा पूजा हेगड़े की भी अहम भूमिका है। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर नकार दी गई। आमिर खान के बड़े बेटे जुनैद खान की दूसरी फिल्म लवयापा सात फरवरी को रिलीज हुई।अद्वैत चंदन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में श्रीदेवी-बोनी कपूर की पुत्री खुशी कपूर की भी अहम भूमिका है। फिल्म लवयापा को दर्शकों का प्यार नहीं मिला। हिमेश रेशमिया अभिनीत बैडएस रवि कुमार भी सात फरवरी को रिलीज हुई। यह फिल्म हिमेश रेशमिया की ही फिल्म द एक्सपोज़ का स्पिन-ऑफ है।कीथ गोम्स द्वारा निर्देशित, बैडएस रवि कुमार में हिमेश रेशमिया के अलावा कीर्ति कुल्हारी, प्रभु देवा, सनी लियोनी, संजय मिश्रा और जॉनी लीवर जैसे कलाकारों ने अहम किरदार निभाए हैं। बैडएस रवि कुमार बॉक्स ऑफिस पर अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर सकी।






# सोनाली बेंद्रे ने की शो इत्ती सी खुशी की टीम की सराहना

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने इंडियन टेलीविजन अकादमी आईटीए 2025 में सोनी सब के इत्ती सी खुशी के बेस्ट शो ड्रामा जीतने पर शो की टीम की सराहना की है। सोनी सब के प्रशंसित पारिवारिक ड्रामा इत्ती सी खुशी ने (आईटीए) अवॉर्ड्स 2025 में बेस्ट शो-ड्रामा का खिताब जीतकर चैनल और शो की क्रिएटिव टीम के लिए एक अहम उपलब्धि हासिल की है। सुम्बुल तौकीर खान, वरुण बडोला, रजत वर्मा और ऋषि सक्सेना की अहम भूमिकाओं से सजा यह शो अपनी सधी हुई, भावनात्मक रूप से जुड़ी कहानी कहने के अंदाज के लिए व्यापक रूप से सराहा गया है। इत्ती सी खुशी एक ऐसे परिवार की कहानी है, जो भावनात्मक जख्मों, अधूरे अतीत और भरने की नाजुक प्रक्रिया से गुजर रहा है। रोजमर्रा की सच्चाइयों में रचा-बसा यह शो यह दिखाता है कि प्यार, नुकसान और अनकही तनातनियां माता-पिता, बच्चों, भाई-बहनों और जीवनसाथियों के रिश्तों को कैसे आकार देती हैं। बड़े नाटकीय उतार-चढ़ाव पर निर्भर रहने के बजाय, इसकी कहानी छोटे लेकिन सच्चे जुड़ाव के पलों में अपनी ताकत तलाशती है-यह याद दिलाते हुए कि खुशियां अक्सर बड़े समाधान में नहीं, बल्कि छोटे-छोटे हिस्सों में मिलती हैं। लेखन की गहराई और कलाकारों की सूक्ष्म अदाकारी के साथ यह जमीनी दृष्टिकोण दर्शकों और समीक्षकों दोनों के दिल को छू गया है। इस जश्न में शामिल होते हुए शो के निर्माता गोल्डी बहल की पत्नी और अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने इंस्टाग्राम पर टीम की सराहना की और इस जीत को शो के पीछे लगे दिल और मेहनत का सच्चा प्रतिबिब बताया। अपनी पोस्ट में सोनाली बेंद्रे ने लिखा, गोल्डीबहल और पूरी इत्ती सी खुशी टीम पर बहुत गर्व है। यह अवॉर्ड वाकई शो के पीछे की भावना और मेहनत का जश्न मनाता है। इस जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए, शो में मुख्य किरदार अन्विता निभाने वाली सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, इत्ती सी खुशी ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कही गई कहानी है और यह अवॉर्ड उसी मंशा की पहचान जैसा लगता है। हर अभिनेता, लेखक और तकनीशियन ने इस शो को भावनात्मक सच्चाई के साथ बनाया। सोनी सब, पूरी टीम और उन दर्शकों का मैं आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने हमारी दुनिया से इतनी गहराई से जुड़ाव महसूस किया।

## श्रद्धा कपूर संग 25 सालों की समृद्ध विरासत का जश्न मना रही बिस्क फार्म

**मुंबई।** स्वदेशी बिस्किट ब्राण्ड्स , बिस्क फार्म बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री- सुपरस्टार श्रद्धा कपूर के साथ हाथ मिलाकर अपनी 25 सालों की समृद्ध विरासत का जश्न मना रहा है। अपने आकर्षण, बहुमुखी व्यक्तित्व और हर उम्र के दर्शकों के साथ मजबूत कनेक्शन के लिए विख्यात श्रद्धा कपूर- ब्राण्ड के मूल्यों की तरह- परम्परा और आधुनिकता का बेहतरीन संयोजन हैं। फिल्म में श्रद्धा कपूर अपने मी टाईम का आनंद उठाती हुई दिखाई देती हैं, जहां वे डांस के घरिए अपने सर्वश्रेष्ठ क्रिएटिव रूप को दिखाती हैं। दुनिया की परवाह किए बिना अपने घेन में खो जाती हैं।

